04 अगस्त 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | वर्ष-31, अंक- 288, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

नागेंद्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांग रागाय महेश्वराय
नित्याय शुद्धाय दिगंबराय तस्मे न काराय नमः शिवायः॥



सावन का आखिरी सोमवार

**एक नजर**

### पाक खिलाड़ियों के डब्ल्यूसीएल में हिस्सा लेने पर पीसीबी ने लगाई रोक

**लहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) को लेकर अहम घोषणा की है। बोर्ड ने कहा है कि भविष्य में इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान हिस्सा नहीं लेगा। लाहौर में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की एक बैठक के बाद पीसीबी ने एक बयान जारी कर डब्ल्यूसीएल पर दोहरा और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि वो भविष्य में इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेज सकता। पीसीबी इस बात से नाराज है कि भारत की टीम के साथ पाकिस्तान का ग्रुप मैच नहीं खेला गया था, लेकिन इसके बाद भी भारतीय टीम को अंक दिए गए। इससे पहले शनिवार, दो अगस्त को बर्मिंघम में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को नौ विकेट से हराया था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित 20 ओवरों में 196 रनों का लक्ष्य दिया था जो उसने केवल एक विकेट खोकर हासिल कर लिया था। टी-20 मैचों की इस प्राइवेट क्रिकेट लीग में छह टीमें शामिल हैं जिनमें दुनिया के अलग-अलग मुल्कों के पूर्व क्रिकेटर्स खेलते हैं। पीसीबी के जारी किए बयान के अनुसार, बैठक में डब्ल्यूसीएल के दोहरे मानदंडों और पक्षपातपूर्ण रवैये पर गहरी निराशा और कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




गुमला के बेटे ने किया झारखंड का नाम रोशन

# कृष्ण टाना भगत भारतीय अंडर-16 क्रिकेट टीम में चयनित

- विद्यालय में खुशी की लहर, मिल रही बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुमला जिले के खिलाड़ियों ने देश-विदेश में झारखंड का नाम रोशन किया है। यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इन्हीं खिलाड़ियों में अब एक और नाम जुड़ गया है और वह है कृष्ण टाना भगत। गुमला शहर के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 14 वर्षीय छात्र कृष्ण टाना भगत का चयन भारतीय अंडर-16 क्रिकेट टीम में हुआ है। कृष्ण की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और छात्र दोनों बेहद खुश हैं।



कृष्ण को बचपन से ही क्रिकेट से गहरा लगाव था। उसके माता-पिता ने हमेशा उसे क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। दिसंबर 2024 में उसे ट्रायल के लिए रांची बुलाया गया था, जिसके बाद उसका चयन बैट्समैन के रूप में हुआ। फिलहाल कृष्णा सिसई के महुआडीपा में अपने एक दोस्त के साथ भाड़े के मकान में रह रहा है और प्रतिदिन बस से स्कूल आता-जाता है। शाम को वह शहर के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में कोच ज्ञान सर के मार्गदर्शन में प्रैक्टिस करता है। कृष्ण के भारतीय टीम में चयन को लेकर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है। लोगों ने उसे बधाइयां दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**पिता हिमाचल प्रदेश में करते है वेल्डिंग का काम**

कृष्ण टाना भगत ने बताया कि वह सिसई प्रखंड के नगर सिसकारी गांव का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान में उसका पूरा परिवार हिमाचल प्रदेश में रहता है। उसके पिता हिमाचल में वेल्डिंग का काम करते हैं और मां सिलाई का कार्य करती हैं।

नक्सलियों ने रेल लाइन को विस्फोट कर पहुंचाया नुकसान

# रेल ट्रैक पर आईईडी विस्फोट में गैंगमैन की मौत, एक गंभीर

- चक्रधरपुर रेलमंडल के रॉक्सी और रेंजरा के बीच हुआ ब्लास्ट

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**



**चाईबासा/चक्रधरपुर (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर रेलमंडल के रेंजरा-करमपदा रेलखंड पर नक्सलियों ने शनिवार की रात रेल यातायात को बाधित कर दहशत फैलाने की साजिश रची। 2 और 3 अगस्त की आधी रात को नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक पर माओवादी का झंडा और बैनर लगाकर अपनी मौजूदगी का संदेश दिया। ट्रैक पर संदिग्ध झंडा और बैनर देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने समय रहते इंजन रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ज्ञात हो कि माओवादी 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक शहीद सप्ताह मना रहे थे और 2-3 अगस्त की आधी रात से 24 घंट के बंद का आह्वान किया था। जानकारी के मुताबिक, शहीद सप्ताह के दौरान ही नक्सलियों ने कई जगहों पर बैनर और पोस्टर लगाए हैं। शनिवार की देर रात को करमपदा और रेंजरा के बीच माओवादियों ने आईईडी विस्फोट से ट्रैक को उड़ा दिया। इसके बाद यहां मालगाड़ियों का परिचालन बंद हो गया। यहां सिर्फ मालगाड़ियों का ही परिचालन होता है। रविवार की सुबह रेंजरा और रॉक्सी के बीच ट्रैक पर लगे बैनर को हटाने के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इसकी चपेट में गैंगमैन हितवा उरांव और बुधराम मुंडा आ गए। दोनों को ओडिशा के बंडामुंडा रेलवे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही हितवा ने दम तोड़ दिया। बुधराम को बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर किया गया है।

इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण-पूर्वी रेलवे के निरीक्षक ने खबर की पुष्टि करते हुए बिमलगढ़ किरीबुरू के सभी मूवमेंट पर तत्काल रोक लगा दी है। इधर, सूचना मिलते ही आरपीएफ, ओडिशा पुलिस और रेलवे इंजीनियरिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। रेलवे प्रशासन ने इस गंभीर घटना को लेकर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाई अलर्ट भी घोषित कर दिया गया है। साथ ही, घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल भी तैनात कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं और ट्रैक को शीघ्र सामान्य करने का कार्य जारी है।

**नक्सलियों ने 24 घंटे के बंद के दौरान दिया वारदात को अंजाम**

भाकपा माओवादी संगठन ने 2-3 अगस्त की मध्य रात्रि से झारखंड, बंगाल, ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ में 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। बंद के समर्थन में नक्सलियों ने पर्चे और पोस्टर छोड़े हैं। पोस्टरों में नक्सलियों ने 'पुलिसिया दमन के खिलाफ जन प्रतिरोध' की अपील की गई है। माओवादी 28 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक शहीद सप्ताह मना रहे थे।

## रांची के लटमा में फ्लैट से महिला और दो बच्चों के शव बरामद

- आत्महत्या की आशंका, पुलिस कर रही जांच

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के चोरिया लटमा रोड स्थित राजेश्वर अपार्टमेंट के फ्लैट में रहने वाली एक महिला और उनके दो बच्चों के शव रविवार को बरामद किए गए। मृत महिला की पहचान 34 वर्षीया संयुक्ता सिंह के रूप में हुई है। वहीं, दो बच्चों में एक उनका 14 वर्षीय पुत्र आरव और दूसरी 12 वर्षीया पुत्री आराध्या बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे सामूहिक आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात से ही संयुक्ता सिंह के फ्लैट का दरवाजा बंद था। रविवार सुबह पड़ोसियों ने दस्तक दी, तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस पर पड़ोसियों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस फ्लैट में दाखिल हुई, तो महिला और दोनों बच्चों के शव ड्राइंग रूम में पड़े मिले।

पुलिस जांच और पड़ोसियों के बयान के मुताबिक, संयुक्ता सिंह पिछले कुछ वर्षों से अपने दो बच्चों के साथ लटमा स्थित फ्लैट में रह रही थीं। उनके पति बृजेश सिंह तीन साल से बिहार के औरंगाबाद जिले स्थित अपने गांव में रह रहे थे। दंपति के बीच रिश्ते बेहद तनावपूर्ण थे और मामला तलाक तक पहुंच चुका था। यह विवाद कोर्ट में विचाराधीन था।

बताया जा रहा है कि संयुक्ता मानसिक और आर्थिक रूप से काफी दबाव में थीं। बच्चों की स्कूल फीस तक चुकाना उनके लिए मुश्किल हो गया था। जिस फ्लैट में वे रह रही थीं, वह भी बैंक में गिरवी रखा हुआ था। पारिवारिक विवाद को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर भी समझौते की कोशिश की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी।

शवों की बरामदगी के बाद मौके पर पहुंची एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने आवश्यक सैंपल जुटाए हैं। शवों का पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के अनुसार, यह प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। लेकिन, सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घटना की सूचना पति बृजेश सिंह को दी गई है। वह रांची पहुंच चुके हैं।

राज्य में उत्तरी भाग के जिलों में आज भी भारी बारिश के आसार

## राज्य में विभिन्न जिलों में अगले चार दिन तेज हवा के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिहार में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण झारखंड के संताल और पलामू प्रमंडल सहित चार जिलों हजारीबाग, कोडरमा, चतरा में सोमवार को कहीं-कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में विभिन्न जिलों में अगले चार दिन तेज हवा के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट है। अगले 24 घंटे में रांची में एक से दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान हजारीबाग में सबसे अधिक 78.4 मिमी बारिश हुई। गोड्डा में 73 मिमी, लातेहार में 57 मिमी, गढ़वा 54 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 38.4 मिमी, हजारीबाग में 37.6 मिमी, पाकुड़ में 33.6 मिमी के अलावा अन्य क्षेत्रों में हल्के से मध्य दर्जे की बारिश हुई। राज्य में एक जून से लेकर तीन अगस्त तक 788.4 मिमी बारिश हो चुकी है। यह 538.7 मिमी की सामान्य बारिश से 46% अधिक है। वहीं, रांची में इस समयावधि में 992 मिमी बारिश हुई, जो कि सामान्य वर्षापात 556.1 मिमी से 78 फीसदी अधिक है। उत्तरी भाग में बारिश होने का कारण मौसम विभाग के अनुसार बिहार के पश्चिमी-उत्तरी भाग पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश तक फैल गया है। इसके चलते झारखंड के उत्तरी भाग के जिलों में बारिश हो रही है। तापमान सामान्य से चल रहा नीचे राज्य में तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। रांची का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राज्यभर में सबसे अधिक तापमान गोड्डा का 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जमशेदपुर से 2.99 करोड़ की साइबर ठगी में एक गिरफ्तार

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईडी की साइबर सेल ने 2.99 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी के मामले में एक साइबर अपराधी को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दिनेश कुमार है। वह जमशेदपुर का ही रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, सीआईडी को दिनेश कुमार के बारे में जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच-पड़ताल की गई। इसके बाद साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने जमशेदपुर में छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार साइबर अपराधी ने पीड़ित व्यक्ति को टेलीग्राम पर संचालित ग्लोबल इंडिया साइट के लिंक को क्लिक करने को कहा और शिकागो बोर्ड ऑर्फ ऑप्शंस एक्सचेंज में एक ऑनलाइन खाता खोल दिया। फिर मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न के झूठे वादों का प्रलोभन देते हुए निवेश के उद्देश्य से विभिन्न बैंक खाताओं में कुल 2.99 करोड़ ट्रांसफर कराकर ठगी कर ली।

## कुलगाम में तीसरे दिन एक और आतंकी ढेर

- मुठभेड़ जारी, अब तक मार गिराए गए हैं तीन आतंकी

**एजेंसी**



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का 'ऑपरेशन अखल' लगातार तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। सुरक्षा बलों ने जारी मुठभेड़ के दौरान 3 आतंकवादियों को मार गिराया है। 'ऑपरेशन अखल' जम्मू कश्मीर में चलाए जा रहे सबसे बड़े आतंकवाद रोधी अभियानों में से एक है। यह 'ऑपरेशन महादेव' और 'ऑपरेशन शिव शक्ति' के बाद शुरू किया गया है।

सेना, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कुलगाम के अखाल वन क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इलाके की घेराबंदी के बाद सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में शुक्रवार को एक आतंकी मारा गया, जबकि शनिवार को दूसरा आतंकी ढेर कर दिया गया। रविवार को तीसरे आतंकी को भी मार गिराया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में अभी और आतंकी छिपे हो सकते हैं, इसलिए यह ऑपरेशन जारी रहेगा। घाटी में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियान लगातार जारी हैं। सीमा पर सेना हाई अलर्ट पर है और एलओसी की सख्ती से निगरानी की जा रही है। ज्ञात हो कि 28 जुलाई को श्रीनगर के हरवान इलाके के दाचीगाम नेशनल पार्क में 'ऑपरेशन महादेव' के तहत तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मारा गया था। इन आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर सुलेमान शाह और उसके दो साथी अबू हमजा और जिबरान भाई शामिल थे। ये तीनों आतंकी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में शामिल थे, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अगले ही दिन, 29 जुलाई को सेना ने 'ऑपरेशन शिव शक्ति' चलाया, जिसमें दो और आतंकी ढेर किए गए। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों के अलावा उनके सहयोगियों, ओवरग्राउंड वर्करों और समर्थकों के खिलाफ भी अभियान तेज कर दिया है।


**इंडिया**

# टफ ट्रंप का टैरिफ और डक डिप्लोमेसी से भारत का जवाब



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

ऐसा कोई सगा नहीं जिसे अमेरिकी इतिहास की तरह ट्रंप ने ठगा नहीं एलन मस्क ने चुनाव जितवाया वो भारतीय जिन्होंने हवन, भजन करते हुए ट्रंप की जीत के लिए यज्ञ तक करवाए। तब अमेरिका में हाउदी मोदी हो रहा था। भारत में नमस्ते ट्रंप चल रहा था और माना जा रहा था कि दोनों बेस्ट फ्रेंड बन चुके हैं। ट्रंप मोदी को टफ निगोसिएटर बताते फिर दोनों मुस्कुराते हुए मीडिया के सामने आते। एक तस्वीर में मोदी बैठे हैं तो ट्रंप कुर्सी पीछे खींचकर मुस्कुराते नजर आते हैं। राजनीति में कभी कोई किसी का सच्चा दोस्त नहीं सिर्फ नफा नुकसान होता है। ट्रंप जो युद्ध विराम पर शायद नोबेल पीस प्राइज पाना चाहते थे भारत ने क्रेडिट नहीं दिया तो बदले में ट्रंप ने भारत को 25 प्रतिशत का टैरिफ दे दिया। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिका के साथ 500 बिलियन डॉलर की ट्रेड डील साइन कर ले वो भी अमेरिका की शर्तों पर भारत किसानों के हितों को ध्यान में रखकर समझौता नहीं करना चाहता। अमेरिका मांसाहारी चारा खाने वाली अपनी गायों के दूध से बने प्रोडक्ट मार्केट में बेचना चाहता है। ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी यानी मरी हुई अर्थव्यवस्था तक बोल दिया है। जबकि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2024 में भारत की जीडीपी 8.2% थी। जबकि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की ग्रोथ रेट के साथ सबसे तेजी से बढ़ेगी। खुद अमेरिकी कंपनिया चीन छोड़कर भारत में अपना व्यापार लगा रही हैं। ट्रंप की धमकी के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी मजबूत बने रहे। इसमें मजबूरी में ट्रंप ने अपनी अकड़ को कम करते हुए कहा है कि वो भारत से ट्रेड डील पर नेगोसिएट करने के लिए भी तैयार हैं। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी है पर भारत उससे पीछे है और भारत की इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है। अमेरिका में उनकी साख गिरी है, रूस के नेताओं के मजाक उड़ाने से भी ट्रंप बौखलाए हुए हैं। भारत के पास टैरिफ से निपटने के कई आर्थिक और रणनीतिक विकल्प भारत यूरोपियन यूनियन, दक्षिण एशिया, मीडिल ईस्ट, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में निर्यात के विकल्प हैं। भारत रूस, चीन और ब्राजील जैसे देशों के साथ रुपए या स्थानीय करेंसी में व्यापार बढ़ा सकता है। चीन के साथ भारत के रणनीतिक मतभेद हैं, लेकिन व्यावसायिक समझौतों में बढ़ोतरी की जा सकती है। अगर अमेरिकी टैरिफ भारत के निर्यात पर असर डालते हैं तो भारत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भता बढ़ा सकता है। इससे आयात पर निर्भरता घटेगी और घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा। भारत ने डक डिप्लोमेसी से अमेरिका की उपेक्षा की है प्रखर वक्ता पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय राजनीति में संयम को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लेते हैं।



## सांसद मनोज तिवारी ने बाबा बैद्यनाथ को किया जलाभिषेक

**नवीन मेल डेस्क**

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने अपनी 105 किलोमीटर की कांवर यात्रा पूरी करके रविवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक किया। मनोज तिवारी ने 31 जुलाई को अपनी कांवर यात्रा शुरू की थी, जो 3 अगस्त को पूरी हुई। सांसद मनोज तिवारी ने बिहार के सुल्तानगंज से कांवर उठाई। वे 30 साल बाद कांवर यात्रा पर निकले। उन्होंने सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए नंगे पांव 105 किलोमीटर की यात्रा की। उनके साथ बड़ी संख्या में लोग कांवर यात्रा पर निकले थे। उनकी इस यात्रा में झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे भी शामिल हुए। जलाभिषेक के दौरान भी भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे अपने परिवार के साथ शामिल हुए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने फेसबुक पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सांसद मनोज तिवारी ने सुल्तानगंज से देवघर 105 किलोमीटर की कांवर यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक किया। मैं सपरिवार उनके साथ गोडियारी नदी से देवघर मंदिर पहुंचा। मनोज तिवारी ने अपनी कांवर यात्रा के बीच फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा था, एक बड़ी तपस्या है अजगैबीनाथ धाम, सुल्तानगंज से देवघर तक पैदल जल लेकर जाना। जो नहीं चला है इस तपस्या में, वह नहीं समझ सकता कि कितना कठिन तप है, इस मुस्कान और जोश के बीच।

# एक दशक बाद हैदरनगर की सदाबह नदी उफान पर, भारी बारिश से डूबा जमुआ गांव



● खुर्द गांव, परता के मूरही नाला में भारी जलप्रवाह से दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर के विभिन्न इलाके में शनिवार की रात झमाझम बारिश से तबाही मची है। एक दशक बाद हैदरनगर शहर से सटे प्रवाहित एकमात्र सदाबह नदी एक दशक बाद उफान पर आई है। इससे आसपास के भट्ठी मुहल्ला, कोईरियाडीह, बड़ा शिवालय, बगीचा सहित अन्य जगहों पर इस नदी का पानी उपीर आने से जलमग्न हो गया है। पूरे बाजार क्षेत्र में निजी घरों के नालियों के जाम रहने और सफाई नहीं होने से सड़कों पर गंदे पानी का जलजमाव होने से दुर्गंध फैल रही है। पूर्व में इस संबंध में लगातार आवाज उठाये जाने के बावजूद स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की ओर कोई कदम नहीं उठाये जाने से लाखों की आबादी का विभिन्न रोगों के पनपने से स्वास्थ्य बिगड़ना स्वभाविक है। प्रखंड के परता पंचायत अंतर्गत मुरही नदी क्षेत्र के किसानों ने भजनिया-मोहम्मदगंज- हैदरनगर-पंसा-रानीदेवा मुख्य पथ निमाणाधीन सड़क पर पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने गंभीर आपत्ति जताते हुए अविलंब पुलिया निर्माण की मांग की है। वर्तमान में इस मूरही नाला के पानी उपर चढ़ने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पूर्व 30 मई को ही पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें चुनवा टिकर से मलेसर नाथ तक श्रृंखलाबद्ध पुलिया निर्माण कराने की अपील की गई है। मुखिया कमल कुमार पासवान ने बताया कि जिस क्षेत्र में सड़क निर्माण हो रहा है, वह मुरही नदी की दोहर भूमि है। जो सुहागीन, सदाबह, कुसमनिया, कासियारा जैसी कई नदियों के अलावे बरेवा, सिंघना, बटउवा और कोयल नहर से जुड़े जल स्रोतों से वर्षा ऋतु में जलमग्न हो जाता है। इस क्षेत्र के किसान हर वर्ष अपनी फसल गंवाते रहे हैं। अब मुख्य सड़क में भी जलजमाव और जलमग्न की स्थिति गंभीर हो गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़क पर मात्र पांच फीट चौड़ा कलवर्ट पुलिया प्रस्तावित है, जो भारी जल प्रवाह को रोक नहीं पायेगा।

## भारी बारिश से आहर, तालाब हुए लबालब, जनजीवन व कारोबार भी प्रभावित



**मोहम्मदगंज।** बादलों की गरज और चमक के साथ शनिवार की रात से रविवार की देर सुबह तक मूसलाधार बारिश से काशीस्रोत और राजबारा जैसी नदियों में उफान आ गया। इससे जनजीवन और कारोबार भी प्रभावित हुआ। आहर, तालाब और गड्ढे लबालब हो गए। इससे इनमें डाली और पाली गई मछलियां पानी के प्रवाह के साथ नदियों में समाहित हो गई। इससे मत्स्य पालकों को बड़ा नुकसान हो गया,बताया जाता है। जबकि फॉल्ट की वजह से बिजली भी गूल रही। किसानों ने इस बारिश को धान के लिए फायदेमंद बताया। मगर इससे इस वर्ष जून-जुलाई माह में पूर्व के अपेक्षाकृत अबतक की सर्वाधिक 720.1 मीमी वर्षापात से तमाम प्रकार के भदई फसल की बोवाई तक नहीं होने से होने वाले नुकसान की भरपाई संभव नहीं होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में बारिश से थोड़ी राहत मिलने पर अरहर बोया गया। लेकिन आगे भी नियमित बारिश से इसके भी बीज अंकुरित नहीं हुए। इस प्रकार अतिवृष्टि प्राकृतिक आपदा साबित हुआ है। इसमें भदई के साथ ही खरीफ फसलों का भी नुकसान हुआ है। मगर, इस अतिवृष्टि से नुकसान को लेकर राज्य सरकार की चिंता ने इसकी भरपाई की उम्मीद जगा दी है।

# भारी बारिश को देख भीमबराज के 14 गेट खुले



**कोयल नदी में 40 हजार व मुख्य नहर में 1400 क्यूसेक छोड़ा गया पानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** शनिवार की रात से रविवार की देर सुबह तक भारी बारिश को देखते एहतियातन भीमबराज के 14 गेट खोल दिए गए हैं। इससे कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में 39854 क्यूसेक जलप्रवाहित किया जाता रहा। जबकि अप स्ट्रीम में 41263 क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज हुआ। इसमें से दायीं मुख्य नहर में 1409 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे नबीनगर को 850 क्यूसेक पानी मिल रहा है। यह जानकारी कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने दी है। उन्होंने बताया कि पूरी स्थिति नियंत्रण में है। चौकसी बरती जा रही है। सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार और शुभम राज स्थिति पर नजर रख रहे हैं। नदी के जलप्रवाह के अनुरूप गेट का संचालन और मुख्य नहर में जलप्रवाहित किया जाता रहेगा।

## जपला विद्युत विभाग की महिला अनुसेवक का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के इस्लामगंज निवासी व जपला विद्युत विभाग कार्यालय में अनुसेवक के पद पर कार्यरत संगीता कुंवर सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। 52 वर्षीय संगीता का हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार की शाम शव परिजनों को सौंप दिया गया। वह काफी लंबे समय से जपला विद्युत विभाग कार्यालय में कार्यरत थी। बताया जाता हैं कि तबीयत खराब होने के कारण वह 1 अगस्त से छुट्टी पर थी। उक्त महिला का दाहसंस्कार रविवार को देवरी मुक्ति धाम पर किया गया। इस घटना के बाद विद्युत कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करने वालों में सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो, जितेंद्र कुमार ठाकुर, संतोष सिंह, उबैद अहमद, राहुल सिंह, कमलेश कुमार सहित कई लोगों ने शोक जताया है।

# जपला आरपीएफ ने 6 लोगों को रेलवे एक्ट के तहत किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अधिकारी व स्टाफ द्वारा वरीय अधिकारियों के निदेशानुसार यात्री सुरक्षा को लेकर स्टेशन परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में रेल अधिनियम के तहत स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते हुए छः लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले व प्लेटफार्म परिसर में रील बनाने के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से छः व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुमार्ना देने के उपरांत रिहा कर दिया है। मीना ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें भी अनाधिकृत यात्रा करते या रेल परिसर में बेवजह विचरण करते पकड़ा जाएगा। उनपर कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक जेपी प्रसाद, कार्तिक बिंझा समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# सराहनीय : रहमानिया उच्च विद्यालय में इंसुलेटर स्थापित



**बीडब्ल्यूसी ने की सराहना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत अंतर्गत तारा स्थित आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने खुद के खर्च से बच्चियों की सुविधा के लिए सेनेटरी पैड निपटान को लेकर इन्सुलेटर स्थापित कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किए हैं। इसका जाएजा शनिवार को ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने लिया। उन्होंने प्रधानाध्यापक के इस कार्य को सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रधानाध्यापक का सरकार के माहवारी स्वच्छता अभियान की दिशा में सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि इससे बच्चियों के स्वास्थ्य के साथ ही स्वस्थ शारिरिक और मानसिक विकास को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र में विद्युत ऊर्जा से सैनिटेरी पैड का सुरक्षित निपटान किया जाता है। इस मौके पर मौजूद जलसहिया शाहजहां बेगम (बलडिहरी) ने माहवारी स्वच्छता को लेकर स्कूल की बच्चियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि माहवारी स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने इस संयंत्र को खुद के खर्च पर स्थापित कराया है। विद्यालय विकास निधि प्राप्त होने पर लागत राशि का समायोजन किया जाएगा। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर ने बताया कि इस प्रखंड के गांवों में लोगों को बरसात की मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भी जलहियाओं की ओर से जागरूकता अभियान चलाकर सजग किया जा रहा है। इस दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छ पेयजल के उपयोग व आसपास के वातावरण की सफाई की जरूरत पर बल दिया जा रहा है। इस अभियान में भजनियां की जलसहिया शकुंतला देवी और पंसा पंचायत अंतर्गत अधौरा, चेचरिया और कोईरियाडीह की जलसहिया शारदा देवी, शशिबाला देवी व लालमति कुंवर की इस दिशा में दायित्व सराहनीय है।

## पांकी प्रखंड प्रमुख के पहल पर मिला तीन नया ट्रांसफार्मर



**पांकी।** प्रखंड के पांडेपुरा मोहल्ला एवं भाजपा कार्यालय रोड में लंबे समय से खराब पड़े कुल तीन ट्रांसफार्मर की समस्या को प्रखंड प्रमुख ने पहल कर समाप्त कर दिया। आपको बता दें कि उक्त मोहल्ले में लगभग एक महीने से ट्रांसफार्मर के जल जाने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को लेकर ग्रामीण लगातार विभाग से गुहार लगा रहे थे, लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई थी, जैसे ही यह जानकारी पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद को मिली उन्होंने तत्काल पहल कर उक्त दोनों मोहल्ले में तीन 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया एवं स्वयं वहां उपस्थित होकर रविवार को ट्रांसफार्मर बदलवाने का भी कार्य संपन्न करवाया। नए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है वहीं ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

# भीमबराज के गेट नंबर 36 के काउंटर वेट को गिरने से रोकने के लिए चेनपुलिंग सपोर्ट लगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जलसंसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अर्जुन प्रसाद सिंह (औरंगाबाद) और अन्य के निरीक्षण के बाद रविवार को भीमबराज के गेट नंबर 36 के काउंटर वेट को गिरने से रोकने के लिए तत्काल चेनपुलिंग का सपोर्ट लगा दिया गया है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि हार्डवेयर एंड टूल्स कंपनी की टीम ने फिलहाल, उक्त काउंटर वेट को गिरने रोकने की व्यवस्था कर दी। बाद में भारी मशीन हाइड्रा के सहारे काम को पूरा कराने की बात कही है। बताया जाता है कि गेट के नियमित रखरखाव के अभाव में यह स्थिति बनी है। मुख्य अभियंता ने भी निरीक्षण के दौरान इसे माना है। उन्होंने रखरखाव को जरूरी बताया है। यह भी बताया गया कि 2016 में कोयल नदी में 7.79 लाख क्यूसेक पानी आने पर 4,5,19,21,25 और 36 नंबर गेट के तेजी से उठ पाने में नाकाम होने से उन्हें भारी क्षति पहुंचा था। तभी से 19 और 36 नंबर गेट के संचालन में बाधा उत्पन्न होता आया है। जबकि बाकी सब को दुरूस्त कर लिया गया था।

झारखंड विधानसभा घेराव में शामिल होंगे हैदरनगर के पंचायत प्रतिनिधि

# लोकतांत्रिक मर्यादाओं के तहत होगा आंदोलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पंचायती राज अधिकार को पाने को लेकर पांच अगस्त को विधानसभा घेराव में शामिल होने को लेकर हैदरनगर के पंचायत प्रतिनिधियों ने रणनीति तैयार की है। इसे लेकर की बैठक में शामिल प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमतोष सिंह, उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया जितेंद्र सिंह, नावाजिश खान आदि ने बताया कि पूरे घरखंड राज्य के त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली के निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपनी लंबित एवं महत्वपूर्ण मांगों को लेकर आगामी पांच अगस्त को रांची स्थित विधानसभा का घेराव करेंगे। इस कार्यक्रम में हैदरनगर प्रखंड सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि सासाराम-रांची-इंटरसिटी एक्सप्रेस से रांची रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायतों को शीघ्र उपलब्ध कराने, जनप्रतिनिधियों की आकस्मिक या दुर्घटना से मृत्यु होने पर 30 लाख बीमा / मुआवजा की व्यवस्था करने, सभी त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों को मासिक मानदेय की सुविधा केरल राज्य की तर्ज पर देने, बिना जांच वित्तीय शक्तियों की जब्ती पर रोक को पुर्नबहाल करने, 29 विभागों में जनप्रतिनिधियों को पूर्ण अधिकार देने, डीएमएफटी फंड का उपयोग पंचायती राज व्यवस्था से सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह धरना पूर्णतः शांतिपूर्ण होगा। कोई भी कानून और विधि व्यवस्था में खलल नहीं होने दी जायेगी। लोकतांत्रिक मयादाओं के तहत अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखने का कार्य किया जायेगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अनुमति को लेकर संबंधित अधिकारियों और अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची को आवेदन देकर सूचना भेज दी गई है।

# हुसैनाबाद शहरी क्षेत्रों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगना शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के हुसैनाबाद अंचल अंतर्गत महुसैनाबाद शहरी क्षेत्रों में शुक्रवार तक करीब 100 स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है। स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल से संबंधित परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा। हुसैनाबाद शहर में 8 हजार बिजली कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना है। यह काम दो वर्ष में पूरा किया जाना है। पिछले चार दिनों से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो चुका है। अभी तक केवल 100 स्मार्ट मीटर लग सका है।

## बहकावे में न आयें उपभोक्ता : संतोष कुमार

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड मेदिनीनगर अंचल के उप-महाप्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर हुसैनाबाद में पिछले चार दिनों से लग रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने की काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को बिजली बिल से संबंधित सभी परेशानियां दूर हो जाएगी। उपभोक्ता किसी के बहकावे में नहीं आएं। कुछ असामाजिक लोग उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहे हैं कि बिल अधिक आता है, मीटर का रीडिंग तेजी से चलता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है, केवल भ्रम है। पहले बिलिंग करते समय बिल को बढ़ाना और घटाना लोग करते थे, जिससे उपभोक्ताओं को बिल से संबंधित बहुत परेशानी होती थी, लेकिन स्मार्ट मीटर लगाने से सारी समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब ऊर्जा मित्र गलती नहीं कर पा सकेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अपील किया है। उन्होंने बताया कि मेदिनीनगर, छतरपुर में भी स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

# सावन शुक्ल पक्ष नवमी को भक्तों ने की शिव की उपासना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सावन शुक्ल पक्ष की नवमी को भीमचूल्हा स्थित मंदिर में भक्तों भगवान शिव की उपासना की। इससे भक्तिमय वातावरण बन गया। पूजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने इस माह में प्रत्येक दिन इस धार्मिक और पर्यटकीय स्थल पर भक्तों का आगमन होता रहा है। भगवान शिव के अभिषेक को लेकर प्रिय इस पवित्र-पावन मास की अंतिम सोमवारी को विशेष उत्सव पर महाप्रसाद चढाने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। सेवक सत्येंद्र तैयारी को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। उन्होंने भक्तों को इस मौके पर महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य का भागी बनने लिए आमंत्रित किया है।

महंगाई — सब्जियों के बढ़े दामों से आमजन हो रहे हैं बेहाल

# गरीबों की थाली से गायब हो रही हरी सब्जियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद शहरी बाजार क्षेत्र में इन दिनों सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। बरसात के मौसम में सब्जियों की आवक कम होने और खेती पर मौसम के प्रतिकूल असर के कारण टमाटर, भिंडी, परवल, करैला, तोरई जैसी हरी सब्जियां आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। आलू को छोड़ दें तो बाजार में कोई भी सब्जी 50 रुपये प्रति किलो से कम में नहीं मिल रही। सब्जियों के जायके का राजा टमाटर तो 80 रुपये से 100 रुपये प्रति किलो, गोभी 100 रुपए किलो की दर पर बिक रहा है। जिससे मध्यम वर्ग के साथ-साथ गरीब तबके की रसोई पर भारी असर पड़ा है। रोज 300 रुपये से 400 रुपये कमाने वाले दिहाड़ी मजदूरों की हालत सबसे खराब है। चार-पांच सदस्यों वाले परिवार में इतनी कम आमदनी में नमक, हल्दी, तेल और राशन की व्यवस्था कर पाना ही चुनौती बन गया है, ऐसे में सब्जियां खरीदना अब 'लक्जरी' जैसा हो गया है। स्थानीय सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि थोक मंडियों में ही सब्जियों के दाम काफी अधिक हैं। हम क्या करें, हमें भी ऊंचे दाम में खरीदना पड़ रहा है, एक दुकानदार ने बताया। परंतु उपभोक्ता इससे संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि न कोई नियमन है,न ही प्रशासन की निगरानी। मनमाने दामों से उन्हें लूटा जा रहा है।

## घुटुवा में फुटबॉल वितरण समारोह का आयोजन

**सतबरवा।** प्रखंड के घुटुवा गांव में रविवार को फुटबॉल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में दर्जनों खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आशीष सिन्हा ने कहा कि खेल से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ एकाग्रता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि वे विगत पांच वर्षों से खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। समारोह में मुख्य रूप से पांकी विधायक प्रतिनिधि सह सोशल मीडिया प्रभारी महेश यादव, भाजयुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अनुज कुमार चंद्रवंशी, वरीय नेता तुलेश्वर सिंह, प्रवेश यादव, अशर्फी यादव, राजा राम सिंह, ललन सिंह, विश्वनाथ यादव, मुकेश यादव, किरीषना सिंह, बाबूराम सिंह, उदय सिंह, परमीला देवी समेत खिलाड़ी विकास सिंह, दिनेश सिंह, राजेश सिंह, अनुप सिंह, उमेश सिंह, जगदेव सिंह, कुंदन सिंह, रवि सिंह, संतोष सिंह, कोईली भुइयां, सुरेन्द्र भुइंया, बिपिन सिंह, आनंद कुमार, रंजन सिंह, रोहित कुमार, अंगद कुमार सिंह, विदेश सिंह, अखिलेश सिंह, अमित सिंह की उपस्थित थे।

## रेड़मा ठाकुरबाड़ी में रामायण पूजा का भव्य आयोजन

# राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ रामायण पाठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी परिसर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रामायण पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लव कुमार आदर्श संकीर्तन रामायण मंडली द्वारा किया गया, जिसमें धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक रंगों का समावेश देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर सिंह छोटू (आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव), पूर्व मेयर अरुणा शंकर, समाजसेवी विजय तिवारी, पंकज श्रीवास्तव व मुक्तेश्वर पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुई। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कहा कि रामायण पूजा भगवान राम के जीवन आदर्शों को स्मरण कराती है और इससे घर में सुख-शांति बनी रहती है। वहीं, अरुणा शंकर ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देते हैं।

पूरे आयोजन के दौरान झारखंड-बिहार के चार व्यासों ने रातभर भजन और गीतों की प्रस्तुति दी। दोगोला कार्यक्रम खास आकर्षण का केंद्र रहा। मंडली के प्रमोद ठाकुर, शिवकुमार चौधरी, अभिमन्यु तिवारी और शिशिर शुक्ला ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन यशवंत तिवारी ने किया।

मौके पर शीला श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश ठाकुर, वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी, शशि तिवारी, रिंकू तिवारी, शंकर तिवारी, बीजू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# देसी कट्टा के साथ राहुल दुबे गैंग के दो अपराधी गिरफ्तार

- हाइवे निर्माण साइट पर गोलीबारी करने जा रहे थे दोनों

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को एक देसी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपराधी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सतबरवा की ओर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु सदर थाना, डालटनगंज से एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम द्वारा टोल प्लाजा, चुकरु के पास सघन निगरानी शुरू की गई। कुछ समय बाद एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति डालटनगंज की ओर से आते दिखे, जिन्हें रुकने का संकेत दिया गया। परंतु दोनों व्यक्ति पुलिस बल को चकमा देकर भागने लगे, जिन्हें तत्परता से पीछा कर पकड़ा गया। प्राथमिक पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि दोनों अभियुक्त राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य हैं एवं उनके निर्देश पर चियांकी से पोलपोल (सतबरवा) में हाइवे निर्माण साइट पर गोलीबारी करने जा रहे थे। दोनों अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, तीन करतूस, दो मोबाइल फोन और एक फर्जी नंबर का मोटरसाइकिल जब्त किया है। गिरफ्तार अपराधि राकेश कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता घनंजय बड़ाईक, लोहरसी, थाना पिपराटांड़, दूसरा अपराधी रजनीकांत मेहता, उम्र 22 वर्ष, पिता- सुनील मेहता, सा० लोहड़ी, थाना पड़वा का रहने वाला है। छापामारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी सदर, संतोष कुमार गुप्ता, पुअनि रंजित कुमार,पुअनि मनोज मुंडा,आरक्षी अनुराग सिंह, वेद प्रकाश, रोहित कुमार, चालक अविनाश कुमार शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान, न्यायालय परिसर को साफ रखने की जरूरत : पीडीजे



**मेदिनीनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के नेतृत्व में रविवार को दोपहर में व्यवहार न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पीडीजे ने साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय का प्रकोष्ठ कार्यालय, शौचालय,जल निकासी, नाली की व्यवस्था को देखा और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि जिस तरह लोग अपने अपने घर की साफ-सफाई रखते हैं वैसे ही न्यायालय परिसर को साफ रखने की जरूरत है। जहां-तहां गंदगी ना फैलाएं। न्यायालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर व सुसज्जित रखने में सभी का योगदान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में गंदगियों से बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में बरसात में विशेष सफाई रखने की जरूरत है। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीजे प्रथम अखिलेश कुमार ,डीजे द्वितीय प्रतीक चतुर्वेदी ,डीजे चतुर्थ पवन कुमार,डीजे छह राजकुमार मिश्रा,डीजे अष्टम आयशा खान,डीजे पंचम स्वेता ढींगरा, डीजे नवम आभाष कुमार,सीजेएम मनोरंजन कुमार,एसीजेएम सुशीला सोरेंग, जेएम रवि शंकर पांडेय, निशिकांत, एस के गौतम, सोनम बिश्नोई, रेलवे जेएम प्रगेश निगम, समेत अन्य अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डिज्नीलैंड मेले में का लुत्फ उठा रहे लोग, जमकर हो रही खरीददारी



**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में लगे डिज्नीलैंड मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर साल लगने वाले इस मेले ने शहरवासियों के लिए मनोरंजन और खरीदारी का बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत किया है। मेले में सैंकड़ों अलग-अलग समान को दुकानें सजाई गई हैं। जो भारत के विभिन्न हिस्सों से आई हैं। इनमें खासतौर पर लकड़ी की हस्तनिर्मित वस्तुएं, कुर्ती, लहंगा, ज्वेलरी, हाउसहोल्ड आइटम, अचार, पापड़, नमकीन, आयुर्वेदिक दवाइयां और जड़ी-बूटियां शामिल हैं। इसके अलावा, खाने-पीने के ढेरों स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां चाट, गोलगप्पे, मोमोज, इडली-डोसा से लेकर मिठाइयों तक की विविधता मौजूद है। बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए अनेकों झूले लगाए गए हैं, जिनमें बड़ा झूला, ब्रेक डांस, नाव टोरा-टोरा आदि शामिल हैं। इन झूलों का आनंद लेने के अलावा पहली बार आई जलपरी को देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।मेले में हर जरूरत की चीजें मिल रही हैं। इसके साथ ही शाम का समय बिताने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है। यहां खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन के भी शानदार साधन हैं, जिससे हर उम्र के लोग इसका आनंद ले सकते हैं।

### चलती ट्रेन से तीन साल की बच्ची लापता, तलाश जारी



**मेदिनीनगर।** पलामू एक्सप्रेस ट्रेन में सफर के दौरान एक तीन वर्षीय बच्ची के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोहतास (बिहार) जिले के तिलौथू गांव निवासी हलचल लठौर की तीन वर्षीय बेटी बंधन कुमारी अपनी मां रेखा देवी और अन्य परिजनों के साथ खलारी से डेहरी की यात्रा कर रही थी। परिवार 31 जुलाई की शाम राय स्टेशन से पलामू एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुआ था। रेखा देवी ने बताया कि बच्ची बरवाडीह स्टेशन तक उसके पास ही थी। लेकिन जैसे ही ट्रेन ऊंटारी रोड स्टेशन पहुंची, वह बच्ची को अपने पास से गायब पाई। परिजनों ने ट्रेन में कई जगहों पर खोजबीन की, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद परिजनों ने डालटनगंज रेलवे थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिवार जड़ी-बूटी बेचने का काम करता है और अक्सर यात्रा में रहता है। बच्ची के संबंध में किसी को कोई जानकारी मिले तो मोबाइल नंबर 7488757373 पर या डालटनगंज रेलवे थाना को सूचना देने की अपील की गई है। रेलवे थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बच्ची की तलाश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# हर प्रखंड में 10 से तिरंगा यात्रा की होगी शुरूआत : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक सह प्रदेश महामंत्री मनोज सिह ने कहा कि लोगों में राष्ट्रवाद एवं देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने के लिए पार्टी द्वारा देश स्तर पर हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जाना है। इसी को लेकर जिला से प्रखंड स्तर तक हर घर तिरंगा अभियान कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 4-5 और 6 अगस्त तक सभी मंडलों में कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर हर घर तिरंगा लगाने एवं वीर शहीदों के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की पूरी जानकारी आम लोगों के बीच कार्यकतार्ओं द्वारा साझा किया जाएगा। ग्राम एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ता पैदल हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह के साथ लोगों में देशभक्ति जागरण करेंगे। प्रखंड मुख्यालय मे 10 से 14 अगस्त तक मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा निकालकर मुख्य चौक चौराहों पर भी तिरंगा लगाने का कार्य करेंगे। मनोज सिंह ने कहा कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के स्मारकों पर माल्याअर्पण पुष्पांजलि एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों एवं संस्थानों पर कार्यकतार्ओं द्वारा तिरंगा लहराया जाए। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर एक कार्यशाला का भी आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि अगस्त के इस पहले पखवाड़े में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर दी गई है और इसे सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के प्रभारी एवं संयोजक सह संयोजक नियुक्त कर दिए गए हैं। कार्यशाला में अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, विपिन सिंह, विजयानंद पाठक, नरेंद्र पांडे एवं रूपा सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम में विभाकर नारायण पांडे, मंगल सिंह, अजय तिवारी, रविंद्र सिंह, शिवकुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, रामचंद्र यादव, सोमेश सिंह, अविनाश सिन्हा, ओमप्रकाश पप्पू, विपुल गुप्ता, सुनील पासवान, प्रियरंजन कुमार, विजय कुशवाहा, आले हसन, सरवन गुप्ता, जवाहर चंद्रवंशी, अमरेश तिवारी, जितेंद्र तिवारी, विजय शर्मा, राकेश पांडे, संजय सिंह, विजय प्रजापति, अजय गुप्ता, महादेव यादव, दीपक सिंह, प्रधान सक्सेना, जितेंद्र तिवारी, अभय सिंह, अरुण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, विकेश तिवारी, श्याम जी कुमार, विजय पाठक ,चंचल यादव, अनुज चंद्रवंशी ,आनंद कुमार, निवेदन अग्रवाल, मनीष बर्मन, पिंकू सिंह, प्रिया सिंह, अंजली सिंह, शमशेर पासवान, मोहम्मद अली, राजीव खान, नसरुद्दीन अंसारी, अजहरुद्दीन अंसारी, अहमद राज, अशफाक अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झामुमो युवा मोर्चा ने भंडारे का किया आयोजन

# दिशोम गुरु के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की



**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा पलामू ने छह मुहान काली मंदिर परिसर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना को लेकर एक दिवसीय भंडारे का आयोजन किया। झामुमो कार्यालय से झामुमो जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र होकर काली मंदिर प्रांगण तक पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की उत्तम स्वास्थ्य हेतु सामूहिक प्रार्थना की। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में आमजन, पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। पलामू जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा मौके पर कहा कि दिशोम गुरु हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की हमसब कामना करते हैं। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सनू सिद्दीकी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंहा, संगठन सचिव देवानंद भारद्वाज, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज कुमार,सचिव कौशल किशोर, उपाध्यक्ष रिशु अग्रवाल, संतोष उपाध्याय सहित कमेटियों के सदस्यगण भी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

# लाइसेंसी पिस्टल लहराने के आरोप में घिरे पूर्व सैनिक, बोले– आत्मरक्षा में उठाया कदम

- हनुमान नगर में जमीन व कचरा विवाद के बीच पूर्व सैनिक ने हथियार जब्ती को बताया साजिश, प्रशासन से न्याय की मांग

**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर में पूर्व सैनिक राजू रंजन सिंह पर पिस्टल लहराने का आरोप लगने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार गुप्ता ने शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि सड़क मरम्मत के दौरान राजू सिंह ने हंगामा किया और लाइसेंसी हथियार लहराया। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजू रंजन सिंह का लाइसेंसी पिस्टल और 18 कारतूस जब्त कर लिए हैं। मामले की जांच थाना द्वारा नामित अनुसंधानकर्ता के नेतृत्व में की जा रही है। पूर्व सैनिक राजू रंजन सिंह ने अपने पक्ष में कहा कि उनका घर रोड नंबर 2, हनुमान नगर में है, और उनके समीप स्थित खाली जमीन पर स्थानीय शिकायतकर्ता प्रमोद गुप्ता घरेलू कचरा और गंदा पानी फेंकते हैं। वे एक गाय पालते हैं, और उसका पानी भी वहीं बहता है, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार का सड़क निर्माण कार्य नहीं हो रहा था। उन्होंने आरोपों को झूठा और हथियार रद्द कराने की सुनियोजित साजिश करार दिया। राजू सिंह ने बताया कि उन्हें यह लाइसेंसी पिस्टल केंद्र सरकार द्वारा उनकी सेवा के उपरांत दी गई थी, ताकि वे निजी सुरक्षा और आजीविका के लिए कार्य कर सकें। घटना के दिन प्रमोद गुप्ता ने उन्हें अपशब्द कहे और कुछ अज्ञात लोगों के साथ उन्हें घेर लिया, जिससे मजबूर होकर उन्होंने आत्मरक्षा में हथियार निकाला। पूर्व सैनिक के अनुसार, शिकायतकर्ता ने उन्हें धमकाते हुए कहा, "पिस्टल लटकाए घूमते हो, हमारे पास भी हथियार हैं।" राजू सिंह का कहना है कि हथियार जब्त होने के बाद वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और अंगरक्षक के रूप में उनकी नौकरी भी छिन गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए और हथियार जल्द लौटाया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना से पहले भी अनजान लोगों ने उनके घर के सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा था और बम फेंका था, जिसका वीडियो फुटेज उनके पास सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि उनके पूरे परिवार में भय का माहौल है।

## संस्कृति कला महोत्सव में बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

# संस्कृति से जुड़ाव ही समाज की असली पहचान है : नौशाद आलम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** स्थानीय सत्कार भवन में आर्ट एजुकेशनल एंड स्किल्ड सोसाइटी की ओर से आयोजित संस्कृति कला महोत्सव के समापन समारोह में बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने कहा कि "संस्कृति समाज की आत्मा है। जब बच्चे मंच पर आत्मविश्वास से प्रदर्शन करते हैं, तो यह दर्शाता है कि हमारा भविष्य सशक्त और संवेदनशील हाथों में है।" इस कार्यक्रम में पूर्व मेयर अरुणा शंकर और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। अरुणा शंकर ने कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना आज की आवश्यकता है। वहीं, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि कला, संस्कृति और सामाजिक मूल्य एक साथ मिलकर एक संतुलित समाज की नींव रखते हैं। इस मंच ने बाल प्रतिभाओं को उभरने का अवसर दिया है। समारोह में बच्चों ने गायन, नृत्य और नाट्य की विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति दी। मंच संचालन और आयोजन में खुशबू गुप्ता, अलीशा तिवारी* सहित आयोजक मंडल की सक्रिय भूमिका रही। संस्था के समन्वयक विजय कुमार ने सभी अतिथियों व सहभागियों का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की घोषणा की। मौके पर खुशबू अलीशा तिवारी समेत कई लोगों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# सावन उत्सव में शिव भजनों व कजरी गीतों से गूंजा माहौल, महिलाओं ने बांधा समां

- कार्यक्रम में भक्ति, नृत्य, गीत व उत्साह का दिखा अनूठा संगम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सावन के पावन अवसर पर नवनिर्माण शक्ति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सावन उत्सव ने महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और उत्साह की लहर दौड़ा दी। कार्यक्रम का आयोजन शांभवी मेंशन, तिवारी पेट्रोल पंप के समीप, पुलिस लाइन रोड में किया गया, जिसमें शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी मेलजोल की भावना को बल मिलता है।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के भजनों से हुई, जिनकी भक्ति में सभी महिलाएं भावविभोर हो गईं। इसके बाद मंच पर सावन की रिमझिम को महसूस कराते गीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "सावन में मोरनी बनके", "गौरा झूला झूल रही भोलेनाथ संग", "काला चश्मा" जैसे गीतों पर महिलाओं ने झूम-झूमकर समा बांध दिया। रैंप वॉक, पिक द चीट गेम, डांडिया आदि गतिविधियों में भी सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल और भी जीवंत हो उठा। संस्था की सचिव स्नेहा ओझा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके रोजमर्रा के तनाव और प्रतिस्पर्धा से कुछ पल राहत देकर, उन्हें खुशी के क्षणों से जोड़ना है। संस्था की अध्यक्ष डॉ. अमितू सिंह ने भी कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि महिलाओं को सामाजिक और मानसिक रूप से ऊर्जा मिलती रहे।

कार्यक्रम में वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शमीर्ला वर्मा ने भी सहभागिता दी और कहा कि महिलाओं के लिए यह तरह के मंच बेहद जरूरी हैं, जो उन्हें आत्मविश्वास और आनंद की अनुभूति देते हैं। इस अवसर पर नगर की जानी-मानी महिलाएं—पार्षद मधु ओझा, पम्मी ओझा (तृप्ति ब्यूटी पार्लर), सोनी पाठक (५२ क्लासेज), दीप्ति ओझा (स्त्रि बैंक्वेट), शिक्षिका रानी उपाध्याय, पूनम गोस्वामी, प्रिया सिंह, इंदु मेहता, अनु शर्मा, वागीशा विश्वकर्मा, अंशु वर्मा, सोनी गुप्ता, सोनल गुप्ता, अदिति पाठक, रूपा पांडे, अनु तिवारी समेत कई दर्जन महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में खुशबू वर्मा और सोनी पाठक की विशेष भूमिका रही।

## लायंस क्लब मेदनीनगर का इंस्टॉलेशन समारोह

# लायन गुरबीर सिंह को दिलायी गयी अध्यक्ष पद की शपथ

- समाज सेवा में ऐसी टीमों का योगदान अतुलनीय : डीडीसी
- प्रियंका आनंद साहू को सचिव और रोहित जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदनीनगर का वार्षिक इंस्टॉलेशन समारोह इस साल एक नई ऊर्जा और पारिवारिक उत्साह के साथ गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल, रांची रोड में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर लायन गुरबीर सिंह को अध्यक्ष, प्रियंका आनंद साहू को सचिव और रोहित जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष लायन लिली मिश्रा, एवं कार्यकारिणी टीम के सभी सदस्यों को भी उत्तरदायित्वों की शपथ दिलाई गए। समारोह के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त पलामू जावेद हुसैन ने नई टीम को बधाई देते हुए पुराने कार्यकाल के जनसेवी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह टीम एक संयुक्त परिवार की तरह दिखती है। समाज सेवा में ऐसी टीमों का योगदान अतुलनीय होता है। प्रशासनिक सहयोग हम हर संभव देंगे। लायंस डिस्ट्रिक्ट 322(ए) के गवर्नर लायन संजय कुमार ने क्लब की स्थापना प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए नई टीम की भरपूर प्रशंसा की और हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिया। इंडक्शन ऑफिसर लायन समीर खन्ना ने क्लब के उद्देश्यों और सेवा मूल्यों को नए सदस्यों के समक्ष रखा। नव-नियुक्त अध्यक्ष गुरबीर सिंह ने अपने भावनात्मक वक्तव्य में कहा किअध्यक्षता कोई गौरव नहीं, बल्कि एक सेवा-कर्तव्य है। मुझे इस योग्य समझने के लिए मैं सभी सदस्यों का आभारी हूं। स्वास्थ्य सेवा की निरंतरता के साथ, हम इस वर्ष बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने बताया कि क्लब में चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, व्यवसायियों सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञ जुड़े हैं, जिनके सहयोग से क्लब को हमेशा मजबूती मिली है। समारोह में लायंस क्लब फेमिना की अध्यक्षा संगीता शंकर, सचिव अरविंदर कौर एवं टीम,लायंस क्लब डाल्टेनगंज से अध्यक्ष लायन रूपेश कुमार, लायन सुधीर अग्रवाल, एवं पूरी टीम, लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन से अध्यक्ष एवं पूरी टीम, गुरुकुलम स्कूल के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री सतवीर सिंह राजा, फेडरेशन ऑफ व्यापार संगठन के अध्यक्ष अधिवक्ता चित्तेश मिश्रा सहित शहर के अनेकों प्रतिष्ठित नागरिकों ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

# सदर एसडीएम ने गढ़वा शहर में जल-जमाव प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## त्वरित राहत एवं स्थायी समाधान के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने आज गढ़वा शहर के आसपास वर्षा के कारण जल-जमाव से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। लगमा गांव के पास भारी जल-जमाव से करीब 15 से 20 घरों में पानी भर गया, जिसकी सूचना मिलते ही संजय कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत की और तत्काल राहत कार्य शुरू करवाया। उन्होंने पथ प्रमंडल के अभियंताओं को निर्देश देकर जेसीबी मशीन के माध्यम से अस्थाई हल के रूप में जल निकासी करवाई। इसके साथ ही अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुसार वे इन प्रभावित लोगों को नजदीकी सरकारी भवनों में सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर सकते हैं। उन्होंने सदर बीडीओ को निर्देश दिया कि वे स्थल पर जाकर और वस्तु स्थिति का आकलन कर जरूरत अनुसार पात्र बुजुर्गों एवं अक्षम लोगों के लिए राशन की समुचित आपात व्यवस्था करें। लगमा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पंचायत के मुखिया श्री शरीफ अंसारी, राजस्व निरीक्षक तथा अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, शिव मंदिर (चिनिया रोड) के पास भी जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे समीपवर्ती दो बड़े विद्यालयों के बच्चों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। इस संदर्भ में एसडीएम ने कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल तथा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा को आपसी समन्वय स्थापित कर इस समस्या के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह केवल वर्षा की समस्या नहीं है, बल्कि यह अव्यवस्थित एवं अनियोजित जल निकासी तंत्र का परिणाम है। पथ प्रमंडल द्वारा सड़क निर्माण के समय इस समस्या पर विचार नहीं किया गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। वहीं शहर की जल निकासी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है, अतः दोनों विभाग आपसी समन्वय से इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर समाधान सुनिश्चित करें।

## चिनियां में हाथी ने युवक को कुचलकर मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** चिनियां थाना क्षेत्र के डोल पंचायत के चपकली गांव के ठाढ़ापत्थर टोला में रविवार की देर रात जंगली हाथी का तांडव देखने को मिला। गांव निवासी सादिक अंसारी, पिता मरहूम हनीफ अंसारी को जंगली हाथी ने बेरहमी से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम और दहशतका मौहल है। ग्रामीणों ने बताया कि सादिक अंसारी महाराष्ट्र के पुणे में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। तीन दिन पहले उसकी मां का निधन हो गया था और श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने वह शनिवार शाम को ही गांव लौटा था। रात करीब 2 बजे गांव में जंगली हाथी ने दस्तक दी। शोरगुल सुनकर सादिक बाहर निकला, लेकिन अंधेरे के कारण हाथी को देख नहीं पाया और हाथी ने उसे मौके पर ही कुचलकर मार डाला। घटना की खबर मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार और वन विभाग के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार रविवार अहले सुबह मौके पर पहुंचे। परिजनों को ढांढस बंधाया गया और तत्काल सहायता स्वरूप 50,000 की राशि प्रदान की गई। वनपाल ने बताया कि पूरी कागजी प्रक्रिया पूरी होने पर 3.5 लाख की अतिरिक्त सहायता राशि मुआवजे के रूप में दी जाएगी। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा है।

## पुलिस ने अवैध जावा महुआ नष्ट किया



**भंडरिया।** बड़गड़ थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को भंडरिया पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में बरकोल और टेहरी गांवों में छापेमारी की गई, जहां कुछ घरों में अवैध रूप से जवा महुआ से शराब तैयार की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 1000 किलोग्राम जावा महुआ और शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत और खुफिया सूचना के आधार पर की गई। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव स्थगित

## सदस्यता में अनियमितता की जांच के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का आगामी चुनाव फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। चुनाव संचालन के लिए नियुक्त अधिकारियों को सदस्यता प्रक्रिया के दौरान अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी तस्लीम खान ने बताया कि श्री बंशीधर नगर चेंबर, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से संबद्ध है। सदस्यता संबंधी शिकायतें मिलने के बाद उन्होंने राज्य स्तरीय संगठन से मार्गदर्शन मांगा। झारखंड चेंबर के पदाधिकारियों ने जांच पूरी होने और राज्यस्तरीय पर्यवेक्षकों की देखरेख में चुनाव कराने तक प्रक्रिया स्थगित रखने का निर्देश दिया है। स्थगित का यह निर्णय संरक्षक एवं मानद सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई कि चुनाव झारखंड चेंबर द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगरानी में ही कराए जाएं। इसके बाद मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने चुनाव स्थगित करने का औपचारिक पत्र जारी किया। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि झारखंड चेंबर से मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद चुनाव की नई तिथि घोषित की जाएगी। इस बैठक में चुनाव पदाधिकारी ओमप्रकाश चौबे, राजन सोनी, राकेश कुमार, संरक्षक राम प्रसाद, रवि प्रकाश, रामजी कांस्यकर, शमीम खान, उदय प्रकाश जायसवाल, गोपाल जायसवाल, धीरेन्द्र चौबे, शंभू सौदागर, नवनीत अग्रवाल, निशित कुमार जायसवाल, आशीष कुमार, संतोष प्रसाद, राजीव कुमार, अनिल कुमार नीलू, मिक्की जायसवाल सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अस्पताल के मुख्य गेट पर लगा गंदगी का अंबार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर लगाया गया हैंडवास नल के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मलेरिया जैसी बीमारी होने की आमंत्रण कर रहा है। साथ ही गंदगी हैंडवास नल स्थल को भी दूषित किया हुआ है। साफ सफाई नहीं होने की वजह से मरीज अलग से पानी लाकर पीने या हाथ धोने को मजबूर हैं। जबकि लोगों को स्वास्थ्य जीवन जीने के लिए अस्पताल में साफ सफाई की नितांत आवश्यकता है। लेकिन सफाई के बदले गन्दगी में तब्दील है। अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था सही ढंग से नहीं रखने के लिए अस्पताल पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। जो स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही एवं मनमानी का उजागर करता है।

### एसडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की जांच, कहा-

## संवेदनशीलता से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी (संवाददाता)।** गढ़वा सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार शाम को कांडी प्रखंड के गाढ़ा खुर्द गांव में मनरेगा योजनाओं की धरातलीय जांच की। इस दौरान लगातार रुक रुक कर तेज बारिश हो रही थी किंतु फिर भी जांच का काम जारी रहा। यह जांच स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर गढ़वा के उप विकास आयुक्त के निर्देश पर की गई थी। इनमें से ज्यादातर योजनाओं की जांच पूर्व के अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से भी एक बार की जा चुकी थी। इस बार की जांच के दौरान मुख्य रूप से मनरेगा अंतर्गत निर्मित कूप, मेड़बंदी एवं अन्य योजनाओं की भौतिक समीक्षा की गई। जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि इनमें से अधिकतर कूप योजनाएं नदी के किनारे या नदी के प्रवाह के बीच स्थित थीं, जहां उनकी वास्तविक आवश्यकता शायद नहीं थी। इसके अतिरिक्त कुछ कूप योजनाओं की मौके पर गहराई नापी, अन्य पहलुओं की जांच की गई तो उनमें गड़बड़ी की आशंका सामने आई। कई योजनाओं में मजदूरों के स्थान पर जेसीबी व अन्य मशीनों के उपयोग के प्रमाण भी मिले, जो मनरेगा के नियमों के खिलाफ हैं। एसडीएम के साथ मौके पर कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक तथा अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। उन्होंने मनरेगा के क्रियान्वयन से जुड़े इन सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे गंभीरता और संवेदनशीलता से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करें, किसी भी स्थिति में कार्यों में अनियमितता या मानक से विचलन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल मनरेगा ही नहीं, बल्कि सभी कल्याणकारी योजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच रिपोर्ट उप विकास आयुक्त को भेजी जा रही है। जांच के समय शिकायतकर्ता, लाभुक गण एवं कई स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की शिकायत पर पंडरिया में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया पंचायत अंतर्गत चपरी मदरसा से लेकर बिरनाथ बाबा स्थल तक खाता संख्या 199, प्लॉट संख्या 1231 के आम गैरमजरूआ जमीन पर हुए अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर अंचलाधिकारी शंभू राम ने त्वरित कार्रवाई की। भवनाथपुर अंचलाधिकारी शंभू राम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों ने विरोध भी किया, लेकिन प्रशासनिक दल ने किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना सरकारी जमीन को मुक्त कराया। मौके पर भवनाथपुर थाना से एसआई नारायण प्रसाद दल-बल के साथ मौजूद रहे, जिन्होंने विधि व्यवस्था को संभालते हुए कार्रवाई में सहयोग किया। ग्रामीण प्रशासन किस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया और आगे भी सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। अंचलाधिकारी शंभू राम ने कहा कि अंचल क्षेत्र में कहीं भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर पंडरिया पंचायत के मुखिया पति अनिल चौबे, चकरी पंचायत के मुखिया शैलेश कुमार चौबे, अंचल अमीन जनार्दन महतो,फुदन सिंह,राम प्रसाद सिंह, सलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम ने सिंगरौली पटना लिंक एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** ग्राम रेलवे स्टेशन पर पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हुआ। जिसका मुख्य अतिथि सांसद बीडी राम ने 2 अगस्त शनिवार मध्य रात्रि में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद बीडी राम ने कहा कि कोरोना के समय से सिंगरौली पटना लिंक एक्सप्रेस का ठहराव मेराल में बंद हो गया था। जिसको लेकर यात्रियों को पटना जाने के लिए काफी कठिनाइयां हो रही थी। सांसद बीडी राम ने कहा कि स्थानीय जनता ने कई बार मांग किया था। जिसको लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित हुआ था लेकिन नोटिफिकेशन नहीं मिल रहा था रेल विभाग से संपर्क करने के बाद जैसे ही नोटिफिकेशन मिला। मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं सांसद श्री राम ने कहा कि लखनऊ जाने के लिए यहां से रेल विभाग से एक ट्रेन चलाने की मांग किया। इसके बाद जगह-जगह पर पानी भर जाता है जिसको लेकर रेल विभाग ठीक करने को कहा। सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर ठहराव आने का समय मध्य रात्रि 12:16 बजें आगमन और 12:18 बजे पर खुलेगी। वही पटना से मेराल आने का समय 02:06 बजें पर आगमन और 02:08 बजें पर खुलेगी। सांसद बीडी राम ने कहा कि मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होने पर इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर अलखनाथ पांडे,जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे,विधायक प्रतिनिधि डॉ. लाल मोहन, चंद्रमणि पाठक, मंडल यातायात प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे धनबाद चोपन तौसीफ उल्लाह, हरेंद्र द्विवेदी, यातायात निरीक्षक गढ़वा, विजय प्रकाश स्टेशन प्रबंधक मिथिलेश कुमार, सब स्टेशन प्रबंधक रामावतार प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, सहित कई लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

## कॉफी विद एसडीएम : अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालक आमंत्रित

**गढ़वा।** कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम की आगामी कड़ी में इस बार अनुमंडल क्षेत्र के अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों को आमंत्रित किया गया है। यह संवाद कार्यक्रम आगामी बुधवार, 6 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा अल्ट्रासाउंड केंद्रों से संबंधित अपेक्षाओं को स्पष्ट किया जाएगा, साथ ही केंद्र संचालकों की समस्याएं और सुझाव भी सुने जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करवाना है। इस महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम में सिविल सर्जन, गढ़वा को विशेषज्ञ पदाधिकारी के रूप में आमंत्रित किया गया है, जो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की अपेक्षित कार्यप्रणाली और मापदंडों पर आवश्यक मार्गदर्शन देंगे। गौरतलब है कि कॉफी विद एसडीएम एक साप्ताहिक संवाद श्रृंखला है, जिसकी शुरूआत दिसंबर 2024 से की गई थी।

## न्यूज | बॉक्स

### कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव से रविवार को कांवरियों का जत्था समाजसेवी डॉ. अनिश गुप्ता के नेतृत्व में देवघर के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व कांवरिया डॉ. अनिश गुप्ता, अश्विनी कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, अशोक गुप्ता, इंद्रमणि गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रदिप साह, शिवपुजन गुप्ता,रीना देवी, राजपति देवी ने अमराहिदह स्थित देवी मंदिर और सूर्य मंदिर में माथा टेका और पूजा अर्चना की। इसके पश्चात देवघर के लिए निजी वाहनों से रवाना हुए। समाजसेवी डॉक्टर अनीश गुप्ता ने बताया कि देवघर जाने से भोले बाबा की पूजा अर्चना के साथ-साथ विभिन्न पर्यटन स्थल पर घूमने और वहां के रमणीक वातावरण को नजदीक से देखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सावन माह में देवघर स्थित शिवलिंग पर जलाअभिषेक करने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। इसे हम सब को सुख और शांति की अनुभूति मिलती है। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह सुल्तानगंज गंगा नदी में स्नान के बाद जल उठाकर पैदल मार्ग से 110 किलोमीटर की दूरी तय कर बुधवार को देवघर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर पंचायत में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगें।

### अखंड रामचरितमानस का आयोजन



**मेराल।** रेजो गांव में नव निर्मित शिव मंदिर में वैदिक विश्वकांत पांडेय के सानिध्य में चौबीस घंटे में अखंड रामचरितमानस का संगीत मय पाठ किया जा रहा है। पाठ समाप्ति के बाद सोमवार को रुद्राभिषेक किया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद शाम चार बजे से भंडारा आयोजित किया जाएगा। मालूम हो कि पूर्व में स्वर्गीय राजकुमार चौबे के द्वारा वर्ष 1940-41 में शिव चबुतरा निर्माण कर नर्मदेश्वर महादेव शिव लिंग का स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। कई वर्षों बाद उनके वंशज पौत्र एवं प्रपौत्रो में मनिष चौबे, प्रशांत चौबे, विभुति नारायण चौबे, रंजीत चौबे, रमेश चौबे, गौतम चौबे,भारद्वाज चौबे, हृषीकेश चौबे, कार्तिक चौबे,विपुल चौबे, दुर्गेश चौबे,अंबेश चौबे, आदित्य प्रकाश, सत्यप्रकाश,पौत्र लालमणि चौबे, रामाशंकर चौबे, अवध किशोर चौबे, अलखनारायण चौबे, राजीव रंजन चौबे,मदन बिहारी चौबे, श्याम नारायण चौबे, सूर्यदेव चौबे, ब्रह्मानंद चौबे, सचिदानंद चौबे, परशुराम चौबे, रामनारायण चौबे एवं महेंद्र प्रसाद शुक्ला,अनुप शुक्ला, अरविंद शुक्ला सहित लोगों ने शिव मंदिर निर्माण होने के पश्चात मंदिर में अखंड पाठ के साथ रुद्राभिषेक और भंडारा में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## किशोरी ने की आत्महत्या

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी की आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जाता है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के अनुसार किशोरी शनिवार की रात कमरे में सोई थी।सुबह सीलिंग फैन में दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ शव मिला। उसने आत्महत्या तब की जब सुबह परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल आए थे। एस आई हरेराम सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने बताया आत्महत्या का कारण प्रथमदृश्टया प्रेम प्रसंग पता चला है। मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

### सफलता | राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता

## एमके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटरी स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सकेंड गढ़वा जिला राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा राइफल क्लब द्वारा किया गया था, जो झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन और गढ़वा डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध है। प्रतियोगिता का आयोजन जेएन कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में 3 अगस्त को हुआ। एमके इंटरनेशनल स्कूल से कुल 21 छात्रों (17 बालक और 4 बालिकाएं) ने भाग लिया। इनमें से कई छात्रों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। आयुष राज- 30 अंक, रोशन सिंह- 8 अंक, आयुष गोस्वामी- 6 अंक और अनुराग राज को 3 अंक मिले। छात्रों की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के समर्पित कोच सौरभ यादव का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि बच्चों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ नियमित अभ्यास किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉयरेक्टर मनीष सिंह, प्रबंधक रवींद्रनाथ शर्मा, ट्रांसपोर्ट मैनेजर संदीप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. राय रोज सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ. अभिमन्यु सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। हमें भरोसा है कि ये प्रतिभाशाली छात्र भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# महुआडांड़ में दिखा नक्सली बंदी का असर, दुकानें रही बंद



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड में रविवार को माओवादी बंदी का पूरा असर दिखाई दिया। मुख्य बाजार की दो-चार दुकान को छोड़कर पूरा बाजार बंद रहा। वहीं जिला परिषद बस स्टैंड में गुमला, लोहरदगा, रांची, पलामू, समेत पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ जाने वाली सभी यात्री बसे खड़ी रही। गांव से बाजार आने वाले ग्रामीण भी नजर नहीं आये। रविवार होने के कारण सरकारी कार्यालय, बैंक, स्कूल भी बंद था। बंदी के मद्देनजर पुलिस अलर्ट रही। महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार के निर्देश पर पुलिस बल की गस्ती टीम पूरे क्षेत्र में मोटरसाइकिल से भ्रमण करती नजर आई। ज्ञात हो माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य विवेक उर्फ करम क्रांति और सात अन्य की 21 अप्रैल को बोकारो के लुग्गु पहाड़ियों में ऑपरेशन कागर के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मृत्यु के विरोध में झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में बंदी बुलाया गया था।

# लेढिया नदी में बही कार बाल-बाल बचे कार सवार

नवीन मेल संवाददाता



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के कदगावां कला पंचायत अंतर्गत नरचाही लेढिया नदी पर बना पुलिया पार करने के दौरान अचानक पुल के उपर तेज पानी बहाव में स्विफ्ट कार बह गया। जानकारी अनुसार कोडरमा जिले के डोमन राम अपने पांच पारिवार के साथ शालेय गांव अग्नि संस्कार में शामिल होने आए थे। अग्नि संस्कार के बाद अपने परिवार के साथ कोडरमा लौट रहे थे। लौटने के क्रम में नरचाही के समीप लेढिया नदी पर बनीं पुलिया पार करने के दौरान घटना घटी। पुल पार करने के दौरान अचानक तेज गति से पानी का बहाव आने के कारण कार बहकर पुल के नीचे पानी में बह कर गढे में फंस गई। राहगीरों एवं ग्रामीणों के मदद से सभी कार सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लेढिया नदी के बीच छोटी पुल पर कम पानी को बहता हुआ देख कार चालक पार करने लगा जो आधे पुल को ही पार कर पाया कि अचानक पानी के तेज बहाव में कार बह गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से मदद मांगी। उपायुक्त कृतिश्रीजी के दिशानिर्देश पर बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी आशीष प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों की मदद से पुल के नीचे डूबी कार को क्रेन की सहायता से नदी से बाहर निकाला गया।

ग्रामीणों ने बताया की नदी में बड़ी पुल निर्माण करवाने को लेकर स्थानीय विधायक,सांसद को सामूहिक रूप से आवेदन देने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया। कार सवार लोगों को बचाने में योगेश सिंह,संजय कुमार ,बिरेंद्र राणा, सुरेंद्र चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, बिट्टू सिंह, आर्यन चंद्रवंशी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक

**चंदवा।** झारखंड राज्य में पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह माने जाने वाले वरिष्ठ पत्रकार सह संपादक हरि नारायण सिंह का रविवार को निधन हो गया। रविवार दोपहर रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहें थे। उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में किया गया। हरिनारायण सिंह ने अपने जीवन का आधे से ज्यादा समय पत्रकारिता जगत को दिया। वे राज्य के प्रतिष्ठित अखबारों, टीवी चैनलों के संपादक भी रहे। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत मर्माहत है। वे अपने पीछे दो बेटे,बहु व पत्नी छोड़ गये। उन्होंने अपने लंबी पत्रकारिता जीवन में निष्ठा व संवेदनशीलता के साथ समाज और राज्य की सेवा की। पत्रकार जगत ने उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताया है। शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार सुरेंद्र वैद्य,अजय वैद्य,सुमित कुमार,राजेश प्रसाद,दीपक भगत,मो इरफान,गौरव दुबे, कमलेश प्रसाद, अनिस पाठक, मुबारक आलम, रौशन कुमार, मुकेश सिंह, राजीव कुमार समेत कई लोगों के नाम शामिल है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी कुमार गौरव के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदवा पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त नितेश गंझू उर्फ पांडु गंझू को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि नितेश गंझू पूर्व में टीएसपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा है। इनके विरुद्ध चंदवा थाना में कांड संख्या 20/2020 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। उक्त मामले में पुलिस को लंबे समय से नितेश गंझू की तलाश थी। अभियान में पुअनि अजीत कुमार समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### हाथी ने चार घरों को किया धवस्त

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सेरनदाग के केडू गांव में बीती रात हाथियों द्वारा तांडव मचाया गया। जिसमें चार पांच घरों को ध्वस्त करते हुए अनाज चट कर गये। इसमें मंगरू भुइयां पिता शिवराज भुइंया, साबिर अंसारी पिता इस्लाम अंसारी, विनोद लोहार पिता नर्सिंग लोहार, खरीदे गंजू जंगा ली जोगन गंझू शामिल है। सभी लोगों को जिला परिषद सदस्य चंचला देवी एवं प्रखंड कर्मचारी एवं वनपाल कर्मी ने हर संभव मदद की आश्वासन दिया। समाजसेवी शिवनाथ रजक, प्यारो अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचकर प्रशासन एवं वन विभाग की कर्मियों से क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई।

### पंचायत भवन के कमरे रखा जाता है एमडीएम का समाग्री

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखण्ड के मरगड्डा पंचायत के मरगड्डा विद्यालय भवन की दुर्दशा देखकर कोई भी द्रवित हो सकता है। जर्जर छत और बारिश के दिनों में टपकने वाले पानी के बीच नन्हें नन्हें बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को विवश हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता के कारण विद्यालय भवन की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में है और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्यालय भवन की मरम्मत कराई जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक शिक्षा प्रदान की जा सके। जर्जर छत और बारिश के दिनों में टपकने वाले पानी के बीच पढ़ाई करना उनके लिए मुश्किल हो रहा है।वही मरगड्डा विद्यालय की दूसरी समस्या, बारिश का रिशाव हो जाने के कारण एमडीएम की सामग्री पंचायत भवन के कमरे में रखी जाती है इससे सामग्री की सुरक्षा और गुणवत्ता पर कई सवाल उठता है।

### झामुमो नेता ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात, अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की




**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बालूमाथ निवासी जुनैद अनवर ने रविवार को रांची में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर झारखंड में अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के क्रम में झामुमो नेता जुनैद अनवर ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को हिंदी भाषा में तजुर्मा-ए-कुरआन भेंट की। झामुमो नेता जुनैद अनवर ने बताया कि देश और राज्य में नफरती सोच रखने वाले चंद लोग अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाकर राज्य की अमन, शांति व भाईचारगी के माहौल को खराब करने का दिवास्वप्न देख कर राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन देश की मजबूत एकता और अखंडता से वैसे लोगों के मंसूबों पर पानी फिर जा रहा है। झामुमो नेता ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष काफी सुलझे हुए शख्शियत के साथ महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर आसीन हैं। चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने देश और राज्य की समृद्धि के लिए आपसी सौहार्द को महत्वपूर्ण बताते हुए एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखने व दशार्ने की आवश्यकता पर बल दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे पर हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### विशाल पेड़ गिरने से गारू-महुआडांड़ मार्ग एक घंटे रहा बाधित, वन विभाग ने काटकर हटाया

**गारू (लातेहार)।** गारू-महुआडांड़-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर रविवार की दोपहर गारू मुख्यालय स्थित वन विभाग के चेक पोस्ट के पास अचानक एक विशाल जिलेबी का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक मार्ग बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो हुई। गारू वन क्षेत्र के वनपाल रंजय कुमार एवं वनरक्षक बिपिन कुमार के नेतृत्व में वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्परता दिखाते हुए पेड़ को आरा मशीन से काटकर हटाना शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ के टुकड़ों को हटाकर सड़क को फिर से साफ किया गया। इसके बाद आवागमन सामान्य हो गई।

## पारा शिक्षकों का विधानसभा घेराव कार्यक्रम स्थगित

# शिक्षा मंत्री के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पारा शिक्षकों की वर्षों पुरानी वेतनमान लागू कराने की मांग को ले कर चार अगस्त को रांची में विधानसभा घेराव कार्यक्रम प्रस्तावित था। लेकिन अब उक्त कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने दी। अतुल कुमार ने बताया कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उक्त कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष अतुल सिंह एवं महासचिव अनूप कुमार ने कहा कि शिक्षा मंत्री के बाथरूम में गिर जाने के बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। सूबे के 60 हजार सहायक अध्यापक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से कर रहा है। शिक्षा मंत्री के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करने वालो में जिला अध्यक्ष अतुल सिंह महासचिव अनूप कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ऋषिकेश पाठक, बेलाल अहमद, सिंटू सिंह, विनोद तिवारी, मनोज सिंह, सूर्यदेव तिवारी, उमेश साहू, गोविन्द कुमार, अभिनय कुमार मिश्र, अरविंद कुमार, दिलीप प्रसाद, दिनेश ठाकुर, राजेश सिंह, सतपाल उरांव, नंदकिशोर यादव, विनोद राम, प्रमोद प्रसाद, शिशुपाल सिंह, संजीत प्रसाद, संजय कुमार द्विवेदी, नेमा अगरिया, धर्मदेव सिंह, बृज किशोर यादव, उदय प्रसाद, प्रवीण सिंह, निर्मल कुमार यादव, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश ठाकुर, सुधा देवी, सुनैना देवी, संगीता कुमारी, मंजू देवी, मीना देवी, मानो कुजूर, प्रार्थना सोनी, जयश्री कश्यप, बिहारी यादव, सुशीला रवि, रामप्रसाद प्रसाद, श्रवण कुमार व विनोद कुमार आदि का नाम शामिल है।

### मुख्यमंत्री अपना वायदा पूरा करें : अतुल कुमार

जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपना वायदा पूरा करने की मांग की। कहा कि शिक्षक दिवस के पहले पूरा मुख्?यमंत्री चुनाव पूर्व किये गये अपने वायदे को पूरा करें नहीं तो शिक्षक दिवस के दिन से ही मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने सूबे के सभी पक्ष व विपक्ष के विधायकों से विधानसभा में पारा शिक्षकों की आवाज बन कर वेतनमान लागू कराने की मांग पूरा कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

## कांग्रेस का पंचायत कमेटी के गठन में बोलें पंकज तिवारी

# देश को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस को मजबूत करें

नवीन मेल संवाददाता




**बालूमाथ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमीटी के द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार हुई। बालू चम्पा टोला में बालूमाथ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष करमदेव भगत के अध्यक्षता में बैठक में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए लातेहार जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सह बालूमाथ प्रखंड पर्यवेक्षक पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कमजोर हुई तो देश में सम्प्रदायिक ताकतें मजबूत हुई है। कांग्रेस संगठन विस्तार और जमीनी स्तर पर कांग्रेस मजबूती से देश मजबूत होगा। तिवारी ने आगे कहा कि सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व करके कमिटी का गठन कर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात ने कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर तक पार्टी के विचारधारा और नीति-सिद्धांतों को सशक्त रूप से स्थापित करना है। देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है, कांग्रेस विचारधारा ही देश को मजबूती प्रदान किया है और करेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए लातेहार जिला कामगार कर्मचारी एवम कांग्रेस जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी ने कहा कि कांग्रेस संगठन के मजबति प्रदान करना हम सब का जिम्मेदारी है,क ांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चली है नफरत को मिटाकर मोहब्बत का पैगाम कायम करना है। बालूमाथ पश्चिमी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष करमदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी को शसक्त व मजबूत करना मुख्य उद्देश्य है। भगत ने कहा कि कांग्रेस के नीतियों को जन जन तक पहुचाकर ही कांग्रेस को मजबूत बनाया जा सकता है। इस बैठक में सब्बीर अंसारी को बालू ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक में आजाद अंसारी, प्रदीप उरांव, रियाजुल अंसारी, महताब आलम,हरिओम कुमार, राकेश सिंह,सलेन्द्र उरांव, रब्बानी अंसारी, शांति देवी, रश्मि कुमारी आदी मौजूद रहे। बैठक में स्थानीय समस्याओं को लेकर आगे आने पर भी विचार विमर्श किया गया।

### तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो पलटा बैग से निकला मांस पुलिस जांच में जुटी

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत के लूटी ग्राम में रविवार की सुबह एक ब्लैक स्कॉर्पियो नम्बर खल्01ऊऊ0012 असंतुलित होकर खेत में पलट गई।इसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे वही ग्रामीणों के सहयोग से स्कॉर्पियो को निकाला गया जब गाड़ी को बाहर निकाला गया।तो स्कॉर्पियो पलटने के कारण रखा बैग फट गया बैग में मांस मिला है। ग्रामीण कुछ समझ पाए स्कार्पियो चालक बैग लेकर एक मोटरसाइकिल में बैठकर भाग निकला। ग्रामीणों के अनुसार उक्त स्थान पर प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा भी बाहर गिरा हुआ था। इसके बाद ग्रामीणों ने लातेहार सदर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। लातेहार पुलिस मौके पर पहुंच गाड़ी जप्त कर अग्रतर कारवाई मे जुट गई हैं। यहां बताते चले कि उक्त स्कॉर्पियो बेसरा सबानो का बताया जा रहा है।

# जनहित मुद्दों को मुखर होकर आवाज उठाती है आजसू : इम्तियाज

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** स्थित माको डाक बंगला में आजसू पार्टी लातेहार जिला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला की अनुषंगी इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी लातेहार के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने की, जबकि संचालन जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी विजय मेहता, जिला प्रभारी इम्तियाज अहमद नजमी एवं केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने पार्टी के संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क अभियान, एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया।

पार्टी के सुप्रीमो और जिला नेतृत्व की सक्रियता एवं समर्पित कार्यशैली से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिली है।

जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि आजसू पार्टी हर गांव, हर पंचायत और हर तबके की आवाज बन चुकी है। संगठन को मजबूत करना और जनता के बीच उनकी समस्याओं को लेकर खड़ा रहना हमारी प्राथमिकता है। जिला प्रभारी इम्तियाज अहमद नजमी ने अपने संबोधन में कहा कि लातेहार में संगठन को जिस तरह गति मिल रही है, वह आने वाले समय में ऐतिहासिक परिणाम देगा। युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग को जोड़कर पार्टी एक व्यापक जनआंदोलन की ओर अग्रसर है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आजसू पार्टी के जनहितकारी आंदोलनों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और जनजागरण अभियान को तेज गति दी जाएगी, ताकि आम जनता की समस्याओं को मुखर रूप से उठाया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीमा देवी, जिला प्रवक्ता रवि वर्मा, जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास, ओबीसी जिला अध्यक्ष नितेश जैसवाल, उपाध्यक्ष विकास कुमार, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव श्याम प्रसाद, गारू प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार, मनिका प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार, नगर अध्यक्ष विकास साहू, तथा अर्जुन राम, शिवनाथ मेहता, प्रियंका सोनी, गीता देवी, संदीप कुमार, शुभम कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह, राजकिशोर प्रसाद, एंजल अंसारी, आशीष सिंह, जयप्रकाश, राहुल कुमार सिंह, राजकुमार, दीपक कुमार लोहार, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, अरमान आलम, अनिल प्रसाद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इस्लाम के संदेश को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तब्लीगी का मकसद : मौलाना अबूदरदा

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में चतरा जोन का दो दिवसीय तब्लीगी इस्तेमा का रविवार दोपहर सामूहिक दुआ के साथ समापन हो गया। अन्तिम नशिस्त में झारखंड के 11 जिलों से आए तब्लीगी साथियों और उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए तब्लीगी जमात के जिम्मेदार चतरा के मौलाना अबूदरदा ने कहा कि इस्लाम के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तबलीग का मकसद है। तबलीग समाज सुधार का बड़ा माध्यम है, जिसमें अमन, शांति का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि तबलीग की मुहिम ने समाज की धारा से गाफिल अनगिनत लोगों को मुख्य धारा में लाने का बेहतरीन काम किया है। इससे पूर्व शनिवार को सुबह दो दिवसीय तब्लीगी इस्तेमा की शुरूआत हुई। जिसमें चतरा के मौलाना नईम साहब कासमी, बोकारो के वसीम साहब, शमशुल हक साहब, धनबाद के आफताब साहब, महताब साहब का अलग अलग सत्र में बयान हुआ। जिसमें वक्ताओं ने दुनिया के मोह को त्याग कर आखिरत बनाने के लिए अच्छे अमल करने की बात कही, वक्ताओं ने कहा कि मुख्तसर सी दुनियावी जिंदगी के लिए हम अल्लाह के फरमान से गाफिल होकर जिंदगी गुजार रहे हैं। अल्लाह के फरमान व मुहम्मद साहब के द्वारा दी गई शिक्षा के साथ जिंदगी जीने, गरीबों, बेवाओं, यतीमों, मिस्किनों की मदद करने से अल्लाह हमें जिंदगी और आखरत में भी इसका अजर देगा। इस दो दिवसीय तब्लीगी इस्तेमा का आयोजन चतरा जोन के जिम्मेदारों की देख रेख में आयोजित किया गया। जिसमें चतरा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद, रामगढ़ तथा जामताड़ा जिले के तब्लीगी साथियों का जुटान हुआ। रविवार को दोपहर मौलाना अबूदरदा के द्वारा सामूहिक दुआ कराई गई। जिसमें मुल्क की अमन व शांति, तरक्की, भाईचारगी, एक दूसरे के लिए दिल में सम्मान होने की दुआ मांगी गई। सामूहिक दुआ के साथ ही दो दिवसीय इस्तेमा का समापन हुआ।

### कुआं में गिरने से मजदूर की मौत

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के रामपूर ग्राम स्थित कृषि फार्म में मजदूरी का कार्य करने वाले एक मजदूर बीरेन्द्र नगेसिया (40) पिता जगमोहन किसान जो ग्राम सोहरपाठ का निवासी था। शनिवार की शाम 6 बजे नहाने के दौरान कृषि फार्म कुआं में गिरकर मौत हो गई। इस संबंध में मृतक मजदूर की पत्नी पतसुग्गी नागेसिया ने बताया, डेरा लेकर हम रहते है। कृषक पाठशाला एनजीओ (चाईबासा ) कृषि फार्म महुआडांड़ में कार्यरत है। पति एनजीओ में रेगुलर मजदूर के रूप में मजदूरी कार्य कर रहे थे। जानकारी के अनुसार कृषि फार्म में धान रोपाई का कार्य चल रहा है। बीरेंद्र नगेसिया धान रोपाई कराकर शाम को डेरा लौटा और नहाने के लिए कुआं के पास गया। तभी कुआं में डूबने की आवाज उसके ही बच्चों ने सुनी और चिल्लाने लगें। बच्चो की चींख सुनकर आस-पास ग्रामीण दौड़कर कुआं के पास पहुंचे और बीरेन्द्र को बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुआं से बाहर निकालने तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक मजदूर के चार बच्चे है, पत्नि और बच्चो का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मकरा के सरहुल मांडर से श्मशान घाट तक रोड जर्जर, लोगों को पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के सरहुल मांडर से लेकर खुठनिया टोला होते हुए श्मशान घाट तक जाने वाली कच्ची सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिससे उक्त रास्ता पूरी तरह कीचड़ युक्त हो जाने से मोटरसाइकिल पार करना भी मुश्किल हो गया है। पैदल आने जाने वाले ग्रामीणों और स्कूल जाने में छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण उमेश कुमार, कार्तिक कुमार, विशेषश्वर कुमार, चलितर राम, बालो राम, विकास कुमार, दीपक तुरी, तुलेश्वर तुरी, कुलेश्वर राम, चौठी राम, रमेश राम, राजू राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की लगातर बारिश होने से यह कच्ची सड़क की स्थित काफी नाजुक बन गई है। बरसात के दिनों मे अगर कोई बीमार पड़ जाए व अन्य कार्य के लिए चारपहिए वाहन आने से वंचित रहता है। उक्त कच्ची सड़क मे कई जगह पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में हम सभी को मुख्य सड़क जाने के लिए सोचना पड़ता है मोटरसाइकिल भी चलना दुर्लभ हो गया है। कई बार इस रोड को मापी किया गया है लेकिन अभी तक किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा। 15 से 20 वर्षों से हम लोग इस कच्ची सड़क में झेल रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से उक्त कच्ची सड़क को कालीकरण करने की मांग की है।

# पुराने पुलिया का एप्रोच पथ बहा, नया पुल अब तक अधूरा

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड को सामरी (छत्तीसगढ़) से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एक प्रमुख पुलिया का एप्रोच पथ बह जाने के कारण इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से ठप होने की कगार पर है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब इस मार्ग से गुजरना वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या बीते कुछ वर्षों से लगातार बनी हुई है, लेकिन हाल की बारिश ने स्थिति और बिगाड़ दी है। जलभराव और मिट्टी कटाव के कारण पुराने पुलिया का एप्रोच पथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे छोटे-बड़े सभी वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

उल्लेखनीय है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा लगभग 45 रुपए करोड़ की लागत से हामी से ओरसा होते हुए छत्तीसगढ़ सीमा तक सड़क निर्माण की परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के तहत पुराने पुल के स्थान पर एक नया पुल भी बनाया जाना है। हालांकि, निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है और नया पुल अभी तक यातायात के लिए नहीं खोला गया है। अधूरे निर्माण कार्य और प्रशासन की उदासीनता से परेशान ग्रामीणों ने मांग की है कि बह चुके एप्रोच पथ की तत्काल मरम्मत की जाए और साथ ही नए पुल के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए।

### कुंदा के युवक का आंध्र प्रदेश में बिजली पॉल से दबने से हुई मौत

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के बेलगड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय विजय गंझु पिता मनु गंझु की आंध्र प्रदेश में बिजली का कार्य करने के दौरान बिजली पॉल टूट कर गिरते समय चपेट में आ जाने से दब जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। विजय अपने पीछे पत्नी आशा देवी समेत एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं।विजय की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार व गाँव में मातम छा गया,परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की है और कहा है कि दुर्घटना के लिए कार्य करा रहे पीवीआरके प्रबंधन जिम्मेदार है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। विजय की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष की पहल पर लागाए जायेगें 5000 फलदार पौधे

# पौधरोपण रोपण से पोषण व पर्यावरण संरक्षण की पहल भी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं लोहरदगा निवासी अजातशत्रु द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण हेतु बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने सेन्हा प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव हेंसवे में 5000 फलदार पौधों के रोपण का संकल्प लिया है। अब तक 2000 पौधे लगाए जा चुके हैं और शेष 3000 पौधों का रोपण शीघ्र पूरा किया जाएगा। अजातशत्रु ने कहा कि पौधरोपण से न केवल लोगों को फल मिलेगा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने जिले एवं राज्यवासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाए और इस पुनीत कार्य में सहभागी बने। गौरतलब है कि अजातशत्रु भाजपा के उभरते हुए युवा नेता हैं, जो सदैव देश व समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस अभियान में उनके मित्रों रामजीत यादव, चुना उरांव, राजकुमार महतो, दयानंद मिस्त्री, छोटू प्रजापति, राजू उरांव, आदित्य मिस्त्री, भीम मिस्त्री, सुखमन उरांव, सुजीत उरांव, अजीत महतो एवं अर्जुन मिस्त्री—का भी विशेष सहयोग रहा।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

# तिरंगा हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति की भवाना व प्रेरणा जगता है : आदित्य साहू

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, देश में राष्ट्रवाद और जनभागीदारी की भावना बढ़ी है।

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा रविवार को जिला कार्यालय में "हर घर तिरंगा" अभियान को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने की, जबकि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता आदित्य साहू ने कहा, "तिरंगा हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है। भाजपा वर्षों से हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करती रही है।" उन्होंने कहा कि 10 से 14 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों और बूथों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। आदित्य साहू ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, देश में राष्ट्रवाद और जनभागीदारी की भावना बढ़ी है। उन्होंने कहा, "हमारी सेना सीमाओं पर जिन कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा कर रही है, वह राष्ट्रप्रेम का ही परिणाम है।" जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रभक्त है और "हर घर तिरंगा" अभियान के माध्यम से घर-घर जाकर देशभक्ति का संदेश देगा। उन्होंने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि "झारखंड सरकार की योजनाएं ठप पड़ी हैं। पेंशन, आवास, शिक्षा और कृषि की हालत खराब है।" कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अनिल उराँव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बाल्मीकि कुमार ने प्रस्तुत किया।
कार्यशाला में सरोज सिंह (प्रदेश मंत्री), अजातशत्रु, राकेश प्रसाद, रिपुसूदन साहू, राजमोहन राम, अजय पंकज, जगन्नाथ पौराणिक, बालकृष्ण सिंह, सामेला भगत, लक्ष्मीनारायण भगत, मीना बाखला, सरिता देवी, हर्षनाथ महतो, पशुपति नाथ पारस, संजय पंकज, सत्यम कुमार, राजेंद्र महतो, विवेक चौहान, मिथुन तमेडा, विमल कांत सिंह, परमेश्वर भगत, लाल निरंजन, नवल साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**भंडरा।** भंडरा थाना पुलिस ने रविवार को न्यायालय के आदेश पर गडरपो पंचायत के पोडहा गांव निवासी दाड़ी उरांव के पुत्र दिलीप उरांव व स्व सुखैर उरांव के पुत्र विनोद उरांव के घर पर ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया है। दोनों आरोपी के खिलाफ भंडरा थाना कांड संख्या. 84/2022 दर्ज है। अभियुक्त दिलीप उरांव व विनोद उरांव पिछले तीन वर्ष से फरार है। भंडरा थाना के थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आज अभियुक्त के पोडहा गांव स्थित आवास एवं न्यायालय के बाहर इश्तेहार सूचना चिपकाया गया है। दिलीप व विनोद पर धारा 307, 452.506, 120बी और शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1ए)/26(2)/35 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। न्यायालय से आरोपी के विरुद्ध जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि दिलीप व विनोद मिल नहीं रहा है। आरोपी को जेएम प्रथम श्रेणी सिविल न्यायालय मे 01 सितम्बर 2025 को 10.30 हाजिर होने को कहा गया है।

## 13 सितंबर को तेली कार्यकर्ता सम्मेलन को धूमधाम से मनाने का निर्णय



- तेली समाज की एकता को मिलेगा नया आयाम, सम्मेलन को लेकर जोश

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली समाज, लोहरदगा जिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के जिला अध्यक्ष प्रो. शिव दयाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 13 सितंबर 2025 को तेली कार्यकर्ता सम्मेलन को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिला समिति का पूर्ण गठन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संरक्षक मंडल में डॉ. टी. साहू, रिपुसूदन साहू, कैलाश साहू, हीरा साहू, अजय पंकज, कृष्णा साहू, महली साहू, जयनाथ साहू, मोहन साहू, अशोक कुमार साहू और कैथिज साहू को शामिल किया गया। घोषित जिला समिति में जिला अध्यक्षः प्रो. शिव दयाल साहू, उपाध्यक्षः मनोज साहू, मुकेश प्रसाद साहू, सुदामा साहू, विदेशी साहू, जागेश्वर साहू, विजय कुमार साहू, शिवशंकर साहू, महासचिवः सोहन साहू, सचिवः लखपति साहू, बलराम साहू, सह सचिवः सत्यनारायण साहू, संयुक्त सचिवः दिलीप साहू, संगठन मंत्रीः भगवत साहू, कोषाध्यक्षः मुन्ना साहू, सह कोषाध्यक्षः राम विलास साहू, मीडिया प्रभारीः ज्ञान प्रकाश साहू, बिनोद साहू, सदस्यः श्याम किशोर साहू, बजरंग साहू, निगानी अरुण साहू, सुरेश साहू, कृष्णा साहू, अजय कुमार, मधुर सुरेंद्र साहू, विजय साहू को शामिल किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से कोष संग्रह को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक धनराशि एकत्र करने पर बल दिया।

## साफ-सफाई को लेकर व्यवहार न्यायालय परिसर में चला विशेष अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) राजकमल मिश्रा के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) ने भाग लिया। उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, एडीजे प्रथम श्री स्वयंभू, सीजेएम के.के. मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, तथा सिविल जज (सीनियर डिविजन टू) अभिषेक कुमार प्रमुख थे। सिविल कोर्ट के नाजिर अभिषेक सहाय के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते हुए सभी कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई हेतु सिविल कोर्ट कर्मियों की विशेष टीम गठित की गई।

## गरियाटोली मार्ग पर कीचड़ व जलजमाव से ग्रामीणों का आवागमन हुआ बधित

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा (लोहरदगा)।** एक ओर सरकार स्वच्छता और ग्रामीण विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर भंडरा प्रखंड की गडरपो पंचायत अंतर्गत गरियाटोली जाने वाला मुख्य मार्ग इन दावों की पोल खोल रहा है। भंडरा-सिसई मुख्य पथ से गरियाटोली को जोड़ने वाली यह सड़क कीचड़, गड्ढों और जलजमाव के कारण दलदल में तब्दील हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी जमा है और चारों ओर कीचड़ फैला हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आए दिन फिसलने और चोटिल होने की घटनाओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मुस्तफा खान समेत अन्य लोगों ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पूरी तरह कीचड़ में डूब जाती है और गांव का मुख्य संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और दैनिक जरूरतों के लिए बाहर जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पंचायत से लेकर प्रखंड प्रशासन तक कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि "पंचायत में फिलहाल फंड नहीं है, लेकिन ग्रामीणों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही समुचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके।"

## सेन्हा के विभिन्न पंचायतों में कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** संगठन सृजन के तहत सेन्हा प्रखंड के ग्राम पंचायत सेन्हा, मुर्की तोड़ार ,और उगरा पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रखंड पर्यवेक्षक संतोष कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष किशोर साहु , प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सेन्हा पंचायत में अध्यक्ष मनसूर अंसारी, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, इरशाद अंसारी, महासचिव तबस्सुम आरा, सुरज केरकेट्टा, अरविंद महतो, मोबिन रिजवी, कोमल राम, सादिक अंसारी, शुशीला केरकेट्टा, फारुख अंसारी, समशेर अंसारी, मुर्की तोड़ार पंचायत में अध्यक्ष जीतराम उरांव, उपाध्यक्ष विश्वनाथ भोक्ता, नौशाद अंसारी, महासचिव रिंकू देवी, सुमी कुमारी उरांव, सोमराज उरांव, विमला देवी, राम टाना भगत, प्रमोद उरांव, संजय कुजूर, फागू उरांव, मुमताज अंसारी, मनोज उरांव, उगरा पंचायत में अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी, उपाध्यक्ष दयाल उरांव, रामप्रसाद लोहरा, महासचिव बसंती उरांव, फूलदेव उरांव, राधा उरांव, हदीस अंसारी, गुलाब उरांव, योगेंद्र उरांव, रेयउदीन अंसारी, आजम अंसारी, असलम अंसारी, को बनाया गया है।

## स्वास्थ्य शिविर में 51 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा द्वारा संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का 164वां सप्ताह रविवार को संपन्न हुआ। यह शिविर चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर में प्रातः 7:30 बजे से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 51 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। कार्यक्रम में डॉ. कुमुद अग्रवाल को सेवा भारती की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी., वजन, ऑक्सीजन लेवल, हार्ट बीट आदि की जांच निःशुल्क की गई। अन्य पैथोलॉजी जांच भी आधे खर्च पर उपलब्ध कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि "स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन की नींव है। ज़रूरतमंदों की सेवा करना सच्चे धर्म के समान है।"
वहीं डॉ. कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोग स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अभाव में गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, ऐसे शिविर से उन्हें समय रहते जानकारी और इलाज मिलता है। सह-सचिव संजय चौधरी एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने बताया कि यह शिविर हर रविवार सुबह एक घंटे के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें लोग अपनी बीमारियों की जांच कराकर डॉ. से परामर्श लेते हैं और लाभान्वित होते हैं। शिविर में सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, तुलसी उरांव, अंजलि सर्राफ, रितेश बांका, रामकुमारी देवी, प्रीति बंका, विमला देवी, बिंदेश्वरी मिस्त्री, सागर मंडल, वाल्मीकि प्रसाद, गोपाल महतो, रमाकांत साहू, एक्का, ताराचंद्र राय, राम प्रसाद कसेरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सांसद की पहल से आरा गांव में लगा ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम में बिजली ट्रासफार्मर खराब होने की सूचना लोहरदगा लोकसभा के सांसद को मिलते ही सासंद द्वारा विद्युत विभाग से पहल कर आरा ग्राम में ट्रांसफार्मर लगवाया गया. रविवार को सेन्हा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि द्वारा किया विधिवत उद्घाटन किये जाने पर ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार प्रकट किया गया.विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत आरा ग्राम बीते करीब एक माह पूर्व से ट्रांसफार्मर खराब था. जिसे ग्रामीण बिजली की समस्या परेशान थे.जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा सांसद सुखदेव भगत को लिखित रूप से दिया गया था.बरसात के मौसम में अच्चानक वज्रपात होने के कारण गांव में लगा 25 के बी का ट्रांसफार्मर जल गया था.ट्रांसफार्मर जलने के कारण बच्चे बच्चियों का पढ़ाई बाधित हो रहा था। और ग्रामीण भी अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जिसे ग्रामीण फरियाद लगते हुए सांसद से निदान करने का मांग किया गया था। जिसपर सांसद द्वारा संज्ञान लेते हुए लंबित बिजली समस्या से निजात दिलाने की दिशा में कदम उठाया गया.और रविवार को आरा ग्राम में नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया.इस संदर्भ में सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला ने ट्रांसफार्मर उद्घाटन के दौरान बताया कि क्षेत्र की समस्या बिजली,पानी,नली,गली सहित अन्य प्रकार की जन समस्या को निजात दिलाने की दिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पहल से दूर करने का प्रयास निरंतर जारी है.साथ ही कहा कि ट्रांसफार्मर उद्घाटन के दौरान एक समस्या अभी भी बना हुआ है। जिससे निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा वही उन्होंनें बताते हुए कहा की 11 हजार वोल्ट का एक ही फेस तार आरा गांव तक पहुंचा है.जिससे ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होगा. जिसे समय से पहले ट्रांसफार्मर खराब होने का संदेह जताया जा रहा है.उस पर भी सकारात्मक पहल किया जायेगा.ट्रांसफार्मर उद्घाटन के पूर्व आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पहान के द्वारा पूजा अर्चना किया जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा फीता काट किया उद्घाटन कर सुचारू ढंग से विद्युत आपूर्ति संचालित किया गया।

मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दूसरे चरण को लेकर बैठक आयोजित

## सभी बीएलओ को दावा आपत्ति और नाम सुधार सहित विभिन्न बिंदुओं पर दी गई जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दूसरे चरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीएलओ को दावा आपत्ति और नाम सुधार सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारियां दी गईं। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप 1 अगस्त को प्रकाशित किया गया। जिन लोगों के नाम सूची में छूट गए हैं या जो 1 अगस्त तक 18 वर्ष पूरे कर रहे हैं, वे अपना नाम जुड़वा सकते हैं।नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को प्रपत्र 6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा। इसके अलावा ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या स्थानांतरित करने का कार्य 1 अगस्त से 1 सितंबर तक चलेगा। मौके पर बीडीओ ने सभी बीएलओ को मतदाताओं से फॉर्म 6, 7 और 8 प्राप्त करने का निर्देश दिया है। इन फॉर्म के माध्यम से नाम जोड़ने और हटाने संबंधी कार्य किए जाएंगे। बीडीओ ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे छूटे हुए मतदाताओं का सर्वेक्षण करें और निर्धारित समयसीमा में फॉर्म जमा कराएं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। इस मौके पर गौरीशं गिरीश, प्रभात भगत, बीएलओ बिनीता देवी,नीलम महतो, अनीता उरांव, मंजू उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## वाइन दुकान संचालक को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली

**सिमडेगा।** जिले के बांसजोर ओपी क्षेत्र स्थित विदेशी शराब दुकान में शनिवार शाम करीब 7:30 बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने अचानक दुकान पर पहुंचकर दो राउंड गोलीबारी कर दी। इस घटना में दुकान संचालक मनोज महतो के हाथ में गोली लग गई, जिससे वे घायल हो गए। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी विनय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल को इलाज हेतु बिरमितरापुर अस्पताल भिजवाया गया। गोली चलाने के बाद अपराधी कादोपानी की ओर भाग निकले।घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर खोखा को बरामद करते हुए की सिमडेगा एसपी एम अर्शी के निर्देश पर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और पूरे इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। फिलहाल पुलिस अपराधियों की पहचान और हमले के कारणों का पता लगाने में जुटी है। वाइन दुकान जैसे सार्वजनिक स्थल पर हुए इस हमले ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## करंट लगने से दो की मौत, 11 हजार वोल्ट के चपेट में आया पूरा गांव

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के कर्राडमाईर गांव में शनिवार रात एक बिजली दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब ट्रांसफार्मर का ग्राउंड अर्थिंग तार कटकर 11 हजार वोल्ट की लाइन से सट गया, जिससे पूरे गांव में हाई वोल्टेज करंट फैल गया।घटना के संबंध में बानो बिजली विभाग में कार्यरत मानव दिवस कर्मी अकरम ने बताया कि ट्रांसफार्मर के स्विच के पास लगे अर्थिंग वायर के टूट जाने से वह 11,000 वोल्ट की सप्लाई लाइन से संपर्क में आ गया। इससे अर्थिंग सिस्टम के जरिये गांव के बिजली उपकरणों में घातक करंट दौड़ने लगा।

## लोहरदगा में गूंजे 51000 महामृत्युंजय मंत्र, सैकड़ों शिवभक्तों ने किया यज्ञ

- 51000 महामृत्युंजय मंत्रों का जाप और विशेष यज्ञ, शिवभक्ति में सराबोर श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सावन माह के पावन अवसर पर रविवार को लोहरदगा के शास्त्री चौक स्थित लक्ष्मी नारायण भवन में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। डॉ. अशोक आचार्य के सान्निध्य में सैकड़ों श्रद्धालु शिवभक्तों ने मिलकर 51000 महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप किया एवं विशेष यज्ञ का आयोजन किया।
कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और यज्ञ प्रार्थना से हुई। महामृत्युंजय मंत्र जाप के उपरांत वेदों के शिव संकल्प सूक्त मंत्रों की विशेष आहुति दी गई। डॉ. अशोक आचार्य ने बताया कि यह मंत्र न केवल शिवजी को प्रसन्न करता है, बल्कि रोग, भय, बाधा और अकाल मृत्यु से रक्षा करता है। सभी भक्तों ने आदियोगी शिव का ध्यान करते हुए मंगलकामनाएं कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र खत्री ने 'मंत्र थेरेपी' के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कई असाध्य रोगों का उपचार आध्यात्मिक साधनाओं से संभव हो रहा है। उन्होंने लोगों से अध्यात्म से जुड़ने और धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन का आग्रह किया। मुख्य यजमानों में दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार, राजकिशोर, प्रतिमा देवी, विवेक कुमार, सत्यरूपा गुप्ता, दिलीप कुमार, आलोक वर्मा, विकास कुमार, प्रतिमा कुमारी (पतंजलि), सरिता कुमार, आशीष गुप्ता, अखिलेश कुमार (आर्य), शैलेंद्र कुमार, राकेश साहू, जय साहू, गुंजा साहू, प्रतिमा मुखर्जी, संगीता साहू, हर्ष कुमार, महेंद्र चौधरी, माधुरी देवी, भुवनेश्वर महतो, सरिता केसरी, रेखा साहू आदि उपस्थित रहे।

## बानो में स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट,11 को होगा आगाज

**बानो।** स्वतंत्रता दिवस पर बानो में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट इस वर्ष और भी भव्य रूप लेने जा रहा है। बिरसा मुंडा खेल समिति के तत्वावधान में एसएस प्लस टू विद्यालय परिसर स्थित नवनिर्मित स्टेडियम में टूर्नामेंट की तैयारी अंतिम चरण में है। समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा मैदान की पूरी तरह से सफाई व साज-सज्जा कर ली गई है। 11 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट का उद्घाटन कोलेबिरा विधायक सुदीप गुड़िया करेंग। इसके साथ ही कई अन्य अतिथियों के भी शामिल होने की संभावना है।खेल समिति के अध्यक्ष संतोष साहू ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट को विशेष रूप से आकर्षक और व्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों व दर्शकों को एक नया अनुभव मिले। गौरतलब है कि बानो का यह फुटबॉल टूर्नामेंट लगभग 50 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है और 15 अगस्त के दिन यहां परंपरागत रूप से हजारों की संख्या में दर्शक जुटते हैं। वर्तमान में टूर्नामेंट की तैयारी में समिति के सदस्य अमुश कांडुलना, रिंकू साहू, नीरज साहू, जगदीश बागे, एमडी साबिर, मोहम्मद साहिल, प्रदीप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता दिन-रात लगे हुए हैं।

## ब्यूटी पार्लर व सिलाई सेंटर से भारी मात्रा में अवैध नशीली दवा बरामद




**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के पुटो रोड स्थित निखार ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई सेंटर से पुलिस ने रविवार को भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप व टैबलेट बरामद किया है। जानकारी के अनुसार गुमला एसपी हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि पुटो रोड स्थित मिथलेश सिंह के मकान में भारी मात्रा में अवैध नशीली दवा रखा गया है। जिसकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए संयुक्त रूप से घाघरा थाना एवं टोटो थाना के पुलिस के द्वारा छापेमारी की गई एवं मिथलेश सिंह के मकान से 28 पेटी प्रतिबंधित कफ सिरप विनक्रेक्स व 7 पेटी विंस्पासमों टैबलेट छापेमारी दल के द्वारा बरामद की गई। बरामद प्रतिबंधित दवाओं का बाजार कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताया जा रहा है।वहीं मकान मालिक मिथलेश सिंह को पूछताछ हेतु गिरफ्तार कर पुलिस अपने साथ ले गई।छापेमारी दल में घाघरा सबइंस्पेक्टर विकास कुमार, टोटो थाना प्रभारी उदेश्वर पाल,नौशाद पावरिया सहित भारी पुलिस बल शामिल रही।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की रजत जयंती पर गूंजा गुमला

# सैकड़ों बाल कांवरियों संग निकली भव्य बाल कांवर यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच एवं "प्रेरणा" गुमला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रजत जयंती वर्ष के पावन अवसर पर रविवार को भव्य बाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों बाल कांवरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "हर हर महादेव" एवं "बोल बम" के जयघोष से गुमला की गलियों को शिवमय कर दिया। बाल कावड़ यात्रा की शुरुआत सिसई रोड तालाब से हुई, जो टावर चौक, मेन रोड, जशपुर रोड होते हुए डीएसपी रोड स्थित श्री नारायणी श्याम मंदिर में जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच गुमला के अध्यक्ष संजीव मालानी, सचिव शंकर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूषण नारसरिया, नटवरलाल अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, पंकज साबू, गोकुल अग्रवाल, रोहित खंडेलवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

हीं प्रेरणा शाखा की ओर से पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, ज्योति फोगला, पूनम अग्रवाल, प्रिया नारसरिया, रूपा साबू समेत कई महिलाएं आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहीं। बाल कांवरियों की श्रद्धा और अनुशासन ने इस आयोजन को एक आध्यात्मिक पर्व का रूप दे दिया। इस आयोजन के माध्यम से बचपन में ही धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के बीजारोपण का सुंदर प्रयास किया गया। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा यह आयोजन न केवल सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बना, बल्कि गुमला में शिवभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का एक यादगार अध्याय भी रच गया।

## आंजन धाम टोल प्लाजा स्थानीयों की सुविधा का बना आदर्श केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के नागफेनी स्थित आंजन धाम टोल प्लाजा न केवल सड़क संरचना के विकास का प्रतीक बनकर उभरा है, बल्कि आमजनों की सुविधाओं और पारदर्शिता के साथ एक आदर्श टोल केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। टोल प्लाजा के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्रा ने प्रेस-मीडिया से विशेष बातचीत में स्थानीय नागरिकों को दी जा रही तमाम सुविधाओं, छूट और जवाबदेहीपूर्ण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। प्रबंधक ने बताया कि 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्थानीय निवासियों को मात्र 350 मासिक शुल्क पर पास की सुविधा दी जा रही है, जो अन्य टोल प्लाजा की तुलना में बेहद कम है। पासधारक नागरिक असीमित बार यात्रा कर सकते हैं, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के। पास की सुविधा केवल नॉन कमर्शियल वाहनों पर ही मिलेगा। स्थानीय लोगों की पूर्ण छूट देने की मांग को लेकर बीते दिनों 12 जुलाई 2025 को प्रखण्ड कार्यालय सिसई में विशेष बैठक आयोजित किया गया था। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर , अमृतपाल सिंह टोल शुल्क वसूली के प्रबंधक व स्थानीय लोग शामिल थे। बैठक में 10 दिनों तक दो प्रखंडों सिसई - गुमला के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्थानीय लोगों को टोल टैक्स में पूर्णरूप से छुट देने पर सहमति बनी थी।

आगे स्थानीय को हमेशा के लिए पूर्ण छुट दिया जाएगा या फिर 350 के मासिक शुल्क पर पास की सुविधा इसका निर्णय अगली बैठक में होना तय किया गया था। फिलहाल अगली बैठक तक के लिए दो प्रखंडों के स्थानीय लोगों को नॉन कमर्शियल वाहनों पर पूर्ण छूट का लाभ जारी रहेगा। टोल परिसर में यात्रियों की सहूलियत के लिए हाइटेक वॉशरूम, पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था, साथ ही किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार हेतु 24 घंटे डॉक्टर व एम्बुलेंस उपलब्ध रखी गई है।

सर्वेश्वरी समूह के युवा विंग ने बरसात में दिखाई सेवा की मिसाल

## छात्राओं के बीच बांटे रेनकोट व फल

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सर्वेश्वरी समूह के युवा विंग ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए जरूरतमंदों की सहायता की। लगातार हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए विंग के सदस्यों ने गुमला प्रखंड के फसिया गांव में जरूरतमंद छात्राओं के बीच दो दर्जन रेनकोट वितरित किए। साथ ही बच्चों को फल और टॉफी भी बांटी गई। कार्यक्रम की शुरुआत अघोरेश्वर महाप्रभू एवं परमपूज्य गुरुदेव जी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्नेहा गुप्ता ने समूह के कार्यों की जानकारी दी, वहीं शाम्भवी सौम्या ने स्वच्छता अभियान की महत्ता बताई और वज्रपात से बचाव के उपाय भी साझा किए। उन्होंने ग्रामीणों को चेताया कि बारिश के समय पेड़ के नीचे खड़ा होना खतरनाक हो सकता है।

सलोनी गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण की अपील की, जबकि दीक्षा गुप्ता ने ग्राम देवी की पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। आदर्श कुमार ने बच्चों को नैतिक मूल्यों के पालन और नशापान से दूर रहने की सलाह दी। इस सेवा कार्य में पंकज कुमार, नयन केसरी, शिव शंकर सारंगी, मुस्कान, प्रिंस गुप्ता, नरेश सिंह, अनिल कुमार, रोहित, सुमित गुप्ता, सागर खड़िया, नीलम

## हरहाल में माताओं को स्तन पान कराना बहुत जरूरी हैं: जाहिद



**भरनो(गुमला)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में रविवार को विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जाहिद अख्तर द्वारा फीता काटकर कर किया गया। मौके पर डॉक्टर जाहिद अख्तर ने माताओं द्वारा अपने बच्चों को स्तन पान कराने के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया माँ का दूध बच्चों के लिये अमृत समान है। कम से कम छह माह तक बच्चों को स्तन पान कराने की सलाह दी। स्तन पान कराने वाली माताओं के भी बारे बताया कि उन्हें पौष्टिक आहार लेना जरूरी है,हरी सब्जियां,फल, दूध आदि लेने की आश्यकता है। उन्होंने ने कहा कि आज के परिवेश में कुछ माताओं को देखा गया है वे अपने बच्चों को स्तन पान कराने से गुरेज करती है,क्योंकि उनका सोचना है कि स्तन पान कराने से सेहत में असर पड़ता है,लेकिन उनका यह सोच गलत है,उन्होंने कहा कि हरहाल में माताओं को स्तन पान कराना बहुत जरूरी हैं, इससे बच्चों में कई प्रकार की बीमारी से बचाया जा सकता है और बहुत सारे पोषक तत्व बच्चों को स्तनपान से प्राप्त होते हैं।

## गुमला के आशीष और बलराम ने औरंगाबाद में लहराया परचम, कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

● अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे दमखम

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला के दो होनहार छात्रों ने 35वीं क्षेत्रीय वॉलीबॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। आशीष कुमार साहू (80 किग्रा वर्ग) और बलराम गोप (65 किग्रा वर्ग) ने औरंगाबाद (बिहार) में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। दोनों खिलाड़ियों को यह सफलता खेल प्रशिक्षक आचार्य संजय कुमार के मार्गदर्शन में मिली। उनकी लगन, समर्पण और अनुशासन ने उन्हें अब राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयनित किया है, जो आगामी दिनों में शारदा विहार, भोपाल में आयोजित होने जा रही है। विद्यालय में छात्रों की इस शानदार जीत पर उत्सव जैसा माहौल है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने आशीष और बलराम को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि ये दोनों प्रतिभावान छात्र राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मेहनत, कौशल और साहस से विजयी होंगे और गुमला का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच संपन्न

● प्रश्न मंच व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्या भारती द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ, जिसमें गुमला संकुल के 6 विद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। भरनो विद्यालय दूसरे और सिसई विद्यालय तीसरे स्थान पर रहा।

यह प्रतियोगिता शिशु, बाल, किशोर और तरुण, इन चार वर्गों में आयोजित की गई थी। इसमें कुल 210 भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संस्कृत, संस्कृति बोध परियोजना, अंग्रेजी, विज्ञान, वैदिक गणित, और संगणक (कंप्यूटर) जैसे 6 विषयों को शामिल किया गया था, जिनमें कुल 24 टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के विजेता भैया-बहन अब 23 अगस्त को लोहरदगा में होने वाली विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में गुमला संकुल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, संकुल संयोजक प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा समिति सदस्य राजेश कुमार अभिभावक प्रतिनिधि रंजना साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रश्न मंच व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सचिव विजय बहादुर सिंह ने विजेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में एक विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित कर देश और समाज के लिए कार्य करें, क्योंकि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को आने वाली प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।सभी पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## चैनपुर में माओवादी बंद का दिखा व्यापक असर, जनजीवन प्रभावित



**चैनपुर।** शनिवार को माओवादी संगठनों द्वारा बुलाए गए 24 घंटे के बंद का असर चैनपुर प्रखंड में विशेष रूप से देखने को मिला। सुबह से ही सभी दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। बंद के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप रही। लंबी दूरी और छोटी दूरी की यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आए।हालांकि, बंद के दौरान आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा। दवा दुकानें, दूध की आपूर्ति और अन्य मेडिकल सुविधाएं निर्बाध रूप से जारी रहीं ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।सुरक्षा के मद्देनजर, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा। अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली है, और बंद पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा।

## सात अगस्त को रांची में रसोइया-समन्वयिकाओं की विशाल रैली का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका अध्यक्ष संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 3 अगस्त 2025 को राजकीय मध्य विद्यालय, घाघरा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता देवकी देवी (जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष) ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष संध्या देवी द्वारा किया गया। बैठक में 7 अगस्त को राज्य स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि गुमला जिला की सभी रसोइया एवं संयोजिका अध्यक्षों को 7 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे रांची विधान सभा परिसर स्थित कुट्टे मैदान (साई मंदिर के पास) पहुँचना अनिवार्य है। 7 अगस्त को कोई भी रसोइया या संयोजिका विद्यालय में मध्यान्ह भोजन नहीं बनाएगी। जो सदस्य रांची नहीं जाकर विद्यालय में कार्य करेंगी, उनके विरुद्ध संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यह आंदोलन संघ की पांच सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है, जिसके तहत न्यूनतम मानदेय, सामाजिक सुरक्षा, स्थायीकरण समेत अन्य बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। गुमला जिले से भारी भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में विजय लक्ष्मी देवी, सारो किंडो, रोपनी बुधाइन उराँव, बलकी देवी, अमृता देवी, सथेर तोपनो सहित कई अन्य संयोजिका-अध्यक्षों ने भाग लिया। यह आंदोलन रसोइयों और संयोजिकाओं के सम्मानजनक अधिकार और भविष्य की स्थिरता की मांग को सशक्त स्वर देने के लिए किया जा रहा है।

## दत्तरा गांव से मोपेड चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के दत्तरा गांव से एक व्यक्ति की मोपेड चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित अजीत किंडो ने चैनपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.विशनपुर थाना क्षेत्र के जेहरा गांव के रहने वाले अजीत किंडो अपने ससुराल चैनपुर थाना क्षेत्र दत्तरा गांव आए हुए थे, जहां वे खेती-बाड़ी में परिवार की मदद कर रहे थे। शनिवार की रात खाना खाने के बाद अजीत और उनका परिवार सो गया। रविवार सुबह जब वे जागे तो घर के बाहर खड़ी उनकी टीवीएस मोपेड गायब थी।अजीत ने मोपेड को आसपास काफी ढूंढा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, उन्होंने चैनपुर थाना प्रभारी से मिलकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से वाहन को खोजने की गुहार लगाई।

## चैनपुर को मिला नया थाना प्रभारी, कृष्ण कुमार ने संभाला पदभार



**चैनपुर ।** चैनपुर पुलिस स्टेशन को नया नेतृत्व मिला है। कृष्ण कुमार ने 21वें थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी कुंदन चौधरी से यह पदभार ग्रहण किया, जिन्होंने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने नए थाना प्रभारी का स्वागत किया। इनमें जिला परिषद की सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर की मुखिया शोभा देवी और कई स्थानीय पत्रकार शामिल थे। सभी ने फूल देकर कृष्ण कुमार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।पदभार ग्रहण करने के बाद, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन्होंने जनप्रतिनिधियों और आम जनता से सहयोग की अपील की। वहीं, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने पूर्व थाना प्रभारी कुंदन चौधरी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कुंदन चौधरी ने अपने कार्यकाल में जनता के साथ मिलकर बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए थाना प्रभारी भी इसी तरह जनता के साथ मिलकर काम करेंगे।

# हरिनारायण सिंह नहीं रहे, पर उनकी पत्रकारिता जीवित रहेगी

### झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कहा — 'सत्य की आवाज़ को हमने खो दिया

**नवीन मेल संवाददाता**


फाईल फोटो

**गुमला।** वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के पदाधिकारियों एवं प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिनारायण सिंह जी के निधन को सभी ने झारखंड ही नहीं, समूचे पत्रकारिता जगत की नैतिक शक्ति के क्षरण के रूप में देखा। श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों ने कहा कि हरिनारायण जी की लेखनी भले थम गई हो, लेकिन उनके विचार, मूल्य और संघर्ष आज भी पत्रकारिता को राह दिखा रहे हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजत कुमार गुप्ता ने कहा कि हरिनारायण जी जैसे प्रतिबद्ध पत्रकार का जाना केवल व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि पत्रकारिता की नैतिक रीढ़ का टूटना है। वे हम सबके लिए एक प्रकाशपुंज थे।"

प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने कहा कि "वे उस दौर के पत्रकार थे, जहाँ सिद्धांत पहले आते थे और स्वार्थ बाद में। उनका जीवन और लेखन, हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।"

प्रदेश सचिव रणधीर निधि ने कहा कि "हरिनारायण सिंह जी ने जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता को जो दिशा दी, वह आज और भी प्रासंगिक है। उनका जाना पत्रकारिता के मूल्यों की अपूरणीय क्षति है।"

कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह ने उन्हें याद करते हुए कहा कि "वे केवल पत्रकार नहीं, एक सामाजिक संरक्षक थे। उनकी कलम में आम जनता की आवाज़ थी। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया।"

महासचिव राजीव नयन ने कहा कि "उनका प्रभाव केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म में झलकता था। उनकी विनम्रता और तेजस्विता सदैव स्मरणीय रहेगी।"

वरिष्ठ पत्रकार कलीमुद्दीन खान ने कहा कि "हरिनारायण जी पत्रकारिता के सजग प्रहरी थे, जिन्होंने अपनी ऊर्जा सत्य और समाज की सेवा में समर्पित की। उनकी स्मृति हमें निरंतर दिशा देती रहेगी।"

वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा ने भावुक स्वर में कहा कि "वे हमारे लिए अभिभावक तुल्य थे। उनके मार्गदर्शन और सान्निध्य ने कई पत्रकारों को आकार दिया।"

वरिष्ठ पत्रकार विनय राज ने कहा कि "उनका जीवन सादगी और संकल्प का अनुपम उदाहरण था। वे शब्दों से नहीं, कर्म और व्यवहार से संवाद करते थे। आज हमने एक मूल्यवान पथप्रदर्शक खो दिया।"

सभा के अंत में सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे हरिनारायण सिंह जी को चिरशांति दें तथा परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

पत्रकार समुदाय ने यह संकल्प भी लिया कि वे हरिनारायण जी के मूल्यों, सिद्धांतों और विचारों को अपनी पत्रकारिता में जीवित रखेंगे।

## माइनिंग चालान अवरुद्ध होने से ट्रक मालिकों की बढ़ी परेशानियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** गुमला जिला अंतर्गत ऊपर पाट क्षेत्र की बॉक्साइट खदानों में अचानक माइनिंग चालान निर्गत न होने से हज़ारों ट्रक चालकों, खलासियों, लोडर-अनलोडरों और ट्रक मालिकों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ट्रक ऑनर एसोसिएशन का कहना है कि गुमला जिला खनन कार्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए माइनिंग चालान रोक देने से छह दिनों से हजारों ट्रक खदानों में लोड लेकर खड़े हैं। बरसात के कारण वैसे भी ट्रिप मिलना मुश्किल हो गया है, ऐसे में चालान न मिलने से ट्रक मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कवलजीत सिंह ने बताया कि चालान निर्गत न होने के कारण न सिर्फ ट्रक मालिक बल्कि हज़ारों श्रमिकों, ड्राइवरों, दुकानदारों और आश्रित परिवारों की रोज़ी-रोटी पर संकट आ गया है। वहीं सरकार को भी राजस्व हानि हो रही है। उन्होंने ज़िला प्रशासन से माइनिंग चालान अविलंब निर्गत करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो ट्रक मालिकों एवं श्रमिकों की आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब तुम उससे संतुष्ट हो जाते हो जो तुम हो और खुद की न किसी से तुलना करते हो न प्रतिस्पर्धा करते हो, तब सब लोग तुम्हारा सम्मान करते हैं। -लाओत्से

## संपादकीय

### बदलता भारत और अमेरिकी भभकी

लोकसभा में नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आरोप है कि भारत ने अमेरिकी दबाव में 'ऑपरेशन सिंदूर' को स्थगित किया। इस संदर्भ में राहुल का व्यवहार कैसा है? वह अपने विदेश दौरों में अक्सर अमेरिका-यूरोप से भारत में 'लोकतंत्र बचाने' की गुहार लगाते हैं। राहुल की ही पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता पाकिस्तान जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने की भी मांग कर चुके हैं। जब राहुल कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झूठा कहें, तो मुझे आश्चर्य होता है। वैश्विक राजनीति कोई किशोरावस्था की तकरार नहीं, जिसमें व्यक्ति क्षणिक आवेश में अपमानजनक या कटु शब्दों का प्रयोग करता हो। इस तरह के गैर-जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा केवल राहुल गांधी से ही की जा सकती है, जिन्होंने वर्ष 2013 में सार्वजनिक रूप से अपनी ही सरकार के एक अध्यादेश को फाड़कर कूड़ेदान में फेंकने की बात कही थी। ट्रंप के टैरिफ प्रहार और लंबित व्यापार समझौते पर भारत ने जो निर्भीक रुख अपनाया है, वह राहुल के दावे को पूरी तरह झुठलाता है। जैसे अमेरिका अपने हितों के अनुसार मित्र और शत्रु चुनने हेतु स्वतंत्र है, उसी प्रकार भारत को भी अपने दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखकर स्वतंत्र निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। शीतयुद्ध काल से रूस (तब सोवियत संघ) भारत का भरोसेमंद सहयोगी रहा है। इस ऐतिहासिक संबंध को किस दिशा में और कितनी गहराई तक ले जाना है, यह केवल भारत तय करेगा, कोई अन्य देश नहीं। भारत के इस आत्मविश्वासपूर्ण और स्वायत्त दृष्टिकोण से शेष विश्व, विशेषकर अमेरिका और यूरोप स्तब्ध हैं। दशकों तक भारत की विदेश नीति बाह्य-वैचारिक प्रभाव से संचालित होती रही, जिसके कारण भारत को बार-बार उन देशों के सामने झुकना पड़ा, जो हमारे दूरगामी हितों के विपरीत खड़े थे। वर्षों तक भारत ने फलस्तीन और इस्लामी देशों का समर्थन किया, जबकि वे कश्मीर के मुद्दे पर मजहबी कारणों से पाकिस्तान का साथ देते रहे। जब पाकिस्तान या चीन से भारत का टकराव हुआ, तब भारतीय नेतृत्व अमेरिका-यूरोप से मध्यस्थता की याचना करता दिखा, जिसमें कई बार स्थिति गिड़गिड़ाने तक पहुंच गई थी। वर्ष 1971 के युद्ध में भारत ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त करते हुए पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। इस दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को पत्र लिखकर पाकिस्तानी आक्रमण रोकने हेतु संपर्क साधा था। 5 दिसंबर, 1971 को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था, 'इस संकट की घड़ी में भारत सरकार और भारत की जनता आपकी सहानुभूति की आकांक्षी है आपसे आग्रह है कि आप पाकिस्तान को अकारण आक्रामकता एवं सैन्य दुस्साहस की नीति से तत्काल विरत होने के लिए प्रेरित करें मैं महामहिम से विनम्र निवेदन करती हूं कि आप पाकिस्तान पर अपने निर्विवाद प्रभाव का उपयोग करें।'इंदिरा गांधी का यह रुख उनके पिता पं. नेहरू की परंपरा से ही प्रेरित था। 1962 में भारत को न केवल चीन से अपमानजनक पराजय झेलनी पड़ी, बल्कि हम हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि से भी हाथ धो बैठे।

*ट्रंप के टैरिफ प्रहार और लंबित व्यापार समझौते पर भारत ने जो निर्भीक रुख अपनाया है, वह राहुल के दावे को पूरी तरह झुठलाता है।*

# बहुभाषी, समावेशी शिक्षा अब व्यापक स्तर पर साकार

आज की बात



**धर्मेंद्र प्रधान**

एनईपी के पांच वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल पर बल तक, इसकी अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदल दिया है। 2020 में भारत ने केवल एक नई नीति नहीं अपनाई, बल्कि एक प्राचीन आदर्श को फिर से जीवंत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) ने सीखने को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और इसे हमारी सभ्यतागत परंपराओं से जोड़ा। स्वर्गीय डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के नेतृत्व में तैयार की गई यह नीति इतिहास की सबसे व्यापक जन-सहभागिता वाली नीति-निर्माण प्रक्रिया में से एक थी। यह एक ऐसा दूरदर्शी रूपरेखा थी जो सांस्कृतिक मूल्यों में निहित था। यह एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना थी जो रटने की प्रवृत्ति, कठोर ढाँचों और भाषाई ऊँच-नीच से परे हो—समावेशी, सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार।



एआई जेनरेटेड

पाँच वर्षों में NEP का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण, रटने की पद्धति की जगह ले चुका है; बच्चे अपनी मातृभाषा में सहजता से पढ़ रहे हैं; छठी कक्षा के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रयोगशालाओं में हाथों-हाथ कौशल सीख रहे हैं। अनुसंधान संस्थानों में भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। NEP की सोच STEM क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्थानों की उपस्थिति में भी झलकती है। निपुण भारत मिशन ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को कक्षा 2 तक सुनिश्चित किया है। ASER 2024 और परख (PARAKH) राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 जैसी रिपोर्टों में यह प्रगति परिलक्षित होती है—आज की कक्षाएं जिज्ञासा और समझ का केंद्र बन चुकी हैं। विद्या प्रवेश और बालवाटिका जैसी पहलें अब प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को व्यवस्थित रूप से एकीकृत कर रही हैं। 22 भारतीय भाषाओं में जादुई पिटारा और ई-जादुई पिटारा, नई पीढ़ी की पाठ्यपुस्तकों के साथ, शिक्षा को रुचिकर बना रहे हैं। NISHTHA प्रशिक्षण के माध्यम से 14 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और DIKSHA जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षण सामग्री को देशभर में सुलभ बना रहे हैं। NEP ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किए गए हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार (National Digital Depository) for Indian Knowledge Systems जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बना रही हैं।

National Curriculum Framework (NCF) और कक्षा 1 से 8 की नई किताबें अब जारी हो चुकी हैं। प्रेरणा (PRERNA) एक सेतु कार्यक्रम है जो छात्रों को नई पाठ्यचर्या में सहजता से ढालने के लिए मार्गदर्शन करता है, ताकि वे अभिभूत न हों, बल्कि हर चरण में सहयोग प्राप्त करें। समग्र शिक्षा (Samagra Shiksha) और पीएम पोषण (PM Poshan) जैसी योजनाओं ने लगभग सार्वभौमिक नामांकन को संभव बनाया है। NEP का प्रभाव वंचित समूहों तक भी पहुँचा है। 5,138 से अधिक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 7.12 लाख से अधिक वंचित समुदायों की बालिकाएं नामांकित हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 692 और PVTG छात्रों के लिए 490 से अधिक छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। प्रशस्त कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगता की पहचान कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी व सशक्त बनाया गया है।

NEP 2020 के परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ हैं 14,500 पीएम-श्री स्कूल (PM SHRI Schools), जो आधुनिक, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये विद्यालय NEP के विजन के अनुरूप आदर्श मॉडल स्कूल बन रहे हैं, जो बुनियादी ढाँचे और शिक्षण पद्धति दोनों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख से अधिक volunteers और 2,000 CSR पार्टनर्स से जोड़ा है, जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है। उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है—30.5% की बढ़ोत्तरी। इनमें लगभग 48% छात्राएं हैं। महिला PhD नामांकन 0.48 लाख से बढ़कर 1.12 लाख हो गया है। SC, ST, OBC और अल्पसंख्यक छात्रों का बढ़ता नामांकन उच्च शिक्षा में समावेशिता का ऐतिहासिक संकेत है। महिला GER लगातार छह वर्षों से पुरुषों से अधिक रहा है। मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, Academic Bank of Credits, और National Credit Framework जैसे नवाचारों ने शिक्षा को विकल्पों से भरपूर और छात्र-केंद्रित बनाया है। 21.12 करोड़ APAAR IDs उपलब्ध कराई गई हैं। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प उपलब्ध हैं—अब सीखना क्रमबद्ध नहीं, बल्कि मॉड्यूलर है। NEP के अनुसंधान और नवाचार पर ज़ोर ने भारत के Global Innovation Index को 81वें स्थान से 39वें तक पहुंचाया है। 400 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में 18,000 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए हैं। अनुसंधान NRF, PMRF 2.0, और 6,000 करोड़ की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शोध को विकेंद्रीकृत और सुलभ बना रही हैं।

Swayam और Swayam Plus जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। DIKSHA और PM e-Vidya के 200+ DTH चैनलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के हर कोने में उपलब्ध हो रही है। द्विवार्षिक प्रवेश, डुअल डिग्री जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को और अधिक समावेशी, बहुविषयक और उद्योगोन्मुखी बना रही हैं। QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के 54 संस्थान शामिल हुए हैं, जबकि 2014 में केवल 11 थे। Deakin, Wollongong, और Southampton जैसे वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में कैंपस स्थापित कर रहे हैं।

परिवर्तन की इस यात्रा का उत्सव अखिल भारतीय शिक्षा समागम के माध्यम से मनाया जा रहा है, लेकिन इसका मूल्यांकन शिक्षार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के शांत आत्मविश्वास में हो रहा है। हमें अपने परिसरों को हराभरा बनाना, महत्वपूर्ण अनुसंधान अवसंरचना का विस्तार करना और सीखने के परिणामों को और अधिक गहरा करना जारी रखना होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा केवल एक नीति नहीं, बल्कि सबसे बड़ा राष्ट्रीय निवेश बन चुकी है। जहाँ शिक्षा है, वहीं प्रगति है। एक अरब जागरूक और सशक्त नागरिक केवल जनसांख्यिकीय लाभांश नहीं हैं, बल्कि नए भारत का सुपरनोवा हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## एक कुशल डॉक्टर होने के साथ एक अच्छा इंसान होना बड़ी बात

देश की बात



**संतोष अग्रवाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने अगर यह कहा है तो इसका मतलब है कि राष्ट्रपति महोदया को ज्यादातर डॉक्टरो के व्यवहार के बारे में जानकारी है। उन्होंने सही कहा की मरीज डॉक्टर को देवता नहीं बल्कि साक्षात भगवान मानते हैं। वैसे तो हर इंसान में इंसानियत होनी ही चाहिए। यह विशेष कर डॉक्टर के लिए लागू इसलिए होता है, कारण डॉक्टर के पास मरी ज मजबूरी में शरीर और दिमाग में पीड़ा लेकर जाते हैं और ऐसा देखा गया है कि अगर डॉक्टर मरीज का इलाज अच्छे व्यवहार के साथ करता है तो डॉक्टर का अच्छा व्यवहार ही मरीज को बहुत हद तक ठीक कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को यह बात कहनी पड़ी इसलिए क्योंकि इस सेवा कार्य को भी बहुत से डॉक्टर ने सिर्फ कमाई का साधन बना लिया है। देखा गया है की कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जो अपने मरीजों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था तक नहीं करते। कई डॉक्टरों के यहां मरीज बाहर सड़क पर खड़े रहते हैं, बरसात और गर्मी में भी , कुछ डॉक्टर तो अपनी क्लिनिक को अपने आवास परिसर में ही रखते हैं तब तो उनको मालूम रहता है कि बाहर में कई मरीज धूप या बरसात में खड़े हैं लेकिन डॉक्टर इतना भी नहीं करता कि चैंबर पहले खुलवा दे जिससे मरीज धूप या बरसात से बच सके। अधिकांश डॉक्टर के यहां से जवाब मिलता है, नंबर आकर ही लगाना पड़ेगा, कुछ डॉक्टर के यहां से जवाब मिलता है कि पेशेंट को ही आकर नंबर लगाना पड़ेगा। अगर कोई मरीज बोलता है कि मेरा नंबर आप अपनी सुविधा अनुसार 2 दिन 3 दिन बाद का लगा लीजिए, तब भी डॉक्टर के यहां से जवाब मिलता है कि नहीं हमारे यहां यह सिस्टम नहीं है ।मरीज यहां तक बोलता है कि आपको ऑनलाइन पेमेंट कर देता हूं लेकिन तब भी नहीं। मरीज डॉक्टर के यहां पहुंचता है ,फीस जमा करके नंबर लगा देता है। मरी ज पूछता है कितने बजे तक मेरा नंबर आ जाएगा, तो बड़े रूखे ढंग से जवाब मिलता है डॉक्टर साहब 6 बजे तक देखते हैं, अगर आज देख पाए तो आज देख लेंगे नहीं तो कल आना पड़ेगा। कुछ डॉक्टर की मंशा यह रहती है कि उनके वेटिंग हॉल में ज्यादा से ज्यादा मरीज दिखें, जिससे उनकी लोकप्रियता बढ़े। ज्यादातर डॉक्टर के यहां वेटिंग हॉल में कोई खराब सा टेलीविजन लगा होता है और उस पर किसी भी तरह की मारधाड़ की फिल्म चलती रहती है। इसकी जगह अगर डॉक्टर स्वास्थ्य संबंधी कोई फिल्म लगा दे तो उससे मरीज को भी हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बिक रहे हैं, मूल्य और स्वप्न

आपकी बात



**राकेश दुबे**

इन दिनों हम अंधेरे दुःस्वप्न सरीखे त्रासद समय में हैं, धर्मान्ध ताकतों के लिए शाइनिंग इंडिया, शॉपिंग मॉल, मेगा ट्रेड फेयर की चहल-पहल है, हॉलीवुड-बॉलीवुड की अश्लीलताएं हैं, तांत्रिकों की बलि पूजा है, दूसरी ओर किसानों की आत्महत्याएं हैं। वैश्विकता, बाजारवाद, उत्तर पूंजीवाद, अंध साम्राज्यवाद, अंध राष्ट्रवाद पर संगोष्ठी-सेमिनार चल रहे हैं। इस त्रासद समय में कविता-कथा में नयी उम्मीद जगाने वाला नवलेखन है। स्थापित लेखकों को भ्रम है कि युवा लेखकों का बचपन छीन लिया गया है और वे असमय परिपक्वता के शिकार हैं। युवा लेखक अपनी हताशा को भी देख रहे हैं और अंधेरे समय को भी। उन्हें पता है, क्रांति यकायक नहीं आएगी। जहां आज के साहित्य में प्रयोग की निजता पर बल है, वहीं सामाजिक सरोकार भी बेचैन करने वाला है।

सर्वग्रासी राजनीति के चलते पक्षधरता या प्रतिबद्धता गायब है। सब कुछ ग्लोबल है और जहां सुपर पावर अमरीका का आतंक है, गरीबी का ग्राफ ऊपर है। उत्तर आधुनिकता के विमर्शकार मान रहे हैं कि इतिहास का अंत हो गया है, विचारधारा का अंत हो गया है। सब कुछ ब्रांड है, बिक रहा है, मूल्य और स्वप्न। उत्तर आधुनिकता दुहरी यंत्रणा है। न हम ठीक से आधुनिक हो पा रहे हैं, न ग्लोबल। साम्राज्यवाद की दासता से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। उत्तर पूंजीवाद के घपले हमें भटकते हुए सन्नाटे में ले जा रहे हैं। साहित्य में विचार और दर्शन की भूमिका को नगण्य मानने वाले विद्वान आज भी बहुतायत हैं। साहित्यिक बिरादरी का यह वर्ग साहित्यिक अभिव्यक्ति में विचार और दर्शन की उपस्थिति को न केवल अनावश्यक मानता है, बल्कि विचार व दर्शन की चाशनी को देखने मात्र से इनकी भौंहें तिरछी होने लगती हैं।

विचारधारा का अंत, इतिहास का अंत जैसी अवधारणाओं को गढ़ कर वे साहित्य को जीवन से परे भाववाद की भूलभुलैया में ले जाते हैं। यहां यह कहना भी प्रासंगिक होगा कि आधुनिक काल में जब-जब हमारे साहित्य को जीवन के यथार्थ से, जनता की मुक्ति और उसके सांस्कृतिक उत्थान के संघर्ष से विमुख करने के प्रयत्न हुए हैं, तब-तब निशाना प्रेमचंद को बनाया गया है। जबकि प्रेमचंद की महानता का स्रोत यह है कि अपने उन सैद्धान्तिक रुझानों और वैचारिक पूर्वाग्रहों से जो उन्हें अपने युगीन समाज से विरासत में मिले थे, वे निरंतर जूझते रहे। फलस्वरूप उनकी संवेदना भारतीय समाज के मूल अंतर्विरोधों को सामने लाने में सफल हुई। प्रेमचंद भारत के किसान को सुखी देखना चाहते थे। भारत का वह किसान वस्तुस्थिति से निराश और हताश आज आत्महत्या करने को विवश है। प्रेमचंद स्त्री की मुक्ति चाहते थे। स्त्री-समाज आज भी असुरक्षित अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। वे बलात्कारियों की हवस का शिकार हो रही हैं, मुक्ति की बात तो कोसों दूर, महानगरों, नगरों, कस्बों, गांवों और दूरदराज के अंचलों में घरों की सीलन भरी कोठरियों में गीली लकड़ी की तरह सुलग और घुट रही हैं। पुरुष वर्चस्व का शिकंजा उनकी गर्दनों पर पहले जैसा ही कसा हुआ है।

दलित समाज आजादी के इतने वर्षों के बाद आज भी दमन और उत्पीडन का शिकार है, सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहा है। आज सांप्रदायिक धर्मोन्माद इतने चरम रूप में है कि पूजा-उपासना के ध्वंस की बात अलग, सांप्रदायिक जुनून के चलते निरंतर हत्याएं हो रही हैं। गोरक्षा के नाम पर होने वाली हत्याओं को भी इसी प्रसंग में देखा जाना चाहिए। आज तो पहले का पूंजीवाद सांस्थानिक पूंजीवाद में रूपांतरित होकर, कमजोर, पिछड़े हुए और विकासशील देशों को अपने कर्ज के लपेटे में लेकर, उन्हें अपने बाजार के रूप में बदलता हुआ, आश्वस्त और निश्चिंत, उनका आर्थिक दोहन कर रहा है। यह हमारा समय है, यहां पाने और न पाने के बीच द्वंद्व सबसे अधिक मुखर है। लोग या तो बाजार की चकाचैंध को अचकचाए खड़े निहार रहे हैं या फिर भौतिक संसाधनों से भरे अपने घर में कैद होकर निरंतर अकेले और असहाय होते जा रहे हैं। हम भारतीय अपनी सामाजिकता के लिए जितने अधिक जाने जाते हैं, उस पर इतना घनघोर किस्म का संकट इसके पूर्व कभी नहीं आया। लेखक का दायित्व सबसे गुरुत्तर हो जाता है। जब एक लेखक को इन भौतिक संसाधनों के मकडज़ाल से बचकर गलियों और सडक़ों की धूल छाननी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

कभी तने की शाख थे, हम बेहद मजबूत।
झुकी डाल पर झूलने लगे समय के 'ऊत'।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# 'श्रावण.....श्रवण.....शिव'

अलग बात



**डॉ. रीना रवि मालपानी**
लेखिका

सरलता के सुगंध की वर्षा करने वाले शिव का प्रिय माह समापन की ओर अग्रसर है। भूत-भावन भोलेनाथ को राम नाम अत्यंत प्रिय है। वे माता पार्वती को भी राम नाम की कथा श्रवण के लिए प्रेरित करते है और माँ भी आतुर होकर जगतपति श्री राम की कथा श्रद्धा पूर्वक श्रवण करती है। राम कथा की अमृत वर्षा में महेश और भवानी सदैव सराबोर होते है। भगवान होने के पश्चात् भी वे राम भक्ति में ही आनंद की अनुभूति करते है। शिव सदैव सरलता और त्याग से सुशोभित होते है और माँ भगवती जगदम्बा शिव के इसी स्वरुप का सदैव वरण करना चाहती है।

श्रावण माह तो प्रभु की भक्ति के श्रवण का भी माह है, फिर भले ही वह राम कथा हो या शिवमहापुराण। रूद्र अवतार हनुमान भी तो राम कथा प्रेमी है। इसलिए जब भगवान राम ने अपनी लीला समाप्त की और हनुमान से चलने का आग्रह किया तो उन्होंने चलने से मना कर दिया, क्योंकि भगवान की कथा रूपी अमृत वर्षा तो केवल धरती पर ही होती है और वे सदैव इसी राम कथा के रसास्वादन में लीन रहते है। श्रावण माह हमें श्रवण अर्थात सुनने की ओर भी प्रेरित करता है। भगवान की कथा सुनने के पश्चात् हमें भक्ति करने में आनंद का अनुभव होता है और यह कथा श्रवण हमारी भक्ति को और भी दृढ़ता प्रदान करती है। कथाएँ हमें भगवान के स्वरुप को समझने में सहायक होती है और जीवन के संशय को समाप्त करती है। जीवन में श्रवण का महत्त्व सर्वाधिक है। राजा परीक्षित को कथा के द्वारा ही उद्धार प्राप्त हुआ था। हरि और हर की कथा श्रवण तो जीवन की उन्नति और उद्धार का मार्ग प्रशस्त करती है। जलधारा से प्रसन्न होने वाले शिव जल के अभाव में भी मात्र शिव मानस पूजा से प्रसन्न हो जाते है, अर्थात हम मन से भी विभिन्न शिव प्रिय द्रव्यावली अर्पित कर शिव कृपा प्राप्त कर सकते है। भगवत कथा श्रवण से हमारी मन की आँखें खुलती है। हम ह्रदय से कहाँ है यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी अपने ह्रदय में भगवान के स्वरुप को विराजमान कर सकते है। कथा हमें हमारे ह्रदय में ईश्वर के प्रति प्रेम और अनुराग को पल्लवित और पुष्पित करती है। शिव अजन्मे है, इसलिए उनकी लिङ्ग रूपों में सर्वत्र पूजा होती है। यह उनका निराकार स्वरुप है। लिङ्ग पूजा का विधान आकाश, पाताल एवं पृथ्वी लोक सभी जगह है। स्वयं श्री हरि नारायण, माता लक्ष्मी, ब्रह्मदेव, देवता-दानव, यक्ष, गन्धर्व इत्यादि अपने-अपने मनोरथ के अनुरूप विभिन्न प्रकार के शिवलिंग का पूजन एवं अर्चन करते है। शिव अपना साकार स्वरुप भक्त को दर्शन देते वक्त प्रत्यक्ष करते है। सत्यम शिवम् सुंदरम रूप ही शिव का सर्वश्रेष्ठ स्वरुप है। शिव के जीवन और शिव की वेशभूषा में भी गहराई निहित है। शिव की ध्यान मुद्रा अंतर्मुखी होने को प्राथमिकता देती है, अर्थात हमें सर्वप्रथम अपने भीतर की उथल-पुथल को शांत करना है। भीतर की एकाग्रता हमें बाहर के परिवेश से प्रभावित नहीं होने देगी और तभी हम शिव के आनंद स्वरुप को प्राप्त कर सकते है।

शिव की वेशभूषा में सर्पो से श्रृंगार है। शिव के कुंडल भी विष के है। दुनिया हमें जहर रूपी विष प्रदान करेगी परन्तु हमें कथा के श्रवण से उस विष के प्रभाव को नष्ट कर देना है और जीवन में कुछ अच्छा ग्रहण एवं आत्मसात करना है। शिव के कंठ में विष और ह्रदय में राम है। इसलिए उन्होंने विष को कंठ में ही रोक दिया और नीलकंठ भगवान शिव ने अपने ह्रदय को अपने आराध्य श्री राम के लिए निर्मल एवं पवित्र रखा, इसीलिए सारी विषमताओं के बावजूद भी वे सदैव ध्यान में एकाग्र रहते है। शिव ने जटाधारी स्वरुप धारण किया है, वे अन्य देवताओं की तरह स्वर्ण एवं हीरे जड़ित मुकुट एवं आभूषण धारण नहीं करते है, क्योंकि यह सब माया का स्वरुप है और शिव योगी है। शिव ने अपनी जटाओं को बाँधकर यह सन्देश दिया है कि हमें जीवन के जंजालो एवं झंझटों को बांधना होगा। उनकों कभी सबके सामने प्रदर्शित न करें। उनको समेटने की कोशिश करें, क्योंकि यह जीवन का एक हिस्सा है। शिव के शीश से गंगा प्रवाहित होती है, इसका अर्थ है हमें भक्ति को जीवन में सर्वोच्च स्थान प्रदान करना चाहिए क्योंकि गंगा भक्ति का स्वरुप है। शिव के मस्तक पर चन्द्रमा सुशोभित है और यह चन्द्रमा शीतलता प्रदान करता है इसका तात्पर्य है हमें भी मस्तक पर शीतलता को धारण करना होगा अर्थात शांत चित्त रहना होगा तभी हम अपने जीवन को एक निश्चित ध्येय प्रदान कर सकते है। शिव परिवार की सबसे अनूठी विशेषता यह भी है की शिव परिवार का सदस्य पूजित है। माँ पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नंदी, रिद्धि सिद्धि, शुभ, लाभ यह सभी पूजित है। शिव परिवार में सांसारिक सुविधाओं की कमी है फिर भी आनंद और स्नेह की अविरल धारा कैलाश में प्रवाहित होती रहती है। यह शिव साक्षात् कल्याण का स्वरुप है, तो क्यों न श्रावण के अंतिम दिनों में शिव और शिव के आराध्य श्री राम की कथा श्रवण कर हम इस मनुष्ययोनि के उद्धार का मार्ग प्रशस्त करें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंवं मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भूकंप के बाद रूस का ज्वालामुखी फटी, 450 साल बाद हुआ विस्फोट

**मॉस्को । एजेंसी**

रूस के पूर्वी कामचटका क्षेत्र में एक ज्वालामुखी, क्रशेनिनिकोव, 450 साल में पहली बार फटा है। यह विस्फोट इस क्षेत्र में आए अब तक के सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक के बाद हुआ है। स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के ग्लोबल वोल्केनिज्म प्रोग्राम के अनुसार, 1550 में अपने अंतिम विस्फोट के बाद से यह ज्वालामुखी शांत था। अब इसमें से राख का एक विशाल गुबार निकला है, जिसकी ऊंचाई लगभग 6,000 मीटर (19,700 फीट) तक पहुंच गई है। रूसी सरकारी मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में यह गुबार साफ देखा जा सकता है।

रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बताया कि यह राख का गुबार ज्वालामुखी से पूर्व की ओर प्रशांत महासागर की ओर फैल रहा है। इसके रास्ते में कोई भी आबादी वाला इलाका नहीं है और अभी तक किसी भी शहर में राख गिरने की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। मंत्रालय ने इस ज्वालामुखी को 'नारंगी' विमानन खतरा कोड के साथ वर्गीकृत किया है, जिसका मतलब है कि इस क्षेत्र में उडानें बाधित हो सकती हैं। यह विस्फोट यूरोप और एशिया के सबसे ऊंचे सक्रिय ज्वालामुखी, क्लुचेव्स्कॉय, के बुधवार को हुए विस्फोट के तुरंत बाद हुआ है। ग्लोबल वोल्केनिज्म प्रोग्राम के मुताबिक, क्लुचेव्स्कॉय में अक्सर विस्फोट होते रहते हैं, और साल 2000 के बाद से कम से कम 18 बार ऐसा हो चुका है।



## रूस में भूकंप
### 6.8 तीव्रता के आफ्टरशॉक से दहला कामचटका

**व्लादिवोस्तोक (आईएएनएस)** । प्रशांत महासागर में रविवार को रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर 6.8 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। आपातकालीन स्थिति मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। यह भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजकर 37 मिनट पर आया। यह क्षेत्रीय राजधानी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 277 किलोमीटर दूर, 26 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कामचटका सुनामी वॉर्निंग और मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, भूकंप से उत्पन्न सुनामी लहरों की ऊंचाई 19 सेंटीमीटर से अधिक होने की उम्मीद नहीं है। लहरों की सीमित ऊंचाई के बावजूद, स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने लोगों से एहतियातन समुद्र तट से दूर रहने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने तटीय जल में स्थित जहाजों को 50 मीटर के आइसोबाथ से आगे समुद्र में जाने और तटरेखा के लंबवत चलने की सलाह दी है।

**भूकंप का केंद्र**
- पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 277 किमी दूर।
- गहराई: 26 किलोमीटर।

**सुनामी पूर्वानुमान**
- सुनामी लहरों की ऊंचाई 19 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होने की संभावना।
- कामचटका सुनामी वॉर्निंग और मॉनिटरिंग सेंटर की जानकारी।

**सावधानी के निर्देश**
- लोगों को समुद्र तट से दूर रहने की सलाह दी गई।
- भले ही लहरें छोटी हों, एहतियात जरूरी बताया गया।

**जहाजों के लिए चेतावनी**
- जहाजों को 50 मीटर आइसोबाथ से आगे समुद्र में जाने की सलाह।
- तटरेखा के लंबवत दिशा में चलने का निर्देश।

# भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनीं

**बिंदी लगाने पर ट्रोल हुईं, ओहियो राज्य की तरफ से केस लड़ेंगी**

**वॉशिंगटन डीसी । एजेंसी**

भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा- 'कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।



**मथुरा ने यूएस सुप्रीम कोर्ट में केस जीता था :** योस्ट ने मथुरा की तारीफ करते हुए बताया कि मथुरा ने पिछले साल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में केस जीता था। ओहियो के दो पूर्व सॉलिसिटर जनरल, बेंजामिन फ्लावर्स और इलियट गैसर ने भी उनके नाम सिफारिश की थी। योस्ट ने कहा कि मथुरा बहुत होशियार हैं और स्पष्ट बोलती हैं। मैंने उनसे कहा था कि मुझे बहस करने वाली वकील चाहिए और वह ऐसा करती हैं।

# कपूरथला के युवक की दुबई में टैंकर पलटने से हुई मौत

**2 बहनों का इकलौता भाई था, 10 महीने पहले गया था विदेश**

**कपूरथला । एजेंसी**



पंजाब के कपूरथला के रहने वाले युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत हो गई। वह नवंबर 2024 में बेहतर भविष्य और रोजगार की तलाश में दुबई गया था। जहां वह टैंकर ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हादसा बीते कल हुआ है। जिसकी जानकारी परिजनों को आज सुबह मिली है। मृतक की पहचान नवजोत सिंह के नाम से हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। दुबई में हादसे के बाद नवजोत को अस्पताल भी लेकर गया था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

# ब्लड शुगर कंट्रोल के लिए अमरूद के पत्ते काफी लाभदायक



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वैसे तो हर फल किसी न किसी बीमारी में लाभदायक और सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। लेकिन तमाम फलों प पेड़ों के पत्ते भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी होते हैं। फल शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं। अमरूद जैसे कुछ पेड़ों की पत्तियों में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। कुछ आयुर्वेदिक चिकित्सकों का कहना है कि शुगर स्तर को नियंत्रित करने के लिए अपने आहार में अमरूद के पत्तों को शामिल करने पर विचार कर सकते हैं। अमरूद के पत्ते ब्लड शुगर कंट्रोल के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं, क्योंकि इनमें ग्लूकोज अवशोषण को रोकने व इंसुलिन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की क्षमता होती है। यदि सीमित मात्रा में सेवन किया जाए तो अमरूद संतुलित आहार का भी हिस्सा बन सकता है। जहां तक अमरूद का सवाल है , अमरूद का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह मधुमेह के मरीजों के लिए एक अच्छा विकल्प बन जाता है। हालांकि ज्यादा पका हुआ अमरूद खाने से ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। जबकि , अमरूद के पत्तों का सेवन करने से पाचन तंत्र से लेकर कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। अमरूद के पत्ते आंतों में ग्लूकोज के अवशोषण को रोकने व इंसुलिन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की अपनी क्षमता के कारण ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

अमरूद के पत्तों को उबले हुए पानी में या उनके रस के साथ सेवन किया जा सकता है। अमरूद के पत्तों में कई तरह के पोषक तत्व व एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। ये पाचन के लिए भी बहुत लाभकारी होते हैं। इनमें फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज, गैस जैसी समस्याओं को दूर करता है।अमरूद के पत्ते में फेनोलिक यौगिक होता है, जो खून में शुगर स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए यह फायदेमंद है। जानवरों व मनुष्यों पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि अमरूद के पत्ते ब्लड शुगर के स्तर को कम कर सकते हैं। अमरूद के पत्ते इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जिससे टाइप 2 मधुमेह का खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा अमरूद के पत्ते एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव व सूजन से बचाने में मदद करते हैं। वैसे तो किसी को इसका विशेष तरह से सेवन करने के लिए किसी वैद्य या आयुर्वेदिक चिकित्सक से अपने स्वास्थ्य , बीमारी आदि के बारे में बता कर राय ले लेनी चाहिए।

# चीन लगातार 12 वर्षों से दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार

**बीजिंग (आईएएनएस)।** 2025 विश्व रोबोट महासभा की प्रेस कॉन्फ्रेंस से मिली खबर के अनुसार, 2024 में, चीन के औद्योगिक रोबोट बाजार की बिक्री मात्रा 3 लाख 2 हजार सेट तक पहुंच गई। इस तरह चीन लगातार 12 वर्षों से दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार बना है। चाइना इलेक्ट्रॉनिक्स सोसाइटी की अध्यक्ष शू श्याओलान ने कहा कि 2015 में पेइचिंग में आयोजित पहली विश्व रोबोट महासभा के बाद से, चीन के रोबोटिक्स उद्योग ने वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताओं की एक श्रृंखला हासिल की है।

# इजरायली बंधक को हमास ने अपनी ही कब्र खोदने को किया मजबूर

**कई दिनों की भूख से शरीर बन चुका कंकाल**

**एजेंसी । गाजा**

हमास के आतंकियों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए एक इजरायली बंधक को कैमरे के सामने उससे उपनी ही कब्र खोदनेके लिए मजबूर कर दिया। इस सनसनीखेज वीडियो को देखने के बाद किसी का भी दिल दहल सकता है। इस वीडियो को इजरायल सरकार के एक पूर्व प्रवक्ता ने अपने एक्स एकाउंट पर शेयर किया है।

**कितना मनोविकृत है हमास :** हमास की इस तथाकथित दरिंदगी का वीडियो शेयर करते हुए इजरायल के पूर्व प्रवक्ता ईलोन लेवी ने लिखा, "हमास कितना मनोविकृत (साइकोपैथिक) है? उसने भूख से तड़प रहे बंधक एव्यातार डेविड को कैमरों के सामने अपनी ही कब्र खुदवाने के लिए मजबूर किया। यदि यह घटना प्रमाणित हो जाती है, तो यह अत्यंत अमानवीय और मानसिक यातना का गंभीर उदाहरण होगा। हमास द्वारा किए गए कृत्य अक्सर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बने रहते हैं, लेकिन अगर यह दावा सत्य है कि उसने एक भूख से तड़पते बंधक एव्यातार डेविड को कैमरे के सामने अपनी ही कब्र खोदने के लिए मजबूर किया तो यह न केवल क्रूरता का चरम है, बल्कि मनोविकृति का भी स्पष्ट प्रमाण है। मनोविकृति एक मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति में संवेदना, पछतावे, या अपराधबोध की पूर्ण कमी होती है और वह दूसरों की पीड़ा से आनंद या शक्ति की भावना प्राप्त करता है।



**शंघाई यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी व ड्रॉइडअप रोबोटिक्स ने किया है निर्माण**

# सिलिकॉन से बनी त्वचा व इंसानों जैसे भाव वाला रोबोट 'जुएबा 01' करेगा पीएचडी

- 4 साल तक शंघाई थिएटर एकेडमी में पीएचडी करेगा क्लास में भी जाएगा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रोबोटिक्स व एआई के मामले में चीन तेजी से आगे बढ़ते हुए अमेरिका के पीछे -पीछे लगा हुआ है। अब तो चीन का एक ह्यूमनॉइड रोबोट कार का दरवाजा खोल कर उसमें बैठने वाले का स्वागत कर रहा है।यही नहीं , इससे भी आगे की सोचें तो चीन के एक एआई रोबोट को 4 साल के पीएचडी प्रोग्राम के लिए चुना गया है। यानी पीएचडी करने के लिए दाखिला लिया है। यह पहली बार हुआ है, जब दुनिया में किसी रोबोट को पीएचडी करवाई जा रही है। इसकी सूचना मिलने पर बहुत से लोग तो भौंचक होकर भविष्य की चिंता करते हुए कुछ डरते हुए कहने लगे हैं , लगता है आने वाले दिनों में रोबोट्स विद्यार्थियों की भी जगह ले लेंगे। फिर क्या होगा? चीन में जिस एआई रोबोट को पीएचडी प्रोग्राम के लिए चुना गया है, उसका नाम 'जुएबा 01' है। जुएबा को वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉक्टरेट करने के लिए चुना गया। यह आगामी चार साल के लिए शंघाई थिएटर एकेडमी में पीएचडी करेगा। रोबोट को तैयार करने में शंघाई यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी व ड्रॉइडअप रोबोटिक्स की भूमिका है। जुएबा चीनी ओपेरा पर शोध करेगा। इस रोबोट को एक वर्चुअल स्टूडेंट आईडी भी मिली है। पीएचडी में जुएबा के मेंटर नामी कलाकार व प्रोफेसर यांग किंगकिंग हैं।

**पीएचडी में 'जुएबा 01' के गाइड नामी कलाकार व प्रोफेसर यांग किंगकिंग हैं**

ज़ुएबा एक ह्यूमनॉइड रोबोट है, यह दिखने में एक आदमी जैसा ही लगता है। इसकी त्वचा सिलिकॉन से बनी है, इसके चेहरे के भाव भी इंसानों जैसे ही हैं। रोबोट की लंबाई करीब 1.75 है, जबकि वजन 30 किलो के आसपास है। यह रोबोट लोगों से बातचीत करने में भी सहज है। इसी साल 14 सितंबर से यह रोबोट कैंपस में दाखिल लेगा। पहले यह कॉलेज में एडमिन को रिपोर्ट करेगा, बाद में बाकी छात्रों के साथ क्लास अटेंड करेगा। यह रोबोट चार साल के लिए चीन का पारंपरिक चीनी ओपेरा के साथ-साथ अन्य विषय भी पढ़ेगा। इसमें स्टेज परफॉर्मेंस, स्क्रिप्ट राइटिंग व सेट डिजाइन जैसे आर्ट्स के विषय भी पढ़ेगा। तकनीकी विषय जैसे- मोशन कंट्रोल व लैंग्वेज जनरेशन भी सीखने वाला है। यह रोबोट बाकी छात्रों के साथ ही ओपेरा भी प्रैक्टिस करेगा।यह ख़बर जानने के बाद लोग तरह -तरह की बात कर रहे हैं , कुछ कहने लगे हैं कि चीन तो अमेरिका की नींद हराम कर दिया है, स्वयंभू विश्व गुरुओं की तो हवा टाइट कर दिया है।

# सीटें बढ़ीं तो बीटेक कंप्यूटर विज्ञान में नाम लिखाने वालों की संख्या में 67% की हुई बढ़ोतरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के आंकड़ों को देखा जाए तो कंप्यूटर विज्ञान व संबंधित क्षेत्रों में बीटेक में इस बार नामांकन 2024-25 शैक्षणिक सत्र में 8 साल के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया, जिसमें देश भर में 12.53 लाख सीटें भर गई - जो 2017-18 की तुलना में 67% की वृद्धि है। रिक्तियां घटकर केवल 16.36% रह गईं। कंप्यूटर विज्ञान व इंजीनियरिंग सबसे अधिक नामांकन (3,90,245) के साथ कार्यक्रमों की सूची में सबसे ऊपर रहे, इसके बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग (2,36,909); सिविल इंजीनियरिंग (1,72,936); इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (1,60,450); और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (1,25,902) का स्थान रहा। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार एआईसीटीई ने कहा, "हालांकि तकनीकी क्षेत्र में नौकरियों में उछाल के कारण कंप्यूटर विज्ञान व संबद्ध कार्यक्रम शीर्ष विकल्प के रूप में उभरे हैं, लेकिन कोर इंजीनियरिंग शाखाएँ महत्वपूर्ण बनी हुई हैं और बड़ी संख्या में छात्रों को आकर्षित कर रही हैं।" बीटेक नामांकन में वृद्धि तब हुई जब स्वीकृत प्रवेश - उपलब्ध सीटों की कुल संख्या - 2024-25 सत्र (अगस्त से मई) में बढ़कर 14.90 लाख हो गई, जो आठ वर्षों में सबसे अधिक है। यह एआईसीटीई द्वारा 2024-25 सत्र से इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटों की संख्या पर लगाई गई सीमा को हटाने का नतीजा था। इस प्रतिबंध का मतलब था कि कोई संस्थान अधिकतम 360 छात्रों को ले सकता था और प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए तभी आवेदन कर सकता था जब उसके पास किसी कार्यक्रम के लिए वैध मान्यता हो। हालांकि 2017-18 से 2021-22 तक स्वीकृत प्रवेश संख्या में लगातार गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण मांग में कमी व सरकार द्वारा निर्धारित सीमाएँ थीं, लेकिन तब से इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। नामांकन संख्या, जो 2018-19 में 7.22 लाख के निचले स्तर पर पहुँच गई थी, में भी 2021-22 के बाद से वृद्धि दर्ज की जाने लगी। नामांकन में वृद्धि के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में, एआईसीटीई ने "पाठ्यक्रम में सुधार और लचीलेपन" के साथ-साथ "कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा में नए युग के कार्यक्रमों" की ओर इशारा किया, जिससे "इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों का आकर्षण काफ़ी बढ़ गया है।" एआईसीटीई के पूर्व सदस्य सचिव राजीव कुमार, जिनका कार्यकाल जून में समाप्त हुआ, उन्होंने नामांकन में वृद्धि का श्रेय संशोधित पाठ्यक्रम को दिया। उन्होंने कहा, "पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है और नई तकनीक को एकीकृत किया गया है... एआई, डेटा विज्ञान, एआर/वीआर को सभी पाठ्यक्रमों में जोड़ा गया है, चाहे वह कोर इंजीनियरिंग हो या अन्य शाखाएँ।" हालांकि, कुमार और एआईसीटीई के पूर्व अध्यक्ष एस एस मंथा, दोनों ने सावधानी बरतने का आग्रह किया। कुमार ने कहा, "हमें भी सतर्क रहना होगा... चूँकि अब ज़्यादा छात्र प्रवेश ले रहे हैं, इसलिए प्लेसमेंट तीन-चार साल बाद की नौकरी की स्थिति पर निर्भर करेगा।" मंथा ने कहाः "हमें यह देखना होगा कि चार साल बाद क्या होगा। संख्या में ज्यादातर कंप्यूटर विज्ञान से जुड़े क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। ऐसी धारणा है कि कंप्यूटर विज्ञान की डिग्री से उचित रोजगार मिलेगा। संस्थानों ने कंप्यूटर विज्ञान में कार्यक्रम शुरू किए हैं। लेकिन हम नहीं जानते कि कंप्यूटर विज्ञान (पाठ्यक्रमों) और एआई का जीवन चक्र क्या है। इसमें भारी बदलाव होते रहते हैं। सीटों की संख्या बढ़ाकर आकांक्षात्मक मूल्यों का ध्यान रखा जाता है, लेकिन रोजगार के अवसर उस स्तर तक नहीं बढ़ सकते।"



**सीटों की कुल संख्या सत्र 2024-25 में बढ़ाकर 14.90 लाख किया गया**

**कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में सबसे ज्यादा 3,90,245 नामांकन**

कुछ राज्यों ने भी सावधानी बरती है और कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग (सीएसई) की सीटों में और वृद्धि को रोकने की कोशिश की है। उदाहरण के लिए, तेलंगाना ने 2024-25 सत्र के लिए सीएसई में प्रवेश बढ़ाने के कुछ संस्थानों के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया। जब संस्थानों ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में इस मामले को चुनौती दी, तो राज्य ने रिक्तियों का हवाला देते हुए कहा कि सीएसई सीटों में वृद्धि की कोई आवश्यकता नहीं है। राज्य ने अदालत को यह भी बताया कि पारंपरिक और उभरते पाठ्यक्रमों में प्रवेश को संतुलित करने के लिए, उसने उन कॉलेजों में अतिरिक्त प्रवेश की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है जिन्हें पहले वृद्धि की अनुमति दी गई थी। राज्य के फैसले को बरकरार रखते हुए, उच्च न्यायालय ने इस साल मई में याचिकाओं को खारिज कर दिया। कर्नाटक इस साल की शुरुआत में इसी तरह के कदम पर विचार कर रहा था, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एम. सी. सुधाकर ने कर्नाटक के कॉलेजों द्वारा कंप्यूटर विज्ञान की सीटों में अंधाधुंध वृद्धि के उदाहरणों का हवाला दिया, कभी-कभी सिविल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की सीटों को सीएसई सीटों में परिवर्तित करके। इस बीच, 2025-26 के लिए स्वीकृत प्रवेश 15.98 लाख है, जो पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में 7% अधिक है। एआईसीटीई के आंकड़ों से पता चलता है कि छह वर्षों में पहली बार, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए एआईसीटीई-अनुमोदित संस्थानों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है, जो 2020-21 से साल-दर-साल घट रही थी। 2025-26 के लिए, ऐसे संस्थानों की संख्या 5,875 है - 2020-21 में यह 6,062 थी और 2024-25 में घटकर 5,845 रह गई। संस्थानों में वृद्धि पर, एआईसीटीई ने "मांग में पुनरुत्थान... विशेष रूप से एआई, मशीन लर्निंग, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अर्धचालक जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में" की ओर इशारा किया।लेकिन वास्तविकता तो आने वाले कुछ सालों में सामने आएगी जब एआई का रोबोट के मार्फत हर क्षेत्र में इस्तेमाल होने लगेगा।




## विभिन्न स्कूलों के 347 उर्दू छात्रों को किया गया सम्मानित

# शिक्षा बेहतर समाज बनाने का एक शक्तिशाली उपकरण है : विस अध्यक्ष

- अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ था आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**शिक्षा से हमें रोजगार व किरदार दोनों मिलते हैं : एमटी राजा**

राजमहल के विधायक एमटी राजा ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि शिक्षा से हमें रोजगार और किरदार दोनों मिलते हैं। उर्दू भाषा और इसके साहित्य इस देश की विरासत है। हमारा दायित्व है कि हम इसे कामयाब भाषा के रूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं।

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो रविवार को बतौर मुख्य अतिथि अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस समारोह में विभिन्न स्कूलों के 347 उर्दू छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट के परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।

उर्दू भाषा एवं साहित्य, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अंजुमन फरोग उर्दू झारखंड और जमीयतुल इराकीन रांची द्वारा यह कार्यक्रम के. गुलशन मैरेज हॉल कर्बला चौक रांची में आयोजित हुआ।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमहल के विधायक एमटी राजा तथा झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, झारखंड अंजुमन के जुनैद अनवर, जमीयतुल इराकीन के महासचिव सैफुल हक, मजलिस उलेमा के महासचिव मुफ्ती जनाब तल्हा नदवी, अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिक मौजूद थे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि शिक्षा जीवन के सभी पहलुओं में सुधार करने और एक बेहतर समाज बनाने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। शिक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास में सहायक है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति बेहतर निर्णय ले सकता है, अपने जीवन को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकता है और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकता है।

कार्यक्रम के दौरान अंजुमन फरोग उर्दू के अध्यक्ष मो इकबाल ने विस अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें उर्दू एकेडमी के गठन, मदरसा बोर्ड के गठन, आलिम फाजिल यूनिवर्सिटी आदि मांगों का उल्लेख किया गया है। विस अध्यक्ष ने आश्वाशन दिया कि मांग पत्र को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

मौके पर जानकारी दी गई कि कार्यक्रम स्वर्गीय खलीलुर रहमान पूर्व सचिव जमीयतुल इराकीन रांची की याद में किया गया था। इस अवसर पर मो इकबाल, दानिश अयाज, प्रो गालिब नश्तर, हाजी अफसर कुरैशी, मो. गयासुद्दीन, मो. इस्लाम, डॉ अय्यूब, प्रो आफताब, रमजान कुरैशी, आफताब आलम और बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

## अंतिम यात्रा



रविवार को लोक सेवा समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की अंतिम यात्रा दर्शन में शामिल राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ और विधायक सरयू राय। साथ में हैं मोहम्मद नौशाद, अध्यक्ष लोक सेवा समिति, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय तथा कांग्रेस नेताओं में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और लाल किशोर नाथ शाहदेव।

## महिला की गाड़ी बहाने से रुकवाकर अपराधी पर्स ले भागे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अरगोड़ा इलाके में एक युवती का पर्स कुछ अपराधियों ने उड़ा लिया। चार से पांच अपराधियों ने युवती की कार से धुंआ निकलने की बात कह उसे बातों में उलझाए रखा इसी बीच एक अपराधी कार में रखा पर्स लेकर गायब हो गया।फार्मा कंपनी में काम करने वाली रूबी ने बताया कि वह अपनी कार से अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू से गुजर रही थी, उसी दौरान एक लड़का उनकी कार के पास आया और बोला कि कार से धुंआ निकल रहा है। लेकिन इस बात पर रूबी ने कोई ध्यान नही दिया।

थोड़ी देर में एक और युवक उनकी कार के पास से गुजरा और उसने भी धुंआ निकलने की बात कही, लेकिन रूबी को उसपर विश्वास नहीं हुआ। लेकिन तभी एक बुजुर्ग ने भी कार से धुंआ निकलने की बात कही, जिसके बाद उन्होंने अपनी कार को रोक दिया।जब वह कार से बाहर निकलीं तो देखा कि उनकी कार पर काला काला कुछ लगा हुआ है।

जिसके बाद उन्हें लगा कि लगता है सब सही बोल रहे हैं। इस दौरान जब रूबी ने अपनी कार का बोनट खोला तो एक युवक ने वहां आकर बोनट खोलने में मदद भी की। जैसे ही बोनट खुला पास में खड़ा युवक फरार हो गया।

# सरकार आज पेश करेगी पहला अनुपूरक बजट

- छह अगस्त को दूसरी पाली में विधायी कार्यों के बाद दो घंटे की विशेष चर्चा की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को राज्य सरकार वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके साथ ही सत्ता पक्ष केंद्र की एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के खिलाफ प्रस्ताव लाकर भाजपा पर तीखा हमला बोलेगा। दूसरी ओर, विपक्ष ने कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, धर्मांतरण और किसान संकट जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक की थी। स्पीकर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विधायकों के प्रश्नों के उत्तर सटीक और समय पर सचिवालय को सौंपे जाएं।

एसआईआर और किसान के मुद्दे पर सत्ता पक्ष रहेगा मुखर महागठबंधन विधायक दल की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 4 अगस्त को सदन में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसे सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। सत्ता पक्ष ने ऐलान किया है कि वह सड़क से सदन तक एसआईआर का पुरजोर विरोध करेगा। इंडिया गठबंधन की ओर से एसआईआर को लेकर कहा गया है कि भाजपा द्वारा गैर-भाजपा शासित राज्यों पर राजनीतिक षड्यंत्र थोपने की कोशिश है। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य घटक दलों ने भी इस प्रक्रिया को गरीबों और कमजोर तबकों के मताधिकार पर हमला करार दिया है। दूसरी ओर राज्य में अतिवृष्टि के उत्पन्न परिस्थितियों, मक्का, रागी जैसी भदई फसलों के नुकसान, सड़क-संपर्क मार्गों के क्षतिग्रस्त होने, व्रजपात के कारण हुई मौत आदि पर छह अगस्त को दूसरी पाली में विधायी कार्यों के बाद दो घंटे की विशेष चर्चा की जाएगी। सरकार किसानों को राहत देने की योजना पर विचार कर रही है। विपक्ष करेगा धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और आरक्षण मुद्दे पर घेराबंदी भाजपा विधायक दल की बैठक में यह तय किया गया है कि सदन में हेमंत सरकार के धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और आरक्षण मुद्दे पर घेराबंदी की जाएगी। झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक -2025, अटल क्लीनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस क्लीनिक किए जाने, विधि व्यवस्था आदि को लेकर भाजपा हमलावर रहेगी। स्कूली शिक्षा का सुदिव्य और निबंधन विभाग के सवालों का जवाब देंगे बिरुआ शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने के कारण उनके विभागों से संबंधित जवाब मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री दीपक बिरुआ सदन में देंगे। सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक मंत्री दीपक बिरुआ निबंधन, विधि, सूचना एवं जनसंपर्क, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के प्रश्नों का उत्तर देंगे। वहीं, मंत्री सुदिव्य कुमार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से जुड़े सवालों की जिम्मेदारी दी गई।

## अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जेपीएससी, जेएसएससी, महिला आयोग, सूचना आयोग जैसे अन्य आयोग, बोर्ड में एसी समाज का प्रतिनिधित्व देने, अनुसूचित जाति आयोग का गठन करने, अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद का गठन करने, रांची में एससी छात्रों के लिए 500 बेड का छात्रावास निर्माण करने, एकलव्य विद्यालय की तरह एससी आवासीय विद्यालय का निर्माण करवाने, एससी भूमिहीनों को सरल तरीके से जाति-आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य मांग की।

## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर विस अध्यक्ष सहित कई ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



रबींद्र नाथ महतो | संजय सेठ | डॉ लंबोदर महतो | राजेंद्र प्रसाद

**रांची।** दैनिक समाचारपत्र आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह का रविवार को निधन हो गया। उनके के निधन पर कई राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन के समाचार से दुखी हूं। वे झारखंड में पत्रकारिता जगत के स्तंभ थे, पत्रकारिता में हुए बदलाव को सहज स्वीकार करते हुए सदैव आगे बढ़ते रहे। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे एवं उसके परिजनों को इस विकट घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करे।

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने हरिनारायण सिंह को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, कई अखबारों के माध्यम से पत्रकारिता को नई गति देने वाले, अपनी कलम के माध्यम से झारखंड आंदोलन को नई पहचान देने वाले आजाद सिपाही के संपादक हरिनारायण सिंह के निधन से हृदय बहुत व्यथित है। यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। उनका निधन पत्रकारिता जगत ही नहीं, संपूर्ण झारखंड के समाज की भी वह क्षति है, जिसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती। उनके निधन से समाज में आई शून्यता को कभी भरा नहीं जा सकता है।ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।उनके परिजनों और पत्रकारों को दुःख की घड़ी में प्रभु श्रीराम हिम्मत दें। मैं अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं।

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त बिहार के समय से ही पत्रकारिता से जुड़कर अपनी पहचान बनाई। झारखंड राज्य के निर्माण और इसके विकास में अपनी सकारात्मक लेखन कार्य भी जारी रखा। उनका असमय चला जाना पत्रकारिता जगत के साथ-साथ राज्य की भी अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करे।

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने हरिनारायण सिंह के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें। प्रसाद ने कहा कि हरिनारायण सिंह ने हिंदी पत्रकारिता को झारखंड में एक नई धार दी।

## युवा कांग्रेस चुनाव का मतदान और सदस्यता अभियान सात से

**रांची।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने झारखंड में होने वाले युवा कांग्रेस चुनावों की प्रक्रिया, तिथियों और आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी है। झारखंड में सदस्यता और मतदान की प्रक्रिया एक साथ आयोजित की जाएगी। सात अगस्त से यह प्रक्रिया शुरू होगी और आठ सितंबर शाम पांच बजे तक चलेगी। इस दौरान 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवक-युवतियां इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। चुनाव प्राधिकरण ने यह भी बताया कि सदस्यता और मतदान प्रक्रिया युवा कांग्रेस के एप के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन संचालित होगी। सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसकी भुगतान की अंतिम तिथि 10 सितंबर को शाम पांच बजे तक है। मतदान के समय पहचान के लिए वोटर आईडी कार्ड, ई-मतदान पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड में से कोई भी एक वैध दस्तावेज पेश करना आवश्यक होगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि चुनावों के बाद सभी प्रक्रियाओं की जांच के बाद ही चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। अगर कोई उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता या गड़बड़ी करता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा सदन में उठाएगी दिव्यांगों का मुद्दा : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा दिव्यांग जन के साथ खड़ी है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के दिव्यांगजन अपनी बहु सूत्री मांगों को लेकर बीते 365 दिनों से राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य की भ्रष्ट और संवेदनहीन सरकार अब तक उनकी पीड़ा को नज़रअंदाज करती आ रही है। कहा कि आज राजभवन स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर दिव्यांगजनों की समस्याओं से अवगत हुआ और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को भाजपा सदन के भीतर पूरी मजबूती के साथ उठाएगी।

## हरि नारायण सिंह के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व हरि जी झारखंड की पत्रकारिता के आधार स्तंभ थे। उनका असमय चला जाना केवल पत्रकारिता केलिए ही नहीं बल्कि राज्य केलिए अपूरणीय क्षति है। श्री मरांडी ने कहा कि स्व सिंह संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से झारखंड की सेवा की। शोक व्यक्त करने वाले प्रदेश के नेताओं में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास,अर्जुन मुंडा,चंपई सोरेन,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बाल मुकुंद सहाय,विकास प्रीतम,गंगोत्री कुजूर ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह,प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र,सरोज सिंह,अमर प्रीत सिंह काले गीता कोड़ा,विजय चौरसिया आदि शामिल हैं।

## बिजली मीटर से धधकी आग में दो दुकानें राख, बुझाने में लगे चार घंटे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सहजानंद चौक के पास एक इमारत में रविवार सुबह 4 बजे भीषण आग लगने से दो दुकानें खाक हो गईं। ऊपरी माले पर बने मकान को भी क्षति पहुंची है। गनीमत रही कि ऊपरी मंजिल में सो रहे लोगों ने पास की इमारत की छत पर भागकर जान बचाई। हादसे में लाखों का सामान जलने की खबर है। ग्राउंड फ्लोर में लगे मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन अग्रवाल के भवन के ग्राउंड फ्लोर में आग की लपटें उठती देख हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि ग्राउंड फ्लोर की दोनों दुकानें धू-धूकर जलने लगीं।

कुछ ही देर में आग ने ऊपरी मंजिल को भी चपेट में ले लिया। वहां एकत्र हुए लोगों का शोर सुनकर अर्जुन और उनके परिवार के सदस्यों ने दूसरे घर में कूदकर जान बचाई। अग्निकांड का पता चलते ही अरगोड़ा थाने की पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे। चार दमकल विभाग गाड़ियों की मदद से आग को बुझाने में करीब चार घंटे लग गए। हालांकि तब तक दोनों दुकानें पूरी तरह से राख हो चुकी थीं। पुलिस के अनुसार घटना में लाखों के नुकसान की आशंका है। लपटें देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले बताया जा रहा है कि अर्जुन के मकान के ग्राउंड फ्लोर में स्टेशनरी की दो दुकानें हैं। ग्राउंड फ्लोर में लगे मीटर में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से रविवार तड़के आग भभक उठी। आग ने इतने तेजी से इमारत को चपेट में लिया कि किसी को कुछ समझ नहीं आया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी घर से बाहर निकल आए। सभी अपने स्तर से आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में सफलता पाई। पास की इमारत को पहुंचा है नुकसान लोगों ने बताया कि आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि इमारत के आसपास जाना भी मुश्किल हो गया था।

### भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

# रांची में अग्निवीर भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने का एक सुनहरा मौका मिलने वाला है। अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 22 अगस्त 2025 से 04 सितंबर 2025 तक रांची के खेलगांव स्टेडियम में होगा। इसका आयोजन सेना भर्ती कार्यालय, रांची कर रहा है। यह भर्ती रैली झारखंड के उन मूल निवासी युवाओं के लिए खुली है, जो न्यूनतम 8वीं पास हैं और सेना में सेवा करने का जुनून रखते हैं।

भर्ती रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) पास करना अनिवार्य था। जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन पास कर लिया है, उनके एडमिट कार्ड उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेज दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से अपने पंजीकृत खाते के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है, तो वे तत्काल सेना भर्ती कार्यालय, रांची में संपर्क कर सकते हैं। कार्यालय का पता है- सेना भर्ती कार्यालय, मेन रोड (ओवर ब्रिज), रांची, झारखंड। अभ्यर्थी अपनी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय में सुबह 9:00 बजे से दिन में 2:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती के निदेशक, कर्नल विकास भोला ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी।

- 04 सितंबर 2025 तक चलेगी भर्ती रैली
- रांची के खेलगांव स्टेडियम में होगा आयोजन



## रैली में प्रवेश के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी

- रैली में प्रवेश के लिए ऑनलाइन जनरेटेड रंगीन एडमिट कार्ड अनिवार्य है। बिना एडमिट कार्ड के किसी भी अभ्यर्थी को रैली में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड में उल्लिखित तिथि और समय पर ही रैली स्थल पर पहुंचना होगा।
- सभी अभ्यर्थियों को अपने साथ ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज लाने होंगे।
- रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए एंड्रॉयड फोन लाना अनिवार्य है।

### झारखंड के युवाओं के लिए है अनूठा अवसर : उपायुक्त

रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजंत्री ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे भर्ती प्रक्रिया में पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ भाग लें। उन्होंने कहा, यह झारखंड के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा और देशभक्ति को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर है। सभी अभ्यर्थी दलालों से सावधान रहें और केवल अपनी मेहनत और योग्यता पर भरोसा करें।

**अभ्यर्थी अपनी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय में सुबह 9:00 बजे से दिन में 2:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।**

### रैली स्थल पर सुविधाएं

मेडिकल कवर और एंबुलेंस सुविधा
ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था
विश्राम क्षेत्र और अन्य मूलभूत सुविधाएं
सुबह 4:00 बजे से सभी आवश्यक सुविधाएं सक्रिय रहेंगी।

### भर्ती रैली की खास बातें

**स्थान :** खेलगांव स्टेडियम, रांची, झारखंड।
**तिथि :** 22 अगस्त 2025 से 04 सितंबर 2025 तक।
**पद :** अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (क्लर्क/स्टोरकीपर तकनीकी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) और अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास)।

## राजेंद्र प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की ओबीसी का अलग मंत्रालय बनाने की बात

- मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने केशव महतो कमलेश से की फोन पर बात
- कहा, कांग्रेस को ओबीसी को 36 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग करनी चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से फोन पर बात की। प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से कहा कि कांग्रेस पिछड़ी के लिए 27% आरक्षण की मांग कर रही है, जबकि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी को कम से कम तुरंत 36% आरक्षण देने की अनुशंसा की है।

राजेंद्र प्रसाद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने केशव महतो से कहा कि आयोग ने अपनी अनुशंसा में लिखा है, यदि सरकार चाहे तो तमिलनाडु के तर्ज पर 50% तक आरक्षण दे सकती है। ऐसे में 27% आरक्षण की मांग करना पिछड़ों के साथ धोखा है।

राजेंद्र प्रसाद ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी ओबीसी को आबादी के हिसाब से भागीदारी व आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं और वे स्वीकार करते हैं कि कांग्रेस सरकार में ओबीसी को आबादी के अनुसार आरक्षण नहीं देकर गलती की है। तो फिर आयोग के अनुशंसा को लागू करने की मांग क्यों कांग्रेस नहीं कर रही है। प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से कहा, 27% की मांग को छोड़ 36% आरक्षण की मांग कांग्रेस को करनी चाहिए। झारखंड में कांग्रेस सरकार में शामिल है। मुख्यमंत्री से बात कर ओबीसी का अलग मंत्रालय बनवाने और ओबीसी के विकास के लिए अलग बजट बनाने की पहल करें। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष से कहा कि झारखंड में पिछड़ी जातियों के कुछ सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल के नेता, विधायक भी ओबीसी के लिए 27% आरक्षण की मांग कर पिछड़ों को धोखा देने का काम कर रहे हैं।



# बारिश के चलते मैच रुका जीत से 35 रन दूर इंग्लैंड

भारत को चाहिए चार विकेट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का आखिरी टेस्ट मैच लंदन के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर जारी है. इस मुकाबले का आज (3 अगस्त) चौथा दिन है. इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में बैटिंग कर रही है. इंग्लैंड का स्कोर 339 रन है और उसके 6 विकेट गिरे हैं. जेमी ओवर्टन और जेमी स्मिथ नाबाद बैटर हैं. इंग्लैंड जीत से 35 रन दूर है. भारत को चार विकेट चाहिए. फिलहाल बारिश के चलते खेल रुका हुआ है। मुकाबले में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रनों का टारगेट दिया है. भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 और इंग्लैंड ने अपनी पहली इनिंग्स में 247 रन बनए. इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 23 रन की मामूली बढ़त मिली. फिर भारतीय टीम की दूसरी पारी 396 रन पर सिमटी। यह मुकाबला शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है. भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को तभी बराबर कर पाएगी, जब वो इस मुकाबले में जीत दर्ज करेगी. अगर ओवल टेस्ट ड्रॉ पर छूटा या इंग्लैंड ने जीत हासिल की तो भारतीय रनचेज के दौरान दूसरी पारी में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी रही. जैक क्राउली और बेन डकेट ने मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रनों की पार्टनरशिप की. इस पार्टनरशिप को तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तोड़ा, जिन्होंने तीसरे दिन के खेल में आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया। खेल के चौथे दिन बेन डकेट और ओली पोप ने संभली शुरुआत की और दूसरे विकेट के लिए 32 रन जोड़े. डकेट फिफ्टी जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर केएल राहुल के हाथों लपके गए. डकेट ने 83 गेंद पर 54 रन बनाए, जिसमें 6 चौके शामिल रहे. बकेट के बाद इंग्लैंड ने ओली पोप का विकेट सस्ते में गंवा दिया, जो मोहम्मद सिराज की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए. पोप के आउट होने के समय स्कोर 106/3 था।

यहां से जो रूट और हैरी ब्रूक ने शतकीय पार्टनरशिप करके इंग्लैंड को मुकाबले में लौटाया. ब्रूक ने तूफानी बैटिंग करते हुए 6 चौके और दो छक्के की मदद से महज 39 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. वहीं जो रूट ने भी अपने अंदाज में बैटिंग की और 6 चौके की मदद से 81 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। देखा जाए तो हैरी ब्रूक और जो रूट ने चौथे दिन के खेल के दूसरे सेशन में भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए. दोनों ने आसानी से रन बटोरे. ब्रूक ने 91 गेंदों पर शतक पूरा कर लिया, जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल रहे. ब्रूक 111 रन (98 गेंद, 14 चौके और 2 छक्के) बनाकर आकाश दीप की गेंद पर आउट हुए. ब्रूक और रूट के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद जो रूट और जैकब बेथेल ने इनिंग्स को आगे बढ़ाया. रूट तीसरे सेशनल की शुरुआत में अपना शतक जडा. रूट ने 12 चौकों की मदद से 137 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. रूट के टेस्ट करियर का ये 39वां शतक रहा।

## कैनेडियन ओपन: एलेक्सी पोपिरिन ने होल्गर रूने को शिकस्त दी



**टोरंटो।** गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने नेशनल बैंक ओपन में होल्गर रूने को हराकर पूर्व टॉप-5 खिलाड़ी पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रविवार को टोरंटो में खेले गए इस मुकाबले में पोपिरिन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त रूने को 4-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। पहले सेट में पोपिरिन 11 में से एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं भुना सके, लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने दोनों ब्रेक प्वाइंट्स को भुनाया और तीसरे सेट की शुरुआत में ही पहला ब्रेक हासिल किया। उन्होंने 14 ऐस और 13 फोरहैंड विनर्स की मदद से शानदार अंदाज में मुकाबला अपने नाम किया। पोपिरिन ने कहा, "मैं इस हफ्ते बहुत ज्यादा आत्मविश्वास के साथ नहीं आया था। मानसिक तौर पर खुद को संभालने की जरूरत थी, लेकिन इस हफ्ते मैंने हर तरह के दबाव को खुद से दूर कर दिया।" उन्होंने आगे कहा, "पहला सेट हारने के बाद मैं काफी नाखुश था, क्योंकि मैं एक भी ब्रेक नहीं ले सका। लेकिन जब अगली बार वापसी के लिए कोर्ट पर उतरा, तो मुझे लगा कि अब मैच पर मेरा कंट्रोल है। मैंने खुद से कहा कि अगली बार ब्रेक प्वाइंट मिले, तो आक्रामक रहूंगा। इसके बाद से मुझे खेल में काफी सहजता महसूस हुई।" 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्सी पोपिरिन ने सर्व +1 की ताकत और निरंतरता का बेहतरीन संतुलन दिखाया। दूसरे सेट में उन्होंने बेसलाइन से सिर्फ दो अनफोर्स्ड एरर किए और कनाडा में अपनी जीत की लय को नौ मुकाबलों तक पहुंचा दिया। अब उनका अगला मुकाबला शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पोपिरिन ने तीसरे राउंड में पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 डेनियल मेदवेदेव को बाहर कर दिया था।

## राफेल कैमारा ने किया '2025 फॉर्मूला 3 चैंपियनशिप' पर कब्जा

**बुडापेस्ट।** राफेल कैमारा ने '2025 एफआईए फॉर्मूला 3 ड्राइवर्स चैंपियनशिप' अपने नाम कर ली है। यह इस सीजन उनकी चौथी जीत रही। ट्राइडेंट ड्राइवर ने पोल पोजीशन को जीत में बदला। उन्होंने हर लैप में बढ़त बनाए रखते हुए दबदबा बनाया। कैमारा की इस जीत ने उन्हें केवल एक राउंड शेष रहते 48 अंकों की बढ़त दिला दी, जिससे वह 2025 के चैंपियन बन गए। पूरे सीजन निरंतरता और गति ने उन्हें एक रेस शेष रहते ही खिताब दिला दिया। चैंपियनशिप जीतने के बाद कैमारा ने कहा, "अभी-अभी फीचर रेस पूरी की और चैंपियनशिप भी खत्म हो गई। पूरे सीजन में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि हम शुरुआत से ही बहुत मजबूत रहे हैं।

## झारखंड टीम ने कर्नाटक को 8-0 से रौंदकर क्वार्टर फाइनल में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हॉकी झारखंड टीम ने आज दूसरे मैच में हॉकी कर्नाटक को 8-0 से बड़े गोल अंतर से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व अपने पहले मैच हॉकी पंजाब को 5-2 गोल से पराजित किया था। आज के मैच में झारखंड टीम की ओर अमित कोंगाड़ी 03 गोल, सबियन किरो 02 गोल, अनीश डुंगडुंग, सुबोध टोपनो और गंगा टोपनो ने एक एक गोल किए। झारखंड टीम की ओर तीन गोल करने वाले अमित कोंगाडी को उनके शानदार खेल के लिए आज के मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। झारखंड टीम के क्वार्टर फाइनल पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त अधिकारियों ने बधाई दी है और क्वार्टर फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।



अमित कोंगाडी को उनके शानदार के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया

## अचीवर्स लायंस टीम ने अचीवर्स बुल्स को चार विकेट से हराया





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में आज नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी –2 प्रतियोगिता के दूसरा मैच नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स बुल्स के बीच में हुआ। बुल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बुल्स की टीम ने 20 ओवरों में 10 विकेट खो के 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस की टीम ने लक्ष्य को 18.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 102 रन बना के हासिल कर लिया। । मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दिलीप मुंडा को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम नगड़ी क्रिकेट एकेडमी के कोच श्री सौमित्र पटनायक ने दिया।

## वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को हराया, अंतिम मुकाबला होगा निर्णायक

**एजेंसी। नई दिल्ली** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच को दो विकेट से अपने नाम किया। फ्लोरिडा में खेले गए मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी। टीम ने महज नौ रन पर सईम अयूब का विकेट गंवा दिया था। यहां से टीम ने 53 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए। साहिबजादा फरहान (3), मोहम्मद हारिस (4) और फखर जमान (20) पवेलियन लौट चुके थे। कप्तान सलमान आगा ने हसन नवाज के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन पाकिस्तान चुनौतीपूर्ण स्कोर तक नहीं पुंच सका। सलमान आगा ने 33 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 38 रन बनाए, जबकि हसन नवाज ने 23 गेंदों में 40 रन की पारी खेली, जिसमें चार छक्के और एक चौका शामिल रहा। विपक्षी टीम की ओर से जेसन होल्डर ने सर्वाधिक चार शिकार किए, जबकि गुडाकेश मोती ने दो विकेट हासिल किए। अकील हुसैन, शमर जोसेफ और रोस्टन चेज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने अंतिम गेंद पर चौके के साथ मैच अपने नाम किया। वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने 20 गेंदों में 28 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान शाई होप ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक छक्के और एक चौके के साथ नाबाद 16 रन बनाए। मोहम्मद नवाज ने सर्वाधिक तीन शिकार किए जबकि सईम अयूब ने दो विकेट चटकाए।

## फिर से छाएगा रोमन रेंस का राज



एजेंसी। नई दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूई का समरस्लैम न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में मेटलाइफ स्टेडियम में हुआ। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने इस बार इसे दो रातों में आयोजित किया। यह रेसलमेनिया की तरह है। समरस्लैम मैच से पहले ब्रेकर और रीड का दबदबा था, लेकिन रेंस ने ब्रेकर को रिंग के बाहर बैरिकेड पर स्पीयर मारा और खेल पलट गया। इसके बाद रेंस और जे ने उसोस का 1डी मूव लगाया। ब्रेकर ने जे को स्पीयर मारने की कोशिश की, लेकिन रेंस बीच में आ गए। फिर जे ने रीड पर उसो स्प्लैश मारकर जीत हासिल की। समरस्लैम में यह रेंस की पहली जीत थी। इससे पहले उन्होंने 6 जनवरी, 2025 को रॉ के नेटफ्लिक्स पर डेब्यू में सोलो सिकोआ को हराया था। उस मुकाबले को ट्राइबल कॉम्बैट कहा गया था। मैच की शुरुआत में उसो ने रिंग के बाहर डाइव लगाई और सभी को गिरा दिया। फिर रीड पर डीडीटी लगाने के बाद रेंस को टैग मिला। रेंस ने भी बाहर जाकर रीड और ब्रेकर पर डाइव लगाई। वे बाल-बाल बचे और उनका सिर जमीन पर लगने से बच गया। रीड ने भी सुसाइड डाइव मारकर उसो और रेंस को गिरा दिया। यह उनकी मैच में तीसरी बड़ी डाइव थी। ब्रेकर ने रेंस को कपड़े की लाइन से मारा और वे अनाउंस टेबल पर जा गिरे। मैच के दौरान कुछ खास पल आए। उसो ने रिंग के बाहर डाइव मारकर सबको चौंका दिया। रेंस ने भी खतरनाक डाइव लगाई, जिसमें वे लगभग घायल हो गए थे। रीड ने तीन बार डाइव मारकर रेंस और उसो को गिराया। ब्रेकर ने रेंस को अनाउंस टेबल पर पटका। रेंस ने ब्रेकर को बैरिकेड पर स्पीयर मारकर दर्शकों को उत्साहित कर दिया।

**टैग टीम मुकाबले में दिखाई गजब की फाइट**



बीसीआइ प्लेटिनम की मासिक बैठक आयोजित, कारोबार वृद्धि पर चर्चा

## व्यापार सहयोग से ही होगी तरक्की : किशोर मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) प्लेटिनम की बैठक रविवार को होटल रामाडा बाय विंधम में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष डॉ सजीत कुमार ने की। उन्होंने करोड़ों का कारोबार देने वाले सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया और कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से कारोबार में निरंतन वृद्धि हो रही है। ऐसे ही लोग एक दूसरे का सहयोग करेंगे ,तो कारोबार एवं व्यापार फलता-फूलता रहेगा।

मेंटर के रूप में उपस्थित किशोर मंत्री ने कहा कि आपके व्यापार एवं कारोबार की चिंता बीसीआइ प्लेटिनम 50 सदस्य भी करते हैं, ताकि आपका कारोबार आगे बढ़े। यहां अपनापन का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि अटल वेंडर मार्केट के तर्ज पर महिलाओं को भी एक मार्केट मिले, तो घरों में उत्पाद बनाने वाली महिला उद्यमियों को नया बाजार मिलेगा। सरकार से आग्रह है कि महिलाओं के लिए भी अलग मार्केट की व्यवस्था करें, ताकि महिलाएं अपने उत्पादों को आसानी से बेच सके। बैठक में सावन माह में बेस्ट ड्रेसअप के लिए अमर बाजोरिया एवं अनुराधा चौधरी को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजेश कुमार ने दिया। इस अवसर पर बीसीआइ के निदेशक धीरज ग्रोवर, शिव कुमार सिंह, संस्था के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, सत्यम सिंह, अंकित बसिया, जुली कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## वॉट्सऐप ने भारत में जून में 98 लाख से ज्यादा अकाउंट किए बैन

एजेंसी। नई दिल्ली

चैटिंग ऐप वॉट्सऐप की लेटेस्ट इंडिया मंथली रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर दुर्व्यवहार और हानिकारक गतिविधियों को रोकने के अपने प्रयासों के तहत कंपनी ने जून के दौरान भारत में 98 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से लगभग 19.79 लाख अकाउंट्स को यूजर्स की कोई भी शिकायत मिलने से पहले ही सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया। अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाने के अलावा, वॉट्सऐप ने भारत में यूजर्स से प्राप्त शिकायतों पर भी कार्रवाई की। इस महीने के दौरान, प्लेटफॉर्म को 23,596 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 1,001 अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों में अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाना या शिकायतों की समीक्षा के बाद पहले से प्रतिबंधित अकाउंट्स को बहाल करना शामिल था।

अधिकतर शिकायतें बैन अपीलों से संबंधित थीं, जिनमें से 16,069 ऐसे मामले सामने आए, जिनमें से 756 अकाउंट्स पर कार्रवाई की गई। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी कैटेगरी में अकाउंट सपोर्ट, प्रोडक्ट सपोर्ट और सुरक्षा संबंधी मुद्दे शामिल थे। वॉट्सऐप ने कहा कि कंपनी का दुरुपयोग का पता लगाने वाला सिस्टम अकाउंट रजिस्ट्रेशन के दौरान, मैसेजिंग के दौरान और नकारात्मक फीडबैक जैसे कि यूजर रिपोर्ट और ब्लॉक के साथ तीन चरणों में काम करता है। कंपनी ने आगे कहा कि 'रोकथाम' उसका मुख्य फोकस है, क्योंकि हानिकारक गतिविधि होने से पहले रोकना, बाद में उसका पता लगाने से ज्यादा प्रभावी है।

प्लेटफॉर्म ने यूजर सेफ्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि कंपनी दुरुपयोग, गलत सूचना और सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन, सेफ्टी टूल और डेडिकेटेड टीम का इस्तेमाल करती है। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने रिपोर्ट में कहा कि कंपनी साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और इलेक्शन इंटीग्रिटी की रक्षा के लिए एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करती है।

पिछले महीने, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप ने दो नए टूल 'स्टेटस एड्स' और 'प्रमोटेड चैनल' पेश किए हैं। डब्ल्यूएबीटाइंफो के अनुसार, स्टेटस एड्स इंस्टाग्राम स्टोरी एड्स की तरह काम करते हैं। अब, बिजनेस अकाउंट पेड कंटेंट पोस्ट कर सकते हैं, जो वॉट्सऐप यूजर्स के स्टेटस अपडेट में दिखाई देंगे। ये एड्स दोस्तों और परिवार के स्टेटस अपडेट के बीच दिखाई देंगे, जिन पर एक स्पॉन्सर्ड लेबल होगा ताकि लोग उन्हें आसानी से विज्ञापन के रूप में पहचान सकें।

## राष्ट्रीय जलमार्ग-57 का पुनरुद्धार असम के लिए ऐतिहासिक क्षण : सर्बानंद सोनोवाल

एजेंसी। नई दिल्ली



असम के नदी-आधारित व्यापार और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स को फिर से शुरू करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय जलमार्ग-57 (कोपिली नदी) पहली बार गोवर्धन पुल से दक्षिण समारा में हाटसिंगिमारी तक कार्गो ट्रायल रन के साथ चालू हो गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह परिचालन एक दशक से भी अधिक समय के बाद असम में अंतर-राज्यीय जलमार्ग माल परिवहन के शुरू होने का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस विकास को असम और पूर्वोत्तर में अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन के लिए एक 'महत्वपूर्ण क्षण' बताया।

सेल्फ-लोडिंग क्षमता से लैस कार्गो वेसल एमवी वीवी गिरि ने कोपिली नदी (एनडब्ल्यू 57) और ब्रह्मपुत्र नदी (एनडब्ल्यू 2) पर 300 किलोमीटर के मार्ग पर स्टार सीमेंट से 300 मीट्रिक टन सीमेंट ढोया। इसकी यात्रा का समय लगभग 12 से 14 घंटे रहा। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि इस विकास के साथ, असम में 1168 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय जलमार्ग चालू हो गए हैं।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा, "यह असम के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## भारत फास्ट पेमेंट में ग्लोबल लीडर, जुलाई में कुल यूपीआई ट्रांजैक्शन 19 अरब के पार

एजेंसी। मुंबई

मोबाइल के जरिए दिन के चौबीसों घंटे और साल के 365 दिन तुरंत मनी ट्रांसफर किए जाने की सुविधा के साथ यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की लोकप्रियता तेजी से बढ़ती जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, लोकप्रिय यूपीआई के माध्यम से लेनदेन की संख्या बीते महीने जुलाई में 19.47 अरब के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो कि सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

इसी तरह, यूपीआई के जरिए लेनदेन का कुल मूल्य 25.08 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जो मई में दर्ज 25.14 लाख करोड़ रुपए के बाद दूसरा उच्चतम स्तर था। लेनदेन के मूल्य में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एनपीसीआई के अनुसार, जुलाई में यूपीआई के जरिए एवरेज डेली ट्रांजैक्शन काउंट 628 मिलियन और एवरेज डेली ट्रांजैक्शन अमाउंट 80,919 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। अकेले जून 2025 में यूपीआई के जरिए 24.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक के भुगतान किए और कुल 18.40 अरब लेनदेन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 अरब लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक वर्ष में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए नोट, 'ग्रॉइंग रिटेल डिजिटल पेमेंट्सः द वैल्यू ऑफ इंटरऑपरेबिलिटी' के अनुसार, भारत फास्ट पेमेंट में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार यूपीआई है।

## केंद्र ने 35 आवश्यक दवाओं की कीमतों में की कटौती

**नई दिल्ली।** मरीजों के लिए दवाओं को अधिक किफायती बनाने की दिशा में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने प्रमुख दवा कंपनियों द्वारा बेची जाने वाली 35 आवश्यक दवाओं की खुदरा कीमतों में कटौती की है। अब कम कीमत वाले इन फॉर्मूले में हृदय-संबंधी, एंटीबायोटिक, मधुमेह-रोधी और मानसिक रोगों से संबंधित दवाओं सहित कई प्रकार की दवाएं शामिल हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एनपीपीए द्वारा मूल्य विनियमन के आधार पर इस आदेश को अधिसूचित किया है। सभी दवाओं पर लागू होने वाली कीमतों में कटौती से उपभोक्ताओं, विशेष रूप से पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के अंतर्गत आने वाले प्रमुख फॉर्मूले में एसिक्लोफेनाक, पैरासिटामोल और ट्रिप्सिन काइमोट्रिप्सिन, एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलनेट के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन, एटोरवास्टेटिन कॉम्बिनेशन और एम्पैग्लिफ्लोजिन, सिटाग्लिप्टिन और मेटफॉर्मिन जैसे नए ओरल एंटीडायबिटिक कॉम्बिनेशन शामिल हैं। अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा विपणन की जाने वाली एक एसीक्लोफेनाक-पैरासिटामोल-ट्रिप्सिन काइमोट्रिप्सिन टैबलेट की कीमत अब 13 रुपए तय की गई है, जबकि कैडिला फार्मास्युटिकल्स द्वारा विपणन की जाने वाली इसी दवा की कीमत अब 15.01 रुपए है। इसी प्रकार, हृदय संबंधी बीमारियों के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली एटोरवास्टेटिन 40 मिलीग्राम और क्लोपिडोग्रेल 75 मिलीग्राम युक्त एक टैबलेट की कीमत 25.61 रुपए तय कर दी गई है।